www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 14 अप्रैल , 2024

वर्ष – 17 | अंक –8 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

साहित्य

फ़िल्म 'चक्र' (1981) : रबिन्द्र धर्मराज पृष्ठ 06

राजद के तीन नेताओं की नाराजगी सियासी चर्चा का केंद्र पृष्ठ 10

लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत नहीं... पृष्ठ 02

■ दिल्ली में सब्सिडी जारी रहेगी, किसी योजना पर नहीं...
■ अब महाठग सुकेश के लेटर बम से फूटेगा केजरीवाल ... 03

■ ईरान 'आज नहीं तो कल' इजराइल पर करेगा हमला : बाइडेन
■ खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ में दो सैनिक व एक आतंकवादी ढेर 07



नवरात्रि के छठवें दिन आज होगी माता कात्यायनी की आराधना

## सार संक्षेप

### कांग्रेस ने 16 उम्मीदवारों की नई सूची जारी की



**दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा उम्मीदवारों की नई सूची जारी की है। कांग्रेस की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक, मंडी में भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ विक्रमादित्य सिंह को तो चंडीगढ़ से मनीष तिवारी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा, गुजरात की मेहसाणा से रामजी ठाकोर, अहमदाबाद पूर्व से हिम्मतसिंह पटेल, राजकोट से परेशभाई धननानी, नावासारी से नैशध देसाई को टिकट मिला है। अगर ओडिशा की बात करें तो कांग्रेस ने क्योंझर से मोहन हेम्ब्रम, बालासोर से श्रीकांत कुमार जेना, भद्रक से अनंत प्रसाद सेठी, जाजपुर से अंचल दास, ढेंकनाल से सुष्मिता बेहरा, केंद्रपाड़ा से सिद्धार्थ स्वरूप दास, जगतसिंहपुर से रविंद्र कुमार सेथी, पुरी से सुचारिता मोहंती और भुवनेश्वर से यासिर नवाज को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### कश्मीर में दो विदेशी पर्यटकों की मौत



**जम्मू।** कश्मीर घूमने आए एक अमेरीकी व एक गुजराती पर्यटक की क्रमशः सोनामर्ग और पहलगाम में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग में शनिवार को अमेरिका के एक पर्यटक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि एक विदेशी पर्यटक लाना मैरी पत्नी ज्योफ चार्ल्स निवासी संयुक्त राज्य अमेरिका को होटल विलेज वॉक सोनमर्ग में अचानक बीमार हो गई।

### मणिपुर में फिर हिंसा, दो की मौत



**इम्फाल।** मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। शनिवार को एक बार फिर हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई। पूर्वी इंफाल और कांगपोकपी जिले के बीच सटे मोइरंगपुरेल इलाके में हथियारबंद दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। बताया गया है कि जिन लोगों की मौत हुई है वे दोनों कुकी समुदाय से हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है, लेकिन बीते दो दिन से मणिपुर में अलग-अलग इलाकों में गोलीबारी की घटना हुई। घटना सामने आने के बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं। जवानों की टुकड़ियां इलाकों में सर्चिंग भी कर रही हैं। लोस चुनाव के चलते मणिपुर में एक्ट्रा सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

### मोदी के खिलाफ गलत पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भदोही में सूर्यावा इलाके के रहने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक ने प्रधानमंत्री मोदी और हिंदू देवता हनुमान के खिलाफ अभद्र पोस्ट शेयर किया था।

न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी भूमिका पर बोले सीजेआई

# जिनके पास संसाधन वे कर रहे न्याय का दुरुपयोग

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट भारत और सिंगापुर की शीर्ष अदालतों के बीच प्रौद्योगिकी और संवाद को लेकर दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस दौरान न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की परिवर्तनकारी भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि एआई के दौर में अप्रत्यक्ष भेदभाव दो महत्वपूर्ण चरणों में सामने आ सकता है। सबसे पहले, प्रशिक्षण चरण के दौरान जहां अधूरे या गलत डाटा पक्षपातपूर्ण परिणाम दे सकते हैं। वहीं दूसरा, डाटा प्रोसेसिंग के दौरान भेदभाव हो सकता है। चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मेरे साथी जो आज सुबह हमारे साथ हैं, वो आपको हमारे जीवन के हर दिन के बारे में बताएंगे। न्यायाधीशों के रूप में, हम देखते हैं कि संसाधनों की कमी वाले लोगों के खिलाफ कैसे कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग उन लोगों के हितों की सेवा के लिए किया जा सकता है जो साधन संपन्न हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास जो



**कानून के क्षेत्र में बदलाव को अपनाने का समय : डीवाई चंद्रचूड़**

चुनौती है वो यही है। कुछ एल्गोरिदम अपनी ब्लैक-बॉक्स प्रकृति के कारण अधिक खतरे के रूप में जाने जाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानवाधिकारों, लोकतंत्र और कानून के शासन पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन का मसौदा तैयार करने के लिए यूरोप की परिषद की पहल एआई शासन के लिए वैश्विक मानकों को विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### इन विषयों पर हो रही चर्चा

बता दें, दो दिवसीय सम्मेलन में जो चर्चाएं की जा रही हैं उनमें एआई और कानूनी प्रणाली के लिए इसके निहितार्थ, अदालती कार्यवाही को सहयोग की इसकी क्षमता, न्यायिक प्रशिक्षण में इसकी भूमिका, न्याय तक पहुंच में सुधार, इसके इस्तेमाल को लेकर नैतिक विमर्श और एआई के भविष्य से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। यह आयोजन प्रौद्योगिकी और कानून के अंतर्संबंध में भविष्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हुए सार्थक संवाद और सहयोग को बढ़ावा देगा। एक विज्ञप्ति के अनुसार, सम्मेलन का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विधिक प्रणालियों के विकास तथा कानूनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, मुकदमेबाजी से जुड़े समय और लागत को कम करने तथा न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए एआई के संभावित इस्तेमाल के लिए एक साझी प्रतिबद्धता का निर्माण करना है। यह कॉन्फ्रेंस टेक्नोलॉजी से जुड़े विषयों पर चर्चा करने के लिए एक बहुत अच्छा प्लेटफॉर्म साबित होगा। साथ ही इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हम यह भी जान सकेंगे कि न्यायिक प्रक्रियाओं को एआई कैसे बढ़ा सकता है। यह इवेंट दोनों देशों के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, अकेडमिशियंस, लीगल मेंबर्स और टेक्नोलॉजिकल कम्युनिटी के सदस्यों के बीच एक अच्छी बातचीत को बढ़ावा देगा।

### एआई को अपनाने से बड़ सकती है असमानता

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि कानूनी क्षेत्र में, एआई को अपनाने से उन्नत तकनीक तक पहुंच वाले लोगों के पक्ष में असमानता बढ़ सकती है, लेकिन यह मौजूदा ढांचे को बाधित करते हुए नए खिलाड़ियों और सेवाओं के लिए द्वार भी खोलता है। यही कारण है कि पारिस्थितिकी तंत्र परियोजना में, हम तेजी से खुले एपीआई की ओर रुख कर रहे हैं ताकि हम अपने डाटा को स्टार्टअप्स और नए उद्यमों को उजागर कर सकें जो कानूनी प्रणाली में दक्षता प्रदान करने के लिए उस डाटा का उपयोग करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यहां हाइब्रिड मोड को अपनाना देश के न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाता है, जिसके न्याय और कानूनी पेशे तक पहुंच के दूरगामी प्रभाव हैं। कानून के क्षेत्र में, यह एआई के लिए न्याय वितरण में तेजी लाने और सुव्यवस्थित करने की क्षमता का अनुवाद करता है। यथास्थिति बनाए रखने का मकसद हमारे पीछे है। यह हमारे पेशे के भीतर बदलाव को अपनाने और यह पता लगाने का समय है कि हम प्रौद्योगिकी की प्रसंस्करण शक्ति का पूरी तरह से उपयोग कैसे कर सकते हैं।

# केजरीवाल की अर्जी पर कल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



■ जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ के सामने चलेंगी दलीलें
■ शराब नीति केस में गिरफ्तारी-रिमांड पर हाईकोर्ट के फैसले को दी है चुनौती

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल अभी न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले में केजरीवाल की अर्जी पर सोमवार यानी 15 अप्रैल को सुनवाई करेंगे। इससे पहले केजरीवाल ने गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। केजरीवाल की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने यह मामला चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच में उठाया था और कहा था कि मामले में अर्जेंट सुनवाई की जरूरत है। ईडी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी ऐसे दस्तावेजों के आधार पर किया गया है जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

### हाईकोर्ट ने नौ अप्रैल को की थी याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने गत नौ अप्रैल को केजरीवाल की अर्जी खारिज कर दी थी जिसके बाद हाईकोर्ट के फैसले को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में 10 अप्रैल को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच के सामने यह मामला सोमवार को सुनवाई के लिए लिस्ट किया गया है। याचिका दायर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले की अर्जेंट सुनवाई के लिए 10 अप्रैल को ही मामले को चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच के सामने मेंशन किया गया था। तब चीफ जस्टिस ने कहा था कि आप इसके लिए ईमेल करें हम ईमेल को देखेंगे।

राजद का घोषणा पत्र जारी

# देश में एक करोड़ नौकरी का वादा

**पटना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। तेजस्वी यादव ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में पूरे देश में 1 करोड़ नौकरी देने का वादा किया गया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर हमारी सरकार आएगी तो 15 अगस्त से पूरे देश में नौकरी देना शुरू करेंगे। राजद ने घोषणा पत्र में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की भी बात की गई है। 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी वादा है।



■ गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए
■ दो सौ यूनिट फ्री बिजली, पांच सौ रुपए में सिलेंडर की बात

गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए देने की बात भी कही गई है। राजद ने घोषणा पत्र में कहा कि सरकार बनी तो 10 फसलों पर एमएसपी लाएंगे। अग्निवीर योजना को बंद करेंगे, ड्यूटी के दौरान मौत होने पर अर्द्ध सैनिक बलों को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। राजद ने भागलपुर, पूर्णिया, रक्सौल, मुजफ्फरपुर और गोपालगंज में 5 नए एयरपोर्ट बनवाने का भी दावा किया है। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने राजद ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घोषणा पत्र जारी किया। राजद ने इसे परिवर्तन पत्र का नाम दिया है।

### भाजपा ने घोषणा पत्र को बताया झूठ की पोटली

पाटलिपुत्र से भाजा प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने राजद के घोषणा पत्र को झूठ की पोटली बताया। उन्होंने कहा कि 15 साल क्या हुआ सब जानते हैं। मैं भी उस वक्त वहां था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में जो नौकरी दी गई है, वो सीएम ने दी की है। रामकृपाल यादव ने उस वक्त के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का बिना नाम लिए कहा कि वो मेरे पीछे ही रहते थे। एक दिन भी दफ्तर नहीं जाते थे। बीजेपी एक साल में 10 लाख नौकरी देगी। जनता राजद को नकार चुकी है।

# एक झटके में मिटा देंगें गरीबी : राहुल

**जगदलपुर,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को बस्तर की धरती से भाजपा की डबल इंजन की सरकार और पीएम मोदी पर जमकर बरसे। जगदलपुर के लालबहादुर शास्त्री मैदान में आयोजित जनसभा में केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी अरबपतियों को पैसा दे सकते हैं तो कांग्रेस भी गरीबों को पैसा दे सकती है। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी सरकार में गरीब लोगों को परमानेंट नौकरी नहीं मिलती।

अमीर लोगों को सैलरी, पेंशन, मेडिकल, सब कुछ मिलता है। अगर गरीब लोग मनरेगा में काम करते हैं या फिर ठेकेदारी प्रथा में काम करते हैं। कभी भी उन्हें काम से निकाला जा सकता है। चुनाव जीतने के बाद हम महालक्ष्मी योजना लाएंगे, जो भी लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं, सबकी लिस्ट बनेगी। हर परिवार से हम एक महिला को चुनेंगे। केंद्र में हमारी सरकार बनने पर महिलाओं के बैंक अकाउंट में हर महीने 8500 रुपए सरकार डालेगी। इस तरह सालाना सभी महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। मतलब एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी को मिटा देंगे। इससे करोड़ों लोगों को फायदा मिलेगा। सरकारी नौकरियों में



■ चुनावी जनसभा में केंद्र सरकार पर बोला हमला
■ भाजपा सरकार में गरीबों को नहीं मिलती नौकरी

महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण और जो महिलाएं आंगनबाड़ी और आशा में काम करती हैं। उनके वेज को दोगुना करेंगे। आज उनको जितना मिलता है चुनाव के बाद डबल मिलेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि लाखों लोग कोरोना की वजह से घर वापस लौटे। दिल्ली से, पंजाब से, महाराष्ट्र से लोग छत्तीसगढ़ वापस आए। दिल्ली की सरकार ने किसी की मदद नहीं की। वो पूरा का पूरा दिन दो-तीन अरबपतियों को ही दे देते हैं। वो अरबपतियों के लिए काम करते हैं।

### *भाजपा ने आदिवासियों में किया फर्क*

*राहुल ने आदिवासियों को साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने आदिवासी शब्द को बदलने की कोशिश की। हम आदिवासी कहते हैं, बीजेपी के लोग वनवासी कहते हैं। वनवासी और आदिवासी में जमीन आसमान का फर्क है। आदिवासी का मतलब जो इस जमीन का, जल, जंगल का पहले से असली मालिक था। यानी जब हिंदुस्तान में कोई और नहीं था तो आदिवासी रहते थे। आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन पर अधिकार नहीं होना चाहिए। बीजेपी और आरएसएस के लोग अदिवासियों के धर्म, विचारधारा, आपकी भाषण, इतिहास पर आक्रमण करते हैं। आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदुस्तान में जंगल कम होते जा रहे हैं। बीजेपी के लोग अदानी जैसे अरबपतियों को जंगल, जमीन देते जा रहे हैं। एक ऐसा दिन आएगा जब हिंदुस्तान में जंगल नहीं होगा और बीजेपी आरएसएस के लोग कहेंगे कि आप वनवासी हो, अब जंगल और वन नहीं हैं तो आप कहीं के नहीं हो।*

# भारत ने बांग्लादेश को सौंपी 56 एकड़ जमीन



■ बदले में भारत को मिली 14 एकड़ भूमि
■ 50 साल बाद हुई जमीन की अदला-बदली

**ढाका,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत और बांग्लादेश के बीच 50 साल बाद जमीन की अदला-बदली हुई है। बांग्लादेश के लोगों ने इसे ईद का तोहफा बताया है। भारत ने बांग्लादेश को सीमावर्ती ठाकुरगांव के रानीशंकोई उपजिला की 56.86 एकड़ जमीन सौंपी है। इसके जवाब में भारत को भी बांग्लादेश से 14.68 एकड़ जमीन हासिल हुई है। भारत की ओर से बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) और बांग्लादेश की ओर से बीजीबी (बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के बीच फ्लैग मीटिंग में जमीनों की अदला बदली हुई। भारत और बांग्लादेश के बीच 1974 में जमीनों की अदला-बदली का समझौता हुआ था, लेकिन रानीशंकोई को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

बांग्लादेश को भारत से मिली जमीन अभी खास खातियान (सरकारी जमीन) कहलाएगी। इस जमीन में से 48.12 एकड़ खेती योग्य, 6.87 एकड़ चाय बगान व 1.87 नदी पेटा काश्त की है।बीजीबी के कैप्टन ले.कर्नल तंजीर अहमद का कहना है कि दोनों देशों के बीच जमीन की अदला-बदली सौहार्दपूर्ण तरीके से हुई है। इसके लिए हम बीएसएफ का शुक्रिया अदा करते हैं। अब तक हम भारत के हिस्से में अपनी जमीन के बारे में बुजुर्गों से सुना करते थे, अब हम वहां जाकर खेती कर पाएंगे।

### आठ अन्य जिलों में सर्वे से भूमि का बंटवारा होगा

बांग्लादेश के 8 अन्य जिलों में भूमि के बंटवारे के लिए सर्वे प्रस्तावित है। इससे दोनों देशों के बीच भूमि का बंटवारा हो सकेगा। सर्वे में बीएसएफ, बीजीबी के साथ अन्य एजेंसियां भी शामिल होंगी। सर्वे साल के अंत तक पूरा होगा।

# चुनावी चंदे के फेर में फंसी दूसरी बड़ी कंपनी

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। इलेक्टोरल बॉन्ड यानी चुनावी चंदा देने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई कंपनी द्वारा कथित तौर पर रिश्वत देने के एक मामले में की है। पामिरेड्डी, पिची रेड्डी और पीवी कृष्णा रेड्डी के खिलाफ मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्टक्चर लिमिटेड कंपनी पर सीबीआई ने 315 करोड रुपए के



■ सीबीआई ने रिश्वतखोरी में किया मामला दर्ज

प्रोजेक्ट से संबंधित मामले में यह कार्रवाई की है। एजेंसी को मिली शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एनआईएसपी के 8 अधिकारियों और मेकॉन लिमिटेड

### मेघा इंजीनियरिंग ने खरीदे थे 966 करोड़ के बॉन्ड

बता दें कि हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग यह वही कंपनी है, जिसने चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को 966 करोड़ का चंदा दिया था। सीबीआई ने इस मामले में इस्पात मंत्रालय के अधीन एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट के 8 अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

# जल्द ही जमींदोज हो जाएगा देश का पहला उपराष्ट्रपति आवास

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। देश का पहला उपराष्ट्रपति आवास 6 मौलाना आजाद मार्ग जल्द ही जमींदोज हो जाएगा। मौजूदा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब इसे छोड़कर नार्थ ब्लॉक के करीब तैयार किए गए नए उपराष्ट्रपति आवास में चले गए हैं। यह नया आवास 15 एकड़ में फैला हुआ है। सरकार की योजना अब 6 मौलाना आजाद रोड आवास को जमींदोज कर इस पर 10 मंजिला नई इमारत बनाने की है। इसमें केंद्र



सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय खोले जाएंगे। बता दें कि 6 मौलाना रोड का आवास 1930 में तैयार किया गया था। इसका डिजाइन कनॉट प्लेस और तीनमूर्ति भवन को डिजायन करने वाले राबर्ट टोर रसेल ने दिल्ली के चीफ प्लानर व आर्किटेक्ट की देखरेख में किया था।

मौसम *उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज*

# छत्तीसगढ़ समेत 11 राज्यों में बारिश व ओलावृष्टि के आसार

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (देशबन्धु)। देश में गर्मी के मौसम के बीच बारिश, आंधी-तूफान और ओले गिरने का सिलसिला जारी है। शनिवार को मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम, इटारसी समेत कई जगहों पर तेज बारिश के साथ ओले गिरे। राजस्थान के जयपुर, अलवर, सीकर, बीकानेर, जमेर और श्रीगंगानगर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।**

वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। नोएडा में धूलभरी आंधी चली। वहीं छत्तीसगढ़ समेत 11 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में ओले गिर सकते हैं। मध्य प्रदेश के 13 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने बताया कि पूरे देश में मौसम में बदलाव की वजह ईरान, पाकिस्तान होकर उत्तर



■ मप्र, उप्र व राजस्थान में बारिश व ओले गिरे

भारत पहुंचने वाला वेस्टर्न डिस्टर्बेंस है। इस कारण फरवरी, मार्च और अब अप्रैल में भी मौसम लगातार बदल रहा है। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड रिसर्च एजुकेशन के अर्थ एंड एनवायर्नमेंटल साइंस डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार के मुताबिक 1980 से 2023 तक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 43 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में आज से अगले 5 दिनों के बीच अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उप्र व दिल्ली में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

### दिल्ली में तेज गर्मी से मिली राहत

राजधानी दिल्ली में शनिवार शाम को मौसम ने करवट बदली और धूलभरी आंधी चलने लगी। इससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। रीजनल वेदर फोरकास्टिंग सेंटर के कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने के कारण आने वाले दो दिनों में तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

# देश

उवाच "प्रधानमंत्री जी ने जो कहा वह बिल्कुल ही सच कहा है। आज वही लोग सनातन के विरोध में दुष्प्रचार कर रहे हैं और लोगों को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं, जो मुगल मानसिकता के लोग हैं:-गिरिराज सिंह





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.3 | 23.0 |
| मुंबई | 32.5 | 23.5 |
| कोलकाता | 37.7 | 26.0 |
| चेन्नई | 34.6 | 27.0 |

# लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत नहीं मिलेगा : सीएम सिद्धारमैया

■ भाजपा का 'अबकी बार, 400 पार' नारा सिर्फ राजनीतिक रणनीति

**मैसूर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि एनडीए को लोकसभा चुनाव में बहुमत नहीं मिलेगा और बीजेपी का 'अबकी बार, 400 पार' नारा सिर्फ राजनीतिक रणनीति है। मैसूर में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा, 'इंडिया ब्लॉक को स्पष्ट बहुमत मिलेगा' मुख्यमंत्री ने कहा, 'मुझे पीएम मोदी के राज्य के दौरे पर आने से कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, राज्य के लोगों को यह बताना चाहिए कि यह काम किसने किया है।' सिद्धारमैया ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि राज्य में बेरोजगारी और सूखे की समस्या को लेकर कोई उचित कदम क्यों नहीं उठाया गया। पीएम मोदी के इस बयान पर कि भले ही बाबासाहेब अंबेडकर खुद भी आ जाएं, संविधान नहीं बदला जा सकता और भाजपा संविधान के साथ है, सीएम ने पूछा कि मौजूदा भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

उन्होंने कहा कि अनंत कुमार हेगड़े को इस बार टिकट नहीं दिया गया, क्योंकि उन्हें लेकर ऐसी खबर सामने आई थी कि वो चुनाव हारने जा रहे हैं। सिद्धारमैया ने कहा, 'भाजपा संविधान के पक्ष में नहीं है। सावरकर और गोलवलकर ने संविधान लागू करने का विरोध किया है।



'मुझे पीएम मोदी के राज्य के दौरे पर आने से कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, राज्य के लोगों को यह बताना चाहिए कि यह काम किसने किया है : सिद्धारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक

**सिद्धारमैया दिग्गज भाजपा नेता श्रीनिवास प्रसाद से मिले, कांग्रेस के लिए मांगा समर्थन**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारामैया ने 7 साल बाद शनिवार को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, अनुभवी भाजपा नेता वी. श्रीनिवास प्रसाद से मैसूर में उनके आवास पर मुलाकात की और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। श्रीनिवास प्रसाद चामराजनगर लोकसभा सीट से मौजूदा भाजपा सांसद हैं। श्रीनिवास प्रसाद के समर्थन से ही भाजपा मैसूरु और चामराजनगर जिलों में प्रभावशाली दलित वोट बैंक में सेंध लगाने में सफल रही। हालांकि, प्रसाद ने 2024 लोकसभा से पहले राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि वह शुरू में लंबे समय तक कांग्रेस के साथ थे और उनसे कांग्रेस के प्रति सहानुभूति रखने को कहा। प्रसाद और मैं लंबे समय से अच्छे दोस्त रहे हैं।' श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने आए थे।

**कैफे विस्फोट : आरोपियों की गिरफ्तारी पर सीएम सिद्धारमैया ने की एनआईए व कर्नाटक पुलिस की सराहना**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और कर्नाटक पुलिस को धन्यवाद दिया। मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा, आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने पर मैं एनआईए और कर्नाटक पुलिस को धन्यवाद देता हूं। उनके कोलकाता से बेंगलुरु आने पर हमें बम विस्फोट के बारे में तथ्य पता चलेंगे।

## चुनाव से पहले आरजेडी को बड़ा झटका, वृषिण पटेल ने प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

**पटना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले लालू-तेजस्वी की पार्टी आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद वृषिण पटेल ने आरजेडी से इस्तीफा दे दिया है। वृषिण पटेल ने आरजेडी के उपाध्यक्ष पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।



■ लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर सभी दलों के भीतर नेताओं की नाराजगी की खबरें सामने आ रही

दरअसल, लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर सभी दलों के भीतर नेताओं की नाराजगी की खबरें सामने आ रही हैं। टिकट नहीं मिलने से नाराज पार्टी के नेता अपने भविष्य को देखते हुए पाला बदल रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग आगामी 19 अप्रैल को होनी है हालांकि इससे पहले ही आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। बिहार में एनडीए की सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री रहे वृषिण पटेल ने लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच शनिवार को आरजेडी के तमाम पदों और पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वृषिण पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बिहार की सियासत में लंबे समय से सक्रिय रहे वृषिण पटेल का चुनाव से पहले इस्तीफा को आरजेडी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को दिए इस्तीफे में वृषिण पटेल ने लिखा कि बहुत दुखी मन से इस्तीफा दे रहा हूं। समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी को जरूरत नहीं है। उन्होंने लिखा कि आरजेडी को अब सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सौहार्द में आस्था नहीं रही। सियासी गलियारे में चर्चा है कि वृषिण पटेल अपने पुराने घर में वापसी कर सकते हैं। जेडीयू छोड़कर वृषिण पटेल आरजेडी में गए थे।

नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीसन का मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर आरोप, कहा

## पीएम मोदी को खुश करने के लिए करते हैं राहुल गांधी पर हमला

**कोच्चि,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीसन ने शनिवार को आरोप लगाया कि केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को खुश करने के लिए मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हैं। कांग्रेस नेता सतीसन ने आरोप लगाया, '26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अंतिम चरण में है। हम विजयन के मुंह से केवल राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ तीखे हमले सुन रहे हैं। पीएम मोदी या बीजेपी पर कोई शब्द नहीं। क्या मुख्यमंत्री केवल पीएम मोदी और भाजपा को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं? उन्होंने यह भी दावा किया कि विजयन के पास सुशासन के बारे में कहने के लिए कुछ नहीं है। केरल उनके भ्रष्ट शासन से जूझ रहा है।

सतीसन ने कहा, 'विजयन ने बहुप्रचारित के-फॉन (केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क) परियोजना के तहत 20 लाख घरों और 30,000 सरकारी दफ्तरों के लिए मुफ्त इंटरनेट का वादा किया था। यह परियोजना 2017 में 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से शुरू की गई। लेकिन अब इसका कुछ पता नहीं। इससे फायदा किसको हुआ, मुख्यमंत्री के उन रिश्तेदारों को जिनको ठेका मिला। इस घोटाले के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच की जरूरत है।' '300 करोड़ रुपए के करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाले की जांच ईडी कर रही है, जिसमें त्रिशूर के शीर्ष सीपीआई-एम नेता शामिल हैं। विजयन और सीपीआई-एम त्रिशूर से बीजेपी उम्मीदवार सुरेश गोपी का समर्थन कर रहे हैं।'



'26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अंतिम चरण में है। हम विजयन के मुंह से केवल राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ तीखे हमले सुन रहे हैं : वी.डी. सतीसन

सतीसन ने कहा, 'मुख्यमंत्री राहुल गांधी और कांग्रेस पर इसलिए हमला कर रहे हैं ताकि पीएम मोदी और भाजपा को लाभ हो। लेकिन विजयन चाहे कुछ भी कर लें, कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा केरल में अपना खाता न खोले।'

### सार संक्षेप

#### बीएसएफ डीजी ने एलओसी का किया दौरा, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**श्रीनगर।** बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) का दौरा किया और सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने कहा, 'यात्रा के दौरान, डीजी ने फ्रंटियर हेडक्वार्टर हुमहामा में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की, एलओसी के पास ऊंचाई वाले ठिकानों का दौरा किया और सेना के साथ निकट सहयोग में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोधी ग्रिड को और मजबूत करने पर जोर दिया।' डीजी बीएसएफ के साथ बीएसएफ (पश्चिमी कमान) चंडीगढ़ के एसडीजी योगेश बहादुर खुरानिया भी थे।

#### कुमार गोवा में नौसेना कर्मियों को करेंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि श्री कुमार रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ओर से पुरस्कार प्रदान करेंगे। बयान के अनुसार पुरस्कारों में नव सेना पदक (वीरता), नव सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। सीएनएस उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल और हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा। समारोह के दौरान विभिन्न इकाइयों को यूनिट प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम एक औपचारिक परेड के साथ शुरू होगा।

#### गोवा में नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न, हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के वास्को में एक बच्ची के यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। लड़की शुक्रवार सुबह दक्षिण गोवा के वास्को शहर में एक निर्माण स्थल पर मृत पाई गई थी। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनीता सावंत ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि इस सिलसिले में 22 और 24 साल की उम्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सावंत ने कहा, 'यह एक जघन्य और गंभीर अपराध है। हमने जांच को बहुत गंभीरता से लिया है। हमने एक निर्माणाधीन स्थल पर रहने वाले पीड़ित परिवार के पड़ोसियों से पूछताछ की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो मूल रूप से बिहार के निवासी हैं।'

## बेंगलुरु कैफे मामले में बंगाल की छवि खराब की जा रही है : ममता बनर्जी

**कोलकाता,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल से बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद राज्य की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जलपाईगुड़ी जिले के डाबग्राम-फुलबाड़ी में एक चुनावी रैली में कहा, 'यह घटना बेंगलुरु में घटी थी। आरोपी कर्नाटक के रहने वाले हैं। आरोपी दो घंटे तक पूर्वी मिदनापुर में भी रहे थे। बंगाल पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और अब कुछ लोग कह रहे हैं कि बंगाल असुरक्षित जगह है। ऐसा कहकर ये लोग राज्य की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ रही है, लेकिन इसके बावजूद भी वो इंडिया ब्लॉक की केंद्र में सरकार बनाने की दिशा में मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मौजूदा वक्त में राष्ट्रीय परिदृश्य अलग है, लेकिन पश्चिम बंगाल में बीजेपी और सीपीआई(एम) दोनों ही हमारे लिए एक समान प्रतिद्वंदी हैं।' मुख्यमंत्री ने एक बार फिर कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में हाल की घटना को तूल देने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'संदेशखाली में एक भी हत्या नहीं हुई। वहां सब कुछ सामान्य है। हमने वह सब कुछ लौटा दिया है, जो छीन लिया गया था।

हमारे अपने लोगों को संदेशखाली में गिरफ्तार कर लिया गया।' हालांकि, बेंगलुरु से भागने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए दोनों लोग पूर्वी मिदनापुर जिले के दीघा जाने से पहले कुछ दिनों तक कोलकाता के अलग-अलग होटलों में छिपते रहे।



यह घटना बेंगलुरु में घटी थी। आरोपी कर्नाटक के रहने वाले हैं। आरोपी दो घंटे तक पूर्वी मिदनापुर में भी रहे थे। बंगाल पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और अब कुछ लोग कह रहे हैं कि बंगाल असुरक्षित जगह है : ममता बनर्जी

## बिहार के एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी लड़ रहे हैं लोकसभा का चुनाव

**पटना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी इस बार का लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। आजादी के बाद बिहार में अबतक 23 मुख्यमंत्री बने। इनमे कृष्ण सिंह, दीप नारायण सिंह,बिनोदानंद झा, कृष्ण बल्लभ सहाय, महामाया प्रसाद सिन्हा,सतीश प्रसाद सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल,भोला पासवान शास्त्री, हरिहर सिंह, दारोगा प्रसाद राय, कर्पूरी ठाकुर, केदार पांडेय,अब्दुल गफूर,जगन्नाथ मिश्रा,रामसुंदर दास, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद, सत्येन्द्र नारायण सिंह, लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी शामिल हैं। इनमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और जीतन राम मांझी को छोड़कर सभी पूर्व मुख्यमंत्री का निधन हो गया है। नीतीश कुमार अभी मुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं। जीतन राम मांझी एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री हैं, जो इस बार का लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी चुनाव नहीं लड़ रही है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सर्वप्रथम वर्ष 1977 में जनता पार्टी की लहर में छपरा लोकसभा सीट से भारतीय लोक दल (बीएलडी) के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद वर्ष 1989, 2004 में वह छपरा से चुनाव जीते। 2008 में परिसीमन के बाद छपरा सीट सारण बन गयी। वर्ष 2009 के चुनाव में श्री यादव ने सारण से जीत हासिल की । श्री यादव ने मधेपुरा संसदीय सीट पर 1998 और वर्ष 2004 का लोकसभा का चुनाव भी जीता है। चारा घोटाले में सजा होने से श्री यादव की लोकसभा की सदस्यता छिन गयी और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राबड़ी देवी ने वर्ष 2014 में सारण संसदीय सीट से चुनाव लड़ा लेकिन जीत हासिल नहीं कर पायी।



### जीतन राम मांझी के समर्थन में सीएम नीतीश की रैली

गया लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राजद पर बड़ा हमला बोला। गया के बाराचट्टी पहुंचे सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी के राज में कोई काम नहीं हुआ। 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद बिहार में विकास के तमाम काम हुए। इस बार बिहार की सभी 40 सीट जीतनी है और देश भर में हम लोग 400 के पार जाएंगे और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। मतदाताओं को आगाह करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आएं। हमने पूरा काम किया है और आगे भी काम करते रहेंगे। जनसभा में मौजूद लोगों को भरोसा देते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि अब वो कहीं नहीं जाने वाले हैं। केंद्र और राज्य की सरकार मिलकर बिहार में विकास का काम कर रही है।



## लोकसभा चुनाव में अजमेर संसदीय क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस में सीधा मुकाबला

**अजमेर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 26 अप्रैल को दूसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत अजमेर संसदीय क्षेत्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सांसद भागीरथ चौधरी और विपक्षी दल कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं। इस बार चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का सहारा है जबकि कांग्रेस प्रत्याशी अजमेर डेयरी में तीस साल से अधिक वर्षों से अध्यक्ष चले आ रहे रामचन्द्र चौधरी को जिले में उनकी मिल्कमैन की छवि का सहारा है। दोनों प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए है और अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार मोदी सरकार की उपलब्धियां और मोदी गारंटी को जनता के बीच रख रहे हैं जबकि कांग्रेस प्रत्याशी लोगों से एक मौका देने का आग्रह कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख दलों ने जाट को अपना उम्मीदवार बनाया हैं और ऐसे में जिस तरफ जाट मतदाता ज्यादा झुकेंगे उसकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है लेकिन मोदी गारंटी के चलते मौजूदा सांसद भागीरथ चौधरी अपनी जीत पक्की मान रहे हैं।




इस चुनाव में अजमेर जिले के 19 लाख 85 हजार 960 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिले की आठ विधानसभा क्षेत्र वाले इस जिले में साढ़े तीन महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में सात पर भाजपा तथा एक पर कांग्रेस का विधायक है। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में 14 उम्मीदवार अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे है।

## झारखंड की सिंहभूम लोकसभा सीट पर महिला बनाम महिला की लड़ाई

**सिंहभूम,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडी गठबंधन के लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद झारखंड के सिंहभूम में भी चुनावी पारा चढ़ने लगा है। पिछले 20 दिनों से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा अकेले चुनाव प्रचार में जुटी हुई थीं। लेकिन, शनिवार से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भी चुनावी मोड में आ गई।

सिंहभूम संसदीय सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। 18 अप्रैल से नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शनिवार को झारखंड सरकार के मंत्री और चाईबासा के विधायक दीपक बिरूवा के सरनाडीह स्थित कार्यालय में जिला कमेटी की बैठक हुई, जिसमें 21 अप्रैल को रांची के हटिया में आहूत 'उलगुलान महारैली' और 23 अप्रैल को महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के नॉमिनेशन और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई।





बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि सिंहभूम में महिला का मुकाबला महिला से होगा। पिछली बार भी चुनाव गठबंधन ने ही जीता था, इस बार भी गठबंधन ही चुनाव जीतेगा। पिछली बार हम सबने मिलकर गीता कोड़ा को जिताया था, लेकिन, इस बार यहां के लोग उन्हें हराने का मन बना चुके हैं। मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि चक्रधरपुर में 10-12 हजार उरांव है, इसके बावजूद जनता ने सुखराम उरांव को दो बार विधायक चुना। मनोहरपुर में भी संथाल समुदाय के लोग ज्यादा नहीं हैं, इसके बावजूद जोबा माझी पांच बार विधायक बनीं।

## केजरीवाल को प्रताड़ित व अपमानित कर रहे मोदी : संजय

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार ने जेल में प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है।

श्री सिंह ने केजरीवाल को जेल में मिले अधिकारों में कटौती करने को लेकर शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि तीन बार प्रचंड बहुमत से निर्वाचित और दिल्ली के दो करोड़ लोगों के मुख्यमंत्री के साथ केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर प्रताड़ना की कार्रवाई की जा रही है। उनका मनोबल तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। जेल में जो न्यूनतम अधिकार और सुविधा मिलती है, उसको भी खुलेआम छीनने का प्रयास किया जा रहा है। जो काम तिहाड़ जेल के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा वह प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में हो रहा है। उन्होंने कहा कि जेल का नियम 602 और 605 यह कहता है कि किसी की भी मुलाकात आमने-सामने कराई जा सकती है और यह अधिकार जेल प्रशासन को होता है। जेल में बंद श्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी और परिवार चिंतित और परेशान हैं। उनके माता-पिता बीमार हैं। ऐसे में श्री अरविंद केजरीवाल का हाल-चाल जानने के लिए जब सुनीता केजरीवाल आवेदन करती हैं तो उनको कहा जाता है कि आप आमने-सामने मुलाकात नहीं कर सकते हैं। आप किसी कमरे में बैठकर मुलाकात नहीं कर सकते हैं।





तीन बार प्रचंड बहुमत से निर्वाचित और दिल्ली के दो करोड़ लोगों के मुख्यमंत्री के साथ केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर प्रताड़ना की कार्रवाई की जा रही :- संजय सिंह

13 अप्रैल को ही सियाचिन में भारत का झंडा भी लहरा दिया गया था

# सियाचिन ग्लेशियर : सेना के 'ऑपरेशन मेघदूत' ने पूरे किए 40 साल

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। सेना के ऑपरेशन मेघदूत को 40 वर्ष पूरे हो गए हैं। 40 वर्ष पहले पाकिस्तान सियाचिन पर कब्जा करना चाहता था। दुश्मन के इरादों को नाकाम करने के लिए 13 अप्रैल 1984 को सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन शुरू किया था। 13 अप्रैल को ही सियाचिन में भारत का झंडा भी लहरा दिया गया था।

मौजूदा समय में यहां राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, चिनूक, अपाचे, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड, मिग-29, मिराज -2000, सी-17, सी-130 जे, आईएल-76 तथा एएन-32 ऑपरेशन मेघदूत के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वायु सेना के मुताबिक दुनिया के इस सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर जीवन रेखा और बाहरी दुनिया के साथ भारतीय सैनिकों को जोड़ने की एकमात्र कड़ी हैं, जो चार दशक पुराने सैन्य अभियान को जारी रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऑपरेशन मेघदूत को 13 अप्रैल 1984 को उस समय शुरू किया गया था, जब भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) उत्तरी लद्दाख क्षेत्र के ऊंचाई वाले स्थानों को सुरक्षित बनाने के लिए सियाचिन ग्लेशियर की ओर बढ़ी थी। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में भारतीय वायुसेना द्वारा अपने विमानों के माध्यम से भारतीय थल सेना के जवानों को एयरलिफ्ट करना और उन्हें हिमनद वाली चोटियों तक ले जाना शामिल था। औपचारिक तौर पर यह ऑपरेशन 1984 में शुरू हुआ था, लेकिन भारतीय वायु सेना के कई हेलीकॉप्टर 1978 से ही सियाचिन ग्लेशियर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। यहां पर चेतक हेलीकॉप्टर उड़ाए जा रहे थे और यह अक्टूबर 1978 में इस ग्लेशियर में उतरने वाला भारतीय वायुसेना का पहला हेलीकॉप्टर था।

साल 1984 तक आते-आते लद्दाख के अज्ञात क्षेत्र पर दावे संबंधी पाकिस्तान की तथ्यात्मक हेरफेर वाली आक्रामकता और सियाचिन में विदेशी पर्वतारोहण अभियानों को अनुमति देने की कवायद चिंता का कारण बन रहे थे। वायु सेना के मुताबिक भारत ने इस क्षेत्र में चलने वाली पाकिस्तानी सैन्य कार्रवाई के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद सियाचिन पर अपने दावे को वैध बनाने के पाकिस्तान के कुप्रयासों को विफल करने का फैसला किया। इस महत्वपूर्ण प्रयास में भारतीय वायुसेना ने एक शानदार भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई। उसके सामरिक और रणनीतिक महत्व के वायुयानों जैसे एएन-12एस, एएन-32एस एवं आईएल-76एस ने आवश्यक रसद और सामान सैनिकों को गंतव्य तक पहुंचाया। उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हवाई आपूर्ति सुनिश्चित की।



■ राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, चिनूक, अपाचे, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड, मिग-29, मिराज -2000, सी-17, सी-130 जे, आईएल-76 तथा एएन-32 ऑपरेशन मेघदूत के लिए अपनी सेवाएं दे रहे

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

अगर आपकी मैग्नेटिक पर्सनैलिटी होने के बाद भी लड़की आपकी तरफ अट्रैक्ट नहीं हो रही, तो इसका मतलब। लड़की में आयरन की कमी है!

## दिल्ली में सब्सिडी जारी रहेगी, किसी योजना पर नहीं पड़ेगा कोई असर : उपराज्यपाल

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने कहा है कि दिल्ली सरकार की कोई भी सब्सिडी योजना बंद नहीं होगी। लोगों को ऐसी अफवाहों और राजनीतिक लाभ पाने के उद्देश्य से दिए जा रहे बयानों से बचना चाहिए। ये योजनाएं भारत सरकार और उपराज्यपाल द्वारा अनुमोदित बजट का हिस्सा हैं, ये किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल की नहीं हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा की एक विशेष राजनीतिक पार्टी के सदस्य और मंत्री भ्रम पैदा करने के लिए जानबूझकर झूठे और भ्रामक बयान दे रहे हैं।



लोगों को अफवाहों व राजनीतिक लाभ पाने के उद्देश्य से दिए जा रहे बयानों से बचना चाहिए : एलजी

उनके मुताबिक, इन बयानों में प्रचार किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार की मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। इन अफवाहों को देखते हुए वी.के. सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त किया है कि गरीबों को लाभ पहुंचाने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

उन्होंने जोर देकर कहा है कि इन योजनाओं के लिए पैसे किसी किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के खाते से नहीं आते हैं, बल्कि दिल्ली की समेकित निधि से इनका खर्च वहन किया जाता है। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी सब्सिडी योजनाएं सरकार की हैं और किसी भी पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति द्वारा न तो संचालित है और न ही उस पर निर्भर हैं। इसलिए किसी भी व्यक्ति के जेल में होने के कारण किसी योजना के प्रभावित होने का सवाल ही नहीं उठता। इन योजनाओं का बजट में आवंटन होता है, जिसे भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी जाती है। सक्सेना ने कहा कि न्यायसम्मत तरीके से जेल जाने वाला कोई भी व्यक्ति किसी भी योजना को प्रभावित नहीं करता है, खासकर वे योजनाएं, जो विधानसभा द्वारा पेश और पारित किए जाने से पहले भारत सरकार और स्वयं उपराज्यपाल द्वारा विधिवत मंजूर की जाती हैं।

### केजरीवाल सरकार की सारी योजनाएं जारी रहेंगी : भारद्वाज

दिल्ली की जनता को भरोसा देते हुए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब तक अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं, तब तक जनता के सारे काम होते रहेंगे। दिल्ली की केजरीवाल सरकार पूरी मजबूती से जेल से चल रही है और सरकार की सभी मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से वादा भी किया था कि वो जेल के बाहर हों या अंदर, काम नहीं रूकने देंगे। दिल्ली की जनता को फ्री बिजली, पानी, शिक्षा और इलाज समेत अन्य सुविधाएं मिलती रहेंगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, तब तक दिल्ली की जनता के सारे काम होते रहेंगे। दिल्ली की जनता को बिजली भी मिलेगी, पानी भी मिलेगा, बच्चों को अच्छे स्कूल भी मिलेगी, लोगों को अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक में फ्री दवाइयां मिलेंगी।

## अब महाठग सुकेश के लेटर बम से फूटेगा केजरीवाल एंड कंपनी पर मुसीबत का पहाड़

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (देशबन्धु )। दिल्ली शराब मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दरअसल, 200 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में तिहाड़ जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने अब केजरीवाल के खिलाफ एक लेटर बम फोड़ा है, जिसमें उसने केजरीवाल को लेकर बड़ा खुलासा करने की बात कही है। बता दें कि दिल्ली शराब मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया भी जेल में अभी बंद है।

■ अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही



धनंजय ने ही सत्येन्द्र जैन और पूर्व डीजी संदीप गोयल की तरफ से मुझसे वसूली की है : सुकेश चंद्रशेखर

इसी मामले में अभी हाल में आप सांसद संजय रिहा हुए हैं। जबकि मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में सत्येन्द्र जैन भी तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर गंभीर आरोप लगाए थे कि कारागार मंत्री के पद पर रहते सत्येन्द्र जैन ने पूर्व डीजी संदीप गोयल के माध्यम से उनसे 1.50 करोड़ रुपए की वसूली की, जो प्रोटेक्शन मनी के रूप में थी। महाठग ने एक पत्र लिखते हुए कहा कि अब वह आम आदमी पार्टी को लेकर जल्द ही बड़ा खुलासा करेगा।

सुकेश ने अपने पत्र में लिखा कि जल्द ही अपनी चैट्स सामने लेकर आऊंगा। उसने कहा कि जेल सुपरिटेंडेंट धनंजय रावत उस पर आम आदमी पार्टी के खिलाफ कोई भी सबूत नहीं देने को लेकर दबाव बना रहे हैं। उसने लिखा कि सभी के लिए जानना बहुत जरूरी है कि धनंजय रावत दिल्ली के सीएम, सत्येन्द्र जैन और कैलाश गहलोत के करीबी हैं। सुकेश ने अरोप लगाया कि धनंजय ने ही सत्येन्द्र जैन और पूर्व डीजी संदीप गोयल की तरफ से मुझसे वसूली की है। उसने अपने पत्र में आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है।

सुकेश ने कहा कि जेल सुपरिटेंडेंट धनंजय रावत इसीलिए नियुक्त किया गया है ताकि वह आम आदमी पार्टी के सदस्यों के खिलाफ मेरे सबूतों और बयानों को वापस लेने का दबाव बना सके और मुझसे जबरन वसूली कर सके। सुकेश ने अपने पत्र में आगे लिखा है कि बीते तीन दिनों से मुख्यमंत्री केजरीवाल और जेल मंत्री कैलाश गहलोत जेल के अफसरों के माध्यम से मुझ दबाव बना रहे हैं।

मुझसे बयानों और सबूतों की वापस लेने की बात कही जा रही है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। उसने लिखा कि वह हर एक बात का खुलासा करेगा। यही नहीं, उसने अपने पत्र में ये लिखा कि जैसे ही सीबीआई कोर्ट शुरू होगी, वह सरकारी गवाह भी बनेगा।

बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर के आरोपों को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी, जिस पर केंद्र सरकार ने फरवरी में ही हरी झंडी दे दी थी। अब सीबीआई सुकेश के आरोपों की जांच कर रही है, इस मामले में आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री के अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें और बढ़ सकती है, ये आगे देखना होगा।

### सार संक्षेप

#### कॉइनस्विच ने प्रो पर क्रिप्टो ट्रेडिंग लीग की घोषणा की

**नई दिल्ली**। कॉइनस्विच के मल्टी-एक्सचेंज क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, कॉइनस्विच प्रो ने भारतीय क्रिप्टो समुदाय के लिए सबसे बड़ी क्रिप्टो ट्रेडिंग लीग की घोषणा की है। ट्रेडिंग लीग उन स्किलड ट्रेडर्स को 1 करोड़ रुपए तक के पुरस्कार प्रदान करती है जो अपनी रैंकिंग बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे, टॉप ट्रेडर्स ही इस प्रतियोगिता को जीतेंगे। प्रतिभागी ट्रेडर्स को जीतने के लिए कॉइनस्विच प्रो प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रूप से ट्रेड करना होगा। टॉप ट्रेडर को क्रिप्टो वर्ल्ड टूर से पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें दावोस, स्विजरलैंड, दुबई और सिंगापुर की यात्रा करने को मिलेगी और उसका सारा खर्चा कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। दूसरे स्थान पर आने वाले विजेता को हाई परफॉर्मेंस वाली कावासाकी निंजा जेड एक्स -10 आर सुपरबाइक मिलेगी और तीसरे स्थान पर रहने वाले ट्रेडर को 10 लाख रुपये मूल्य के बिटकॉइन से सम्मानित किया जाएगा।

#### अदालत ने इशरत जहां को एनसीआर से बाहर वकालत करने की दी अनुमति

**नई दिल्ली**। एक स्थानीय अदालत ने हाल ही में अपने आदेश में संशोधन करते हुए दिल्ली कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर वकालत करने की अनुमति दी है। आरोपी जहां को 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में 14 मार्च 2022 को नियमित जमानत दी गई थी और उस पर दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ने की शर्त लगाई गई थी। चूंकि इशरत जहां एक पेशेवर वकील हैं और बार काउंसिल ऑफ दिल्ली में नामांकित हैं, उसने उपरोक्त राहत की मांग करते हुए कहा कि जमानत मिलने के बाद से, उसने किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है और हमेशा अदालत के आदेशों का पालन किया है। कड़कड़डूमा कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने कहा कि याचिका में कहा गया है कि आवेदक (जहां) के अच्छे आचरण को ध्यान में रखते हुए जमानत आदेश को संशोधित किया जाए और आवेदक को वांछित राहत दी जाए। अभियोजन पक्ष ने जहां के आवेदन का विरोध करते हुए तर्क दिया कि अदालत ने पहले ही उसे उचित स्वतंत्रता दे दी है और उस अवधि के दौरान उसके पिछले आचरण को देखते हुए जब उसके द्वारा कथित अपराध किए गए थे, उसे और राहत नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, न्यायाधीश बाजपेयी ने कहा कि जमानत दिए जाने के बाद से जांच एजेंसी या अभियोजन पक्ष ने अदालत के ध्यान में कोई तथ्य नहीं लाया कि जहां ने जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है। इस प्रकार, अदालत ने जहां के जमानत की शर्त को संशोधित करना उचित समझा। तदनुसार, अदालत ने आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि जहां अदालत की पूर्व अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जाएगी।

#### पड़ोसी ने चाकू मार कर की महिला की हत्या

**नई दिल्ली**। दिल्ली में 35 साल की एक महिला की झगड़े के बाद उसके पड़ोसी ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान फर्श बाजार क्षेत्र में भीकम सिंह कॉलोनी की रहने वाली सोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में एक कॉल आई थी जिसमें कॉल करने वाले ने कहा कि एक महिला को चाकू मार दिया गया है, एंबुलेंस की जरूरत है। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि पुलिस टीम भीकम सिंह कॉलोनी की गली नंबर 2 में पहुंची और एक घायल महिला सोनी को पाया, जिसके बाएं हाथ पर दो से तीन चोट के निशान थे और उसके पेट में एक छोटा घाव था।

## दलितों के उत्थान के लिए डॉ.अम्बेडकर ने लंबी लड़ाई लड़ी : अरविन्दर सिंह

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाकर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। डॉ. अम्बेडर ने जीवन भर दलितों और पिछड़ों के उत्थान तथा न्याय और समानता के अधिकारों के लिए जो लम्बी लड़ाई लड़ी थी, जिसके कारण भारत जैसे विभिन्न संस्कृतियों और वर्गों वाले देश में सभी लोगों को सामाजिक समानता का अधिकार एक समान प्राप्त है। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के अलावा डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सांसद रमेश कुमार और डॉ. उदित राज, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, सुरेन्द्र कुमार, अमरीश गौतम, मालाराम गंगवाल, भीष्म शर्मा, दिल्ली नगर निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर, गुरचरण सिंह राजू, निगम पार्षद हाजी जरीफ, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, अनुज आत्रेय, कमल गौड़, दीपक वशिष्ठ, नरेश शर्मा नीटू, सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल व एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी शामिल थे।



कांग्रेस पार्टी संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई को संसद से सड़क तक लड़ रही है : अरविन्दर सिंह लवली

लवली ने कहा कि डॉ. अम्बेडर ने करोड़ो देशवासियों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए जो संविधान बनाया था, भाजपा के तानाशाही शासन में संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को बदलना चाहते है जनता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करके उन्हें बदलकर बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धाजंलि देगी। उन्होंने कहा कि मुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव कराना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

## पीएचसी स्तर पर मिलेगी एम्स की सुविधा, बेहतर होंगी व्यवस्था

■ कैंसर, दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक, मधुमेह व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों का मिलेगा इलाज
■ स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण
■ सामान्य स्वास्थ्य कर्मचारी भी कर सकेगा पहचान
■ बड़े अस्पतालों से घटेगा अतिरिक्त मरीजों का बोझ

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (देशबन्धु)। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर सुधारने के लिए एम्स प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (पीएचसी) की गुणवत्ता में सुधार लाएगा। यहां भी एम्स जैसी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही बीमारी के स्तर के आधार पर मरीज का वर्गीकरण कर बड़े अस्पतालों में मरीजों का बोझ घटना है। ऐसा करने से बड़े व मध्यम स्तर के अस्पतालों की सुविधाओं में सुधार आएगा। इसे लेकर देशभर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के स्टाफ को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। अभी तक यह मातृ एवं बाल चिकित्सा सहित सामान्य रोगों का इलाज उपलब्ध करवा रहे हैं।

### होगा एआई का इस्तेमाल, स्वास्थ्य कर्मी होंगे सक्षम

सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहन बिरवा ने कहा कि पीएचसी में जिन बीमारियों की जांच उपलब्ध होगी उनका इलाज हो सकेगा। आने वाले दिनों में यहां सेवाएं दे रहे स्वास्थ्य कर्मी को सक्षम बनाया जाएगा। साथ ही कैंसर जैसे रोगों की जांच के लिए सुविधाएं दी जाएंगी। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़ी भूमिका निभा सकेगा। मौजूदा समय में सर्वाइकल कैंसर को लेकर काम किया जा रहा है। इसमें एक ऐसा उपकरण बनाया जा रहा है जिसमें फोटो अपलोड करते ही रोग का स्तर पता चलेगा।

### तेजी से बढ़ रहे हैं जीवनशैली से जुड़े रोग

एम्स के एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने कहा कि मौजूदा समय में जीवनशैली से जुड़े रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। पीएसची इन रोगों की पहचान कर प्राथमिक स्तर पर ही इलाज उपलब्ध करवाने में सक्षम होंगे। ऐसा होने पर न केवल बड़े अस्पतालों का बोझ कम होगा, बल्कि मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा। इससे चिकित्सा सुविधा भी बेहतर होगी। देश में पीएचसी स्तर पर सुविधाएं विकसित हैं। एम्स इन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

## इस सप्ताह 21 भारतीय स्टार्टअप्स ने जुटाई 10 करोड़ डॉलर से अधिक की पूंजी

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। इस सप्ताह देश में 21 स्टार्टअप्स ने लगभग 10.5 करोड़ डॉलर की नई पूंजी जुटाई। इनट्रैकर की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें विकास-चरण के छह सौदे और प्रारंभिक-चरण के 12 सौदे शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, एक विकास-चरण स्टार्टअप और दो प्रारंभिक-चरण स्टार्टअप्स ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया। लगभग 30 शुरुआती और विकास-चरण वाले स्टार्टअप्स ने इससे पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से लगभग 17.271 करोड़ डॉलर जुटाए थे। छह स्टार्टअप्स ने इस सप्ताह विकास-चरण सौदों के बीच 5.45 करोड़ डॉलर जुटाए। अनुपालन स्वचालन प्लेटफ़ॉर्म स्प्रिंटो ने दो करोड़ डॉलर की उच्चतम धनराशि प्राप्त की। इसके बाद बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) अपशिष्ट प्रबंधन और रीसाइक्लिंग मार्केटप्लेस रिसाइकल, हाउसिंग फाइनेंस फर्म एविओम एचएफसी, डिजिटल ऋणदाता एक्सियो और मेडिकल डायग्नोस्टिक्स प्लेटफॉर्म 5सी नेटवर्क ने क्रमश: 1.3 करोड़, एक करोड़, 60 लाख और तीन लाख डॉलर जुटाए। इसके अलावा, इस सप्ताह के दौरान 12 शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स ने सामूहिक रूप से पांच करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्लाउड और प्लेटफॉर्म-एज-ए-सर्विस स्टार्टअप नेयसा इस सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद एआई-संचालित राजस्व सक्षम प्लेटफॉर्म जीटीएम बडी, अंडरवाटर विजुअल निरीक्षण सेवा प्रदाता प्लानिस टेक्नोलॉजीज और अंडरवाटर विजुअल निरीक्षण सेवा प्रदाता प्लानिस टेक्नोलॉजीज हैं। सूची में बाल चिकित्सा व्यवहार और विकासात्मक स्वास्थ्य फर्म बटरफ्लाई लर्निंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म ऑटोनेक्स्ट ऑटोमेशन, फुल स्टैक आईवियर प्लेटफॉर्म, आईमाईआई, एल्डर केयर स्टार्टअप एज केयर लैब्स और हेल्थकेयर स्टार्टअप प्लैटिनमआरएक्स समेत अन्य शामिल हैं।

## संजय सिंह से मिलना ही नहीं चाहते हैं केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आरोपों पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार किया है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह दोनों पर बड़ा आरोप लगा दिया है।



संजय सिंह को इशारों में यह बात समझनी चाहिए कि केजरीवाल किससे मिलना चाहते हैं और किससे नहीं : वीरेंद्र सचदेवा

सचदेवा ने दावा किया कि उनके सूत्र यह बताते हैं कि अरविंद केजरीवाल तो अब संजय सिंह से मिलना ही नहीं चाहते हैं क्योंकि संजय सिंह विधायकों की जोड़तोड़ कर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। जबकि, केजरीवाल मुख्यमंत्री का पद अपने परिवार में ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संजय सिंह को जो संदेश चाहिए वह केजरीवाल ने दे दिया है। संजय सिंह को इशारों में यह बात समझनी चाहिए ।

## त्योहारों में पर पड़ रही महंगाई की मार

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (देशबन्धु)। त्योहारों के दौरान दिल्लीवालों पर महंगाई की मार का सामना करना पड़ रहा है। नवरात्रि के दिनों में आमतौर पर लोग व्रत रखते हैं और हाल ही में रमजान का महीना भी खत्म हुआ है। नवरात्रि के दिनों में फलों की डिमांड काफी बढ़ जाती है। ऐसे में देश की राजधानी दिल्ली में नवरात्र के दिनों में फलों के दामों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।



■ फल-सब्जियों के दामों में दिख रही खासी बढ़ोतरी


वहीं त्योहार खत्म होने के बाद फलों के दामों में गिरावट भी शुरू हो जाती है। ऐसे में आखिर क्यों इन दिनों में फल महंगे हो जाते हैं। फल विक्रेता हरि मोहन सिंह ने बताया कि नवरात्र के चलते केले 70-80 रुपए दर्जन के हिसाब से बिक रहे हैं, जबकि पहले 50 रुपए दर्जन के हिसाब से बिक रहे थे। इसके अलावा अंगूर की कीमत 120 रुपए तक पहुंच गई है, जबकि पहले 80 से 90 रुपए प्रति किलो था। वहीं संतरे की कीमत 70-80 रुपए है, पहले 50 रुपए किलो थी। वहीं पपीते की कीमत 90 रुपए किलो है, पहले 60 से 70 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। वहीं एक और विक्रेता राकेश कुमार ने बताया कि वह अपनी रेहड़ी पर अंगूर, सेब, केले और पपीते बेचते हैं लेकिन इस समय अंगूर के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है इसके अलावा केला भी पहले से महंगा हो गया है और सेब 150-200 रुपए प्रति किलो और बढ़िया वाला सेब 200 प्रति किलो से ऊपर बिक रहा है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दिनों में केला महंगा हो जाता है यह पहली बार नहीं है, हर साल महंगा होता है और अभी तो रमजान भी खत्म हुए हैं और तुरंत नवरात्रि शुरू हो गई तो इस वजह से केला महंगा है। अभी हमलोग केले 70 से 80 रुपए दर्जन बेच रहे हैं उससे पहले 50 से 60 रुपए दर्जन बेचा था। अभी तो दुकानदारी भी है, नवरात्र खत्म होते ही दुकानदारी भी खत्म हो जाएगी।

वहीं लोगों का कहना है कि पहले से फलों के दाम काफी बढ़ गए हैं। फलों के दामों में इजाफा हर साल होता है। पहले केला 50 प्रति दर्जन था लेकिन आज 70-80 रुपए दर्जन बिक रहा है। सेब, चीकू और अंगूर भी महंगे हो गए हैं। पहले एक अमरूद छोटा सा 20-30 रुपए में मिल जाता था, आज एक अमरूद 50 रुपए का मिला है तो इन दिनों में फलों के दम तो हर बार बढ़ जाते हैं। ग्रहणी पूनम बताती हैं कि उन्होंने केला खरीदे हैं महंगे हो या सस्ते माता रानी का भोग लगाना है और व्रत में भी इसी का उपयोग होता है, इसलिए खरीदारी करनी पड़ती ही है।

दिल्ली में फलों की तरह हाल सब्जियों का भी है। हाल ही 20 से 30 या 40 रुपए किलो बिक रहा टमाटर अब 60 से 70 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मिल रहा है। प्याज में भी उछाल लगानी शुरू कर दी है। अब तक 20 रुपए किलो मिल रहा प्याज अचानक से 40 रुपए हो गया है। वहीं खीरा, ककड़ी, गोभी, शिमला मिर्च 40 रुपए प्रति किलो से कम नहीं आ रहे हैं। आलू और बैगन ने भी तेजी दिखानी शुरू कर दी है। ऐसे में दिल्लीवालों का कहना है कि न जाने कब मिलेगी इस बढ़ती हुई महंगाई से निजात।

## सर गंगा राम असपताल ने 69वां संस्थापक दिवस मनाया

नई दिल्ली **नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (देशबन्धु)। सर गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी, बोर्ड ऑफ सर गंगा राम अस्पताल के प्रबंधन, सलाहकारों और कर्मचारियों ने 13 अप्रैल, 2024 को अपना 69वां संस्थापक दिवस मनाया। स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. जितेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि थे। माहौल उस दूरदर्शी के प्रति कृतज्ञता और प्रशंसा की भावना से भरा हुआ था जिसने अनगिनत व्यक्तियों के जीवन पर इतना महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह एक माला समारोह के साथ हुई जिसमें प्रबंधन और कर्मचारियों ने सर गंगा को पुष्पांजलि अर्पित की। राम, अस्पताल के संस्थापक। बाद में दिन में, स्वास्थ्य मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक (जेपी) डॉ. जितेंद्र प्रसाद ने कहा, सर गंगा राम अस्पताल शिक्षा और अनुसंधान में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। यह समाज को निस्वार्थ और अनुकरणीय सेवाएं प्रदान कर रहा है और उन लोगों का समर्थन करता है जो उच्च कीमत वाले उपचार का खर्च वहन नहीं कर सकते। इस अवसर पर बोलते हुए, सर गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. राणा, जो एक प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट और पद्म पुरस्कार विजेता भी हैं, ने कहा, 'इस अस्पताल ने लगन से उनके नक्शेकदम पर चलने का काम किया है।' सर गंगा राम, धर्मार्थ गतिविधियों में सबसे आगे हैं।




सर गंगा राम अस्पताल के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष, डॉ. अजय स्वरूप ने अस्पताल के प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वर्ष 2023-24.डॉ. स्वरूप ने कहा, 'दान और मुफ्त कार्य को सर गंगा राम अस्पताल का दूसरा स्तंभ माना गया है। वित्तीय वर्ष (2023-24) में अस्पताल ने गरीब मरीज के मुफ्त इलाज पर 60 करोड़ रुपये खर्च किए। सर गंगा राम अस्पताल भारत का सबसे बड़ा धर्मार्थ अस्पताल है। सर गंगा राम ने वर्ष 2023 से 2024 के दौरान 2647 मरीजों को मुफ्त सर्जरी, 20,078 मुफ्त एक्स-रे, 2,238 मुफ्त एमआरआई और 2,661 मुफ्त सीटी स्कैन प्रदान किए हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

टीमें चिल्ला बॉर्डर आईटीआई के पास बैरियर लगाकर जांच कर रही थीं। दिल्ली के नंबर की अर्टिका कार उधर से गुजरी। वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी मिली। कार के अंदर नीले रंग की लेडीज पर्स में पांच-पांच सौ के 570 नोट रखे हुए थे।

**नागेंद्र कुमार, एफएसटी टीम-2 प्रभारी**

## कचरा निस्तारण प्लांट पर क्षमता को बढ़ाएं : नगर आयुक्त



■ शहर को ओडीएफ ++ से वाटर + रैंक दिलाने के लिए निगम ने कार्रवाई की तेज

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर हित में कचरा निस्तारण प्रणाली को और अधिक बेहतर करने के लिए टीम के साथ बैठक की। जहां नगर आयुक्त द्वारा टीम को शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं स्वच्छ भारत मिशन 2024 की तैयारी के लिए भी कहा गया है। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, सीबीएम प्रोजेक्ट हेड योगेश राणा व अन्य संबंधित टीम उपस्थिति रही।

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत एमआरएफ सेंटर पर कचरा निस्तारण की क्षमता बढ़ाने के लिए कार्रवाई तेज की जा रही है जिसके लिए नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश व अन्य टीम को निर्देश दिए हैं, स्वच्छ भारत मिशन 2024 में गाजियाबाद को ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस की तरफ लाने का पूरा प्रयास प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को एसबीएम की विशेष जिम्मेदारी देते हुए पूरे जोर शोर से तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन मॉनिटरिंग को भी एडवांस तकनीकी के माध्यम से करने के लिए मोटिवेट किया गया। शहर निवासियों की न केवल गाजियाबाद नगर निगम समस्याओं के समाधान पर कार्य कर रहा है बल्कि शहर को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए भी प्लानिंग कर रहा है जिसके क्रम में नगर आयुक्त द्वारा बैठक की गई सभी अधिकारियों को मोटिवेट करते हुए स्वच्छ भारत मिशन 2024 की तैयारी को नए तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं जिस पर टीम द्वारा कार्य भी शुरू कर दिया गया है सभी एमआरएफ सेंटर में अन्य प्लांट पर कचरा निस्तारण की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है।

## आंधी तुफान ने बिगाड़ा हाल, गृहमंत्री ने मोबाइल से जनसभा को किया संबोधित






■ महज 40 सेकेंड के भाषण में बोले आपका एक वोट नरेंद्र मोदी को जाएगा

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। गृहमंत्री अमित शाह नोएडा में जनसभा को संबोधित करने नहीं आ पाए। अचानक मौसम खराब हो जाने के कारण अमित शाह भारतीय जनता पार्टी की नोएडा में आयोजित चुनावी सभा में नहीं पहुंच पाए। इस चुनावी सभा का आयोजन नोएडा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे डॉ. महेश शर्मा के समर्थन में किया गया था। नोएडा के सेक्टर-33 में आयोजित जनसभा को अमित शाह ने फोन से संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के कारण मजबूरी में नोएडा नहीं पहुंच पा रहा हूं।

उन्होंने यह भी कहा कि नोएडा की जनता से मिलने मैं जल्दी ही नोएडा आऊंगा। उन्होंने नोएडा की जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक वोट देकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को चुनाव में अवश्य भारी मतों से चुनाव जिताएं। आपका महेश शर्मा को एक वोट नरेंद्र मोदी को जाएगा। उन्होंने नोएडा वासियों से वादा किया डॉक्टर महेश शर्मा की जीत की सभा में मै जरूर आउंगा। दरअसल शाम होते ही नोएडा का मौसम में तेजी से बदलाव हुआ। तेज आंधी तुफान ने यहां टेंट के पर्दो को उड़ा दिया। अटकले लगने लगी कि गृह मंत्री यहां नहीं आ पाएंगे। इस बीच मंच भी सजने लगा। मंच पर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर के अलावा तमाम लोग पहुंचे। डॉक्टर महेश शर्मा ने विगत 10 सालों की अपनी उपलब्धियां गिनाई। इसके बाद विधायक पंकज सिंह ने उनके समर्थन में वोट मांगा। इस दौरान अमित शाह ने फोन से ही जनसभा को संबोधित किया। जिसके बाद कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

जनसभा में लगातार तीन बार विधायक रहे और पूर्व मंत्री मदन चौहान भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। दरअसल, अमित शाह शनिवार को नोएडा आने वाले थे, लेकिन मौसम ख़राब होने की वजह से वह नहीं आ पाए। जिसके कारण उन्होंने मोबाइल (ऑनलाइन) जनता को सम्बोधित किया। इस दौरान मदन चौहान को भाजपा की सदस्यता दिलाई। मदन चौहान लगातार तीन बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक रह चुके हैं। इस समय वह बहुजन समाज पार्टी में थे, लेकिन अब उन्होंने मायावती का भी हाथ छोड़ दिया है।

## सार संक्षेप

### छत से गिरकर महिला घायल

**नोएडा।** सेक्टर-11 स्थित झुंडपुरा गांव में रहने वाली एक 22 वर्षीय महिला शुक्रवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में घर की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। परिजनों ने उपचार के लिए महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, पर हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि झुंडपुरा गांव में रहने वाली 22 वर्षीय निखत शुक्रवार रात को अपने घर की छत से संदिग्ध अवस्था में नीचे गिर गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला छत से कैसे गिरी इसकी जानकारी की जा रही है।

### मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खाया

**नोएडा।** हरौला गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए सेक्टर 50 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फेज वन थाना प्रभारी ने बताया कि हरौला गांव में रहने वाले दयानंद ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दयानंद ने किन कारणों से जहरीला पदार्थ खाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दयानंद बीते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा है।

### बच्ची को दूध पिलाते समय तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**नोएडा।** बरौला गांव में बच्ची को दूध पिला रही मां की तबीयत अचानक से खराब होने पर परिजनों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि गांव बरौला के रविंद्र की पुत्री निशा बंसल का विवाह वर्ष 2021 में गुरुग्राम के गांव रिठौज में हरकरण उर्फ भोला सिंह के साथ हुआ था। निशा करीब एक वर्ष पहले बच्ची की मां बनी थी। परिवार में शादी होने के चलते निशा कुछ दिन पहले मायके आई थी। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब दो बजे निशा एक वर्षीय बच्ची को दूध पिला रही थी। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और जमीन पर पीछे की तरफ गिर गई। परिजन निशा अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मचा है। इस मामले में महिला पक्ष की ओर से पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई है। परिजनों का कहना है कि महिला को पहले से कोई बीमारी नहीं थी। पुलिस ने महिला के मायके और ससुराल पक्ष के लोगों से बात की है। पुलिस शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया में उत्साह के साथ बैसाखी के पर्व को मनाया गया। अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह की अध्यक्षता में रोज से चल रहे अखंड पाठ की आज सुबह 11 बजे समाप्ति हुई उपरांत अरदास की गई। कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद के बाद पहले हजूरी रागी संत सिंह जी ने गुरु जस गायन किया अपरांत स्त्री सत्संग के द्वारा कीर्तन किया गया स्त्री सत्संग के कीर्तन के बाद आनंदपुर केशगढ़ से आए रागी भाई कुलविंदर सिंह जी ने शब्द गायन करके आई हुई संगत को निहाल समाप्ति पर संगत में प्रसाद वितरित किया गया सभी संगत ने बिना भेदभाव उच्च नीच के भेद को खत्म करते हुए एक पंगत में बैठकर लंगर ग्रहण किया।



गुरुद्वारे के महामंत्री एसपी सिंह ओबेरॉय ने लंगर की पूरी व्यवस्था अपने हाथ में ले रखी थी वीर खालसा दल के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह ओबरॉय,गुरु घर में आए हुए सभी मेहमानों का अपनी टीम के साथ स्वागत कर रहे थे आरपी सिंह और जगमोहन कपूर की जल की सेवा निभा रहे थे। गुरुद्वारे के अंदर की सारी व्यवस्था प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू के हाथ में थी।

## नोएडा में कार से खींचकर युवक को पीटा



■ सेक्टर-126 का बताया गया वायरल वीडियो, पुलिस कर रही जांच

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में स्टंट बाजी के बाद मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सेक्टर-126 सेक्टर के आसपास का बताया जा रहा है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। बता दे इससे पहले भी इस रोड पर कई बार मारपीट के वीडियो वायरल हो चुके है। ये वीडियो करीब 45 सेकेंड का है। वीडियो में दिख रहा है कि एक कार सड़क किनारे खड़ी है। उसकी ड्राइवर सीट का गेट खुला है। उस गेट पर तीन युवक खड़े है। तीनों अंदर बैठक युवक से बात कर रहे है। कुछ सेकेंड के बाद तीनों लड़के अंदर बैठे युवक को बाहर खींचने का प्रयास करते है। पहले कार के अंदर घूसे मारते है। बाहर निकलते ही युवक की तीनों लड़के मिलकर जमकर पिटाई करते है। वहीं पास में खड़ा चौथा लड़का भी युवक को पीटता है। इसके बाद चारो लड़के फरार हो गए। ये वीडियो वहां खड़े लोगों ने बताया और पुलिस को टैग किया। बता दे ये एरिया सेक्टर-126 के आसपास एमिटी यूनिर्वसिटी का है। हालांकि हम इसकी पुष्टी नहीं करते कि ये छात्र एमिटी के है या किसी कंपनी में काम करने युवक। बहरहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जांच कर रही है। अब तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं की गई है।

## कार के अंदर से 2.85 लाख की नकदी बरामद

चिल्ला बॉर्डर पर हो रही थी जांच, लेडीज पर्स में रखी थी नगदी

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थिर जांच दल (एसएसटी) और उड़न दस्ते (एफएसटी) की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को चिल्ला बॉर्डर के पास एक कार के अंदर से दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी बरामद कर ली। जिस अर्टिगा कार से नकदी बरामद हुई है उसे बदायूं निवासी इमरान चला रहा था। नकदी संबंधी दस्तावेज न दिखाने पर टीम ने रकम को सीज कर दिया है। एफएसटी टीम-2 के प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि टीमें चिल्ला बॉर्डर आईटीआई के पास बैरियर लगाकर जांच कर रही थीं। दिल्ली के नंबर की अर्टिका कार उधर से गुजरी। वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी मिली। कार के अंदर नीले रंग की लेडीज पर्स में पांच-पांच सौ के 570 नोट रखे हुए थे। कार चालक इमरान से कैश के संबंध में कागजात दिखाने को कहा गया पर वह नहीं दिखा सका। कोई अन्य ऐसा साक्ष्य भी कार चालक द्वारा नहीं मुहैया कराया गया जिससे इसकी पुष्टि हो सके कि कैश उसी का है। ऐसे में टीमों ने नकदी को सीज करते हुए दनकौर के जीडी में अग्रिम कार्रवाई के लिए दाखिल कराया है। लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी काली कमाई को न खपा सके इसके लिए चुनाव आयोग की कैश पर सख्त निगरानी है। पुलिस कमिश्नर और जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में एसएसटी और एफएसटी की टीमें जनपद के सभी जगहों पर सक्रिय हैं।

## महापौर ने अधिकारियों संग किया शहर में 5 तालाबों का निरीक्षण

■ तालाबों के सौंदर्यीकरण पर किया जाएगा कार्य : दयाल



**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ शहर में बदहाल हो रहे तालाबों का निरीक्षण किया। जिसमें गांव सिखरोड, मेनापुर, रहिसपुर, सदरपुर एवं महरौली के तालाबों को देख गया अधिकांश तालाबों की स्थिति ठीक नहीं है। जिनके सौन्दर्यकरण की अति आवश्यकता है, सौंदर्यीकरण होने से शहर का जलस्तर भी बढ़ेगा।

अधिकांश नई कॉलोनियों में जल निकासी की भी बहुत सामस्य है तालाब में पानी पहुंच नहीं पा रहा और पहुंचता है तो ओवरफ्लो होकर कॉलोनी ने ही जल भराव रहता है जिसके चलते लगातार शिकायत भी आ रही थी तभी महापौर ने सहायक अभियंता, अवर अभियंता के साथ निरीक्षण किया और इस व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारू करने की योजना भी बनाई।

तालाबों के सौंदर्यीकरण की बहुत आवश्यकता है जिससे भूजल के साथ साथ नई कॉलोनी की भी समस्या खत्म होगी, तालाबों के सौंदर्यीकरण के बाद उसमें मछली डाली जाएंगी, उसमें कमल लगाए जाएंगे साथ ही तालाब की ओवरफ्लो की स्थिति के लिए नाले के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था भी की जाएगी।

सभी तालाब लगभग 5 बीघा से ई बीघा तक के हैं लेकिन सदरपुर का तालाब 35 से 40 बीघा का है जिनकी पैमाइश कराकर सौन्दर्यीकरण कराया जाना है इस कार्य को सफल बनाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी और चुनाव के बाद सौंदर्यीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बीटेक के छात्र समेत दो ने की आत्महत्या

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। अलग-अलग स्थानों पर नामी विश्वविद्यालय के छात्र समेत दो लोगों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों की जांच पुलिस कर रही है। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि उत्तराखंड के उधम सिंह नगर का आयुष प्रताप सिंह सेक्टर-125 स्थित एक नामी विश्वविद्यालय में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र था। वह रायपुर गांव स्थित एक पीजी में किराये का कमरा लेकर अकेले रह रहा था। शुक्रवार शाम पांच बजे के करीब पीजी संचालक ने पुलिस को सूचना दी कि आयुष ने अंदर से कमरा बंद कर रखा है और काफी देर से खोल नहीं रहा है। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो कमरे में आयुष का शव पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। आयुष ने किसान पिता उत्तराखंड से नोएडा के लिए निकल चुके हैं। मृतक के दोस्तों ने बताया कि आयुष किसी बात को लेकर बीते कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। पुलिस ने मृतक छात्र का मोबाइल भी कब्जे में ले लिया है। मोबाइल की जांच की जा रही है। वहीं चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले 40 वर्षीय राजीव ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजीव अपनी पत्नी और साले के साथ चोटपुर कॉलोनी में रह रहा था। घटना के समय राजीव की पत्नी और उसका साला किसी काम से बाहर गए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उन्हें राजीव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उन्होंने पड़ोसी की मदद से उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पुलिस ने 72 घंटे में किया डकैती का खुलासा, चार डकैत गिरफ्तार



**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना निवाड़ी पुलिस व सर्विलांस टीम ने 'डकैती' की घटना का 72 घन्टे के अन्दर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चार डकैतों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी(ग्रामीण) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि

मोहित त्यागी निवासी कस्बा निवाड़ी ने थाना निवाड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर से दिन के समय अज्ञात डकैतों ने भाभी दीपिका त्यागी को कुछ पदार्थ सुंघाकर 40 तोला सोना व तीन लाख 50 की नगदी लूटकर ले गए। उन्होंने बताया कि घटना के अनावरण हेतु 4 टीम गठित की गई। विवेचनात्मक कार्रवाई व सीसीटीवी फुटेज व साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए व मुखबिर की सूचना पर योगेन्द्र त्यागी उर्फ पप्पू निवासी पदेड़ा थाना व जनपद बागपत, सुनिता त्यागी पत्नी निवासी पदेड़ा थाना व जनपद बागपत, अकबर निवासी बसौद थाना सिघावली अहीर बागपत व दीपिका त्यागी निवासी मोहल्ला ब्रहमपुरी कस्बा व थाना निवाड़ी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया।

अकबर ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि योगेन्द्र त्यागी पइस घटना को कारित करने के लिए मुझे 20 हजार रूपए तय करके अपनी बेटी दीपिका त्यागी के घर पर जाकर षडयन्त्र के तहत नशा सुंघाकर चोरी व लूट की घटना कारित करने जैसा कृत्य करना तय हुआ था। उसी आधार पर अभियुक्त अकबर द्वारा पीड़िता/अभियुक्ता दीपिका के घर निवाडी पर जाकर पीड़िता/अभियुक्ता से मिलकर लूट की घटना कारित करने जैसा कृत्य करते हुए घर का सामान बिखेरते हुए पीड़िता/अभियुक्ता को नशा जैसा पदार्थ सुंघाते हुये फर्जी लूट/डकैती की घटना का षडयंत्र रचा था। दीपिका त्यागी द्वारा बताया गया कि शेष जेवरात अब से करीब एक या सवा महीना पहले अपनी मां सुनिता के साथ मिलकर मेरठ में किसी सुनार को बेचना बताया।

बैठक | प्राधिकरण सीईओ ने की बैठक

## नोएडा में हर महीने 4 सेक्टर होंगे 'गारबेज फ्री'

**नोएडा, 13 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में हर महीने चार सेक्टरों को जीरो गारबेज सेक्टर बनाने का टारगेट तय किया गया है। इससे पूरे शहर को जीरो गार्बेज सिटी बनाया जाएगा। इसके निर्देश सीईओ ने जन स्वास्थ्य विभाग के साथ एक बैठक में दिए। सीईओ लोकेश एम ने साफ-सफाई को लेकर सख्त रुख अपना रखा है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ और सर्विस रोड पर विशेष अभियान चलाकर जंगली घास, झाड़ियां की सफाई 10 दिन में पूरी कर ली जाए। अन्यथा ठेकेदार कंपनी पर भारी जुर्माना और उनको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।**

सभी सफाई कर्मी वर्दी में ही कार्य स्थल पर मौजूद रहेंगे। जो भी अपने ड्यूटी टाइम और वीट एरिया में नहीं मिला उसको सीधा हटा दिया जाएगा। सभी परियोजना अभियंता, अवर अभियंता और स्वास्थ्य निरीक्षक सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक फील्ड पर रहकर सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराएंगे। अगर उनके क्षेत्र में कूड़े के ढेर अथवा सफाई में कमी मिली तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिन सोसाइटी में बल्क वेस्ट जनरेट निकलता है और अपना कूड़ा, गंदा पानी नालों में डाला जा रहा है उनका सर्वे किया जाए उनको नोटिस जारी किया जाए और कठोर कार्रवाई की जाए। नोएडा में अलग-अलग सेक्टरों में विकेंद्रीयकृत म्यूनीसिपल सॉलिड वेस्ट के निपटारें के लिए 40-40 टन क्षमता के 5 प्रोसेसिंग प्लांट का प्रस्ताव तैयार किया जाए। नोएडा के सभी नालों में बार स्क्रीन लगाकर फ्लोटिंग मैटेरियर को निकालने का काम किया जाए।




■ 10 दिन में सड़क, बाजार व 15 दिन में नाले करे साफ, नहीं तो होगी कार्रवाई

आरडब्ल्यूए के साथ बैठक कर निवासियों को कूड़े को अलग-अलग करके देने के लिए बताया जाए। गांवा में डोर टू डोर वाहनों की संख्या को बढ़ाया जाए। सेक्टर-18 व अन्य मुख्य बाजारों को साफ रखा जाए। यदि यहां कूड़ा पाया गया तो संबंधित संविदाकार, अवर अभियंता और सुपरवाइजर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 15 दिनों में सभी नालों को साफ किया जाए।

## 70 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार



■ 7 लाख बताई गई अनुमानित लागत
■ उड़ीसा से तस्करी कर लाए थे नोएडा

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना फेस 2 नोएडा पुलिस व नारकोटिक्स सेल ने संयुक्त रूप से अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 3 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 70 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी गांजा की कीमत करीब 7 लाख बताई जा रही है। ये गांजा बाइक से तस्करी कर ले जाया जा रहा था। संयुक्त टीम शुक्रवार रात में गश्त व जांच कर रही थी। इस दौरान गंदा नाला रोड़ श्मशाम घाट के पीछे से 2 लोग आते दिखे। पुलिस ने जांच के रोका तो भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इनकी पहचान इरफान और अलीमुल मलिक हुई। दोनों के पास से 22-22 किलो अवैध गांजा व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद की गई।

पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि ये लोग उड़ीसा से गांजा की तस्करी कर यहां लाए थे और ऑन डिमांड एनसीआर क्षेत्र में बेचते है। दोनों ने बताया कि उनका एक साथी गांजा के साथ जेपी फ्लाई ओवर के पास खड़ा है। इसी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तीसरे तस्कर निताई सरकार को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 26 किलो नाजायज गांजा एक कट्टे में बरामद किया गया।

उवाच

आगे एक लंबी यात्रा है और उसकी तैयारी हमें करनी होगी। हमारा देश विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता और संस्कृति वाला देश है। वहीं उन्होंने बताया कि कैसे बाहरी लोगों ने भारत को अपने विचारों के जरिए भ्रमित किया और आज भारत में एक ऐसा समुदाय बन गया है जो अब उनकी ही भाषा बोलने लगा है।


डॉ. कृष्ण गोपाल

# कैपिटल ज़ोन

## नवाचार व तकनीकी कौशल के लिए एनआईईटी में हैक-एक्स का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा ने एक बार फिर हैक-एक्स एनआईईटी के दूसरे संस्करण के साथ नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के उभरते तकनीकी उत्साही लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई। विजेता टीमों ने कुल मिलाकर 30,000 के पुरस्कार जीते। कोड तंत्र के सीईओ रमन्ना गेस्ट ऑफ ऑनर थे और उन्होंने छोटे बच्चों में उद्यमिता के बीज बोने के लिए ऐसी पहल करने के लिए एन आईईटी, ग्रेटर नोएडा की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल ऑफ एससीएस आईटी, एआईएमएल और आईओटी विभाग द्वारा किया गया।

749 पंजीकृत छात्रों की प्रभावशाली उपस्थिति और आश्चर्यजनक 22,883 इंप्रेशन के साथ, हैक-एक्स एनआईईटी 2.0 समाज के



■ उद्यमिता के प्रति रूझान रखने वाले प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार

सामने आने वाली वास्तविक दुनिया की समस्याओं के प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान के क्षेत्र में बढ़ती रुचि और भागीदारी के प्रमाण के रूप में खड़ा हुआ। इस कार्यक्रम ने विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, विश्वकर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुणे, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, एपीजे सत्य विश्वविद्यालय, महाराजा अग्रसेन, अखिलेश दास और कई अन्य संस्थानों से प्रतिभाओं को आकर्षित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, संस्थान के ईवीपी, डॉ. रमन बत्रा ने प्रतिभागियों को ऐसी गतिविधियों में अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उन्हें बताया कि कई सफलता पूर्वक स्टार्टअप ऐसे हैकथॉन का परिणाम है। सीएसई की प्रमुख डॉ. कुमुद सक्सेना ने बताया कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को संबोधित करने की थीम पर आधारित है कथॉन में छह विशिष्ट समस्या विवरण डोमेन शामिल थे, जिसमें सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों चुनौतियां शामिल थीं। आईओटी प्रमुख डॉ. मयंक दीप खरे और एआईएमएल प्रमुख डॉ. शाहिद ने साझा किया कि प्रतिभागियों ने स्मार्ट बुनियादी ढांचे से लेकर स्थिरता तक के मुद्दों से निपटने में अपनी सरलता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## राम हमें द्वेष करना नहीं, द्वेष खत्म करना सिखाते हैं : डॉ. कृष्ण गोपाल

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रेरणा शोध संस्थान न्यास, द्वारा भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में प्रेरणा विमर्श अथिति वक्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में प्रेरणा विमर्श के सभी अथितियों ने संवाद के माध्यम से अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि आगे एक लंबी यात्रा है और उसकी तैयारी हमें करनी होगी। हमारा देश विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता और संस्कृति वाला देश है। वहीं उन्होंने बताया कि कैसे बाहरी लोगों ने भारत को अपने विचारों के जरिए भ्रमित किया और आज भारत में एक ऐसा समुदाय बन गया है जो अब उनकी ही भाषा बोलने लगा है। मुख्य अथिति डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि जो लोग दुख के साथ यहां आए थे उन्हें हिंदुओं ने ही इस देश में बसाया है। हिंदुत्व की अंतरात्मा ही अध्यात्म है। वहीं पूर्व वीसी चौधरी चरण सिंह विश्व विद्यालय प्रोफेसर नरेंद्र तनेजा जी कहा कि जहां लोग खुद को हिंदू कहने से डरते थे वहीं आज वो खुद को गौरवान्वित हिंदू बताते हैं। हिंदुत्व का उदार रूप, सर्वव्यापक रूप पूरे विश्व में स्थापित हुआ है। हमारे यहां हिंदुइज्म का स्थान नहीं है हिंदुत्व का स्थान है। साथ ही उन्होंने कहा हिंदुत्व समाज और मानव विकास का सबसे बड़ा तत्व है।

## इंडिया गठबंधन को गौतमबुद्धनगर में लगा तगड़ा झटका



**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जेवर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनोज चौधरी और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दादरी विधानसभा संजय चेची ने नोएडा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिसके बाद आईएनडीआईए गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सतेंद्र सिसोदिया ने मनोज चौधरी और संजय चेची को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान मनोज चौधरी और संजय चेची के सैकड़ो समर्थकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सभा स्थल पर पहुंचे थे। हालांकि इस अवसर पर खराब मौसम के कारण अमित शाह का सभा में मौजूद नहीं होने से मायूसी भी दिखी।

■ पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी व आप के संजय चेची ने पकड़ा कमल

उल्लेखनीय है कि मनोज चौधरी और संजय चेची चौधरी महेंद्र प्रधान के परिवार से आते हैं। जिनका ग्रेटर नोएडा और आसपास के गांव में विशेष कर गुर्जर समुदाय में विशेष महत्व रहा है। पिछले एक दशक से अधिक समय से दोनों ही नेताओं का सक्रियता सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में रहा है। अब आने वाला समय तय करेगा की कांग्रेस नेता मनोज चौधरी और आम आदमी पार्टी नेता संजय चेची के आने से भाजपा को लोकसभा चुनाव 2024 में कितना लाभ होता है।

## बिना टैक्स जमा किए दौड़ रहे 18 वाहन जब्त

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में शनिवार को परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने बिना रोड टैक्स जमा किए दौड़ रहे 18 वाहनों को जब्त किया। प्रवर्तन अधिकारी के अनुसार वाहन का टैक्स और जुर्माना जमा करने के बाद ही उसे उसके मालिक के सुपुर्द किया जाएगा। यदि लोग वाहन नहीं छुड़वाते हैं तो वाहन को नीलाम करके टैक्स और जुर्माने की वसूली की जाएगी।

## दर्जनों लोगों ने की गाड़ी में तोड़फोड़, 2 लोग हिरासत में

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के कार सवार दो लोगों पर हमला बोल दिया और कार में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान कार में बैठे दो लोगों को भी आरोपियों ने घायल कर दिया। पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने तोड़फोड़ करने वाले पक्ष के दो लोगों को हिरासत में ले लिया है और जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका



सिटी क्षेत्र में एक युवक का घर बन रहा है और उसके घर के बाहर टाइल्स रखी थी। लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए एक शख्स ने टाइल्स तोड़ दी। परिवार ने जब इस पर आपत्ति जताई तो उसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ितों पर हमला बोल दिया। पीड़ित की गाड़ी में तोड़फोड़ की और गाड़ी में बैठे दो लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी के खुशहाल पार्क के रहने वाले खालिद ने बताया कि एक पोलो कार में सवार तीन व्यक्ति शौकत, परवेज और कुर्बान उनके घर के बाहर से गुजर रहे थे। इसी दौरान रखी टाइल्स उनकी गाड़ी से टूट गई। इस पर आपत्ति करने पर उसकी माता के साथ तीनों ने दुर्व्यवहार किया। स्थानीय लोगों ने तीनों को समझा बुझाकर भेज दिया। कुछ देर बाद जब खालिद अपने दोस्त गुड्डू के साथ अपनी स्कॉर्पियो कार में जा रहा था, इस दौरान इन तीनों ने उसकी कार को घेर लिया और कार तोड़नी शुरू कर दी। इन दोनों को जबरदस्ती बाहर निकालने का प्रयास किया गया। बाहर न निकलने पर कार के अंदर ही इन्हें पीटा गया जिससे दोनों घायल हो गए।

एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-तुगलपुर हल्दौना की प्रस्तावित आवादी में आवंटन संख्या-टी.यू.एल.012379, भूखण्ड संख्या-25/29-ए, क्षेत्रफल-204 वर्ग मीटर को आवंटित श्री रिषिपाल पुत्र श्री नेपाल सिंह, निवासी-ग्राम-तुगलपुर हल्दौना, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के मृत्यु उपरान्त उनके वारिसो श्रीमती रिशीपाली पत्नी स्व० श्री रिषिपाल व श्री जितेन्द्र नागर पुत्र स्व० श्री रिषिपाल को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रिषिपाल पुत्र श्री नेपाल सिंह, निवासी-ग्राम-तुगलपुर हल्दौना, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के मृत्यु उपरान्त उनके वारिसों श्रीमती रिशीपाली पत्नी स्व० श्री रिषिपाल व श्री जितेन्द्र नागर पुत्र स्व० श्री रिषिपाल की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री तेजा गुर्जर पुत्र स्व० श्री नत्थे सिंह, निवासी-ग्राम-हल्दौना तुगलपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-517, पृष्ठ संख्या-89 से 116 पर क्रमांक 827 व बही संख्या-3, जिल्द संख्या-517, पृष्ठ संख्या-61 से 88 पर क्रमांक 826 दिनांक 10.10.2019 को उप निबन्धक, सदर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री तेजा गुर्जर पुत्र स्व० श्री नत्थे सिंह, निवासी-ग्राम-हल्दौना तुगलपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एस.ए.आई.01214, भूखण्ड संख्या-92, क्षेत्रफल-210 वर्ग मीटर सर्वश्री रामपाल, चरन सिंह पुत्रगण श्री लखपत, निवासी-ग्राम-सादुल्लापुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री चरन सिंह पुत्रगण श्री लखपत की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री विनोद पुत्र स्व0 श्री चरन सिंह, श्रीमती विमला पत्नी स्व0 श्री चरन सिंह श्रीमती रीता (विवाहित) पुत्री स्व0 श्री चरन सिंह, निवासी-ग्राम-सादुल्लापुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री विनोद पुत्र स्व0 श्री चरन सिंह, निवासी-ग्राम-सादुल्लापुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 श्री के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री विनोद पुत्र स्व0 श्री चरन सिंह, निवासी-ग्राम-सादुल्लापुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## जीबीयू में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम की श्रृंखला में जीबीयू परिसर में स्थित महात्मा जोतिबा फूले ध्यान केन्द्र में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य



■ बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित

अतिथि डॉ. सुभोजित बनर्जी, मुख्य छात्रावास अभिरक्षक (पुरुष) ने अपने उद्घाटन सम्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की रचना के रूप में भारत देश के भविष्य का निर्माण किया और अपने कृतित्व के माध्यम से समाज को समानता का संदेश दिया।

डॉ. चन्द्रभानु भरास ने स्वागत-भाषण देते हुए अपने सम्बोधन में डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्धमूर्ति एवं बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर अतिथियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। तदुपरान्त, बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय में अध्ययनरत् विदेशी छात्र-छात्राओं द्वारा बुद्ध वन्दना एवं मंगलपाठ किया गया।

इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन-दर्शन से सम्बन्धित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। डॉ. मनीष मेश्राम के समन्वयन में डॉ. अम्बेडकर पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। डॉ. नीता सिंह के समन्वयन में जीबीयू के छात्र-छात्राओं एवं बच्चों द्वारा गायन एवं नृत्य का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी, डीन प्रो. बन्दना पांडेय, वित अधिकारी नीरज कुमार, डॉ. पंकज दीप सहित सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन जीबीयू के छात्र प्रियांशु द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों, विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, छात्र-छात्रों एवं बच्चों ने भाग लिया।

## विधि विभाग की प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर के छात्रों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज ऑफ लॉ में 'आहवान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के 13 शिक्षण संस्थानों के 130 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुर्जा की सभासद पुष्पांजलि शर्मा का स्वागत लॉ कॉलेज के डॉयरेक्टर डॉ. तारकनाथ प्रसाद और कॉलेज ऑफ ग्रुप के निदेशक केके पालीवाल ने किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, लीगल क्विज, डांसिंग और सिंगिंग जैसी प्रतियोगिता में इन्मांटेक कॉलेज गाजियाबाद, लॉयड लॉ कॉलेज



ग्रेटर नोएडा, जीएनआईओटी ग्रेटर नोएडा, एसबीआईटीएम विश्वविद्यालय, आईआईएमटी कॉलेज ऑफ लॉ, नेताजी सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली, एचएलएम कॉलेज गाजियाबाद, एआरएसडी कॉलेज (डीयू) आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, सहित दिल्ली-एनसीआर के कई कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपने जौहर दिखाए।

इस दौरान डॉ. तारक नाथ प्रसाद ने कहा कि खेल की भूमिका शिक्षा के क्षेत्र में भी मायने रखती है। खेल शारीरिक लाभ के साथ-साथ टीम के साथ-साथ सामंजस्य बनाए रखना भी सिखाता है जो कि जीत का मूल मंत्र है। वहीं प्रतियोगिता में लीगल क्विज में आईआईएमटी कॉलेज ऑफ लॉ, नुक्कड़ नाटक में एआरएसडी कॉलेज (डीयू) डांस में इनमेंटेक कॉलेज गाजियाबाद और गायन में आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की टीम ने जीत दर्ज की। दूसरी तरफइस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक और अनेक छात्र मौजूद रहे।

## हल्के वाहनों की नई सीरीज शुरू

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16ईएफ के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी के नतीजे रविवार को जारी होंगे। लोग परिवहन विभाग की वेबसाइट www.parivahan.gov.in पर नीलामी के नतीजे देख सकते हैं। पहली बार की नीलामी के बाद बचे नंबरों के लिए फिर से पंजीकरण शुरू होगा। इसके बाद इसके नतीजे जारी होंगे। वहीं इसके बाद भी जितने नंबर बचेंगे, उन्हें पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकते हैं। इसमें आकर्षक और अति आकर्षक नंबर के लिए निर्धारित आधार मूल्य ही चुकाना होगा। वहीं, सामान्य पसंदीदा नंबर भी लोगों के लिए प्राप्त करने का मौका है। इसमें दो पहिया वाहन के लिए एक हजार रुपए और चार पहिया वाहन के लिए पांच हजार रुपये निर्धारित हैं।

ANNEXURE 47
FORMATS C-1 TO C-8 AND CA
Format C-1
Declaration about criminal cases (for candidate to publish in News Paper, TV
(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and address of candidate **MAHKAR SINGH** Village & Post Dujana, Tehsil Dadri Dist G.B. Nagar U.P.
Name of Political Party INDEPENDENT
(Independent candidates should write Independent here)
Name of Election 13, Gautambuddha Nagar
Name of Constituency LOKSABHA
I Mahakar Singh a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about may criminal antecedents.

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJMI G.B. Nagar | 105/2020, 8/4/24 | Pending | 427 IPC, 4 Indian Forest Act. Roognt UP Green Trees |
| 2. | ACJMI G.B. Nagar | 509/2011, 3/5/24 | Pending | 323, 324, 325, 452, Anti Family Causing Hurt |
| N.A | N.A | N.A | N.A | N.A |

(B) Details about cases of conviction for criminal offense

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Descripation of offense(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A | N.A | N.A |
| | N.A | N.A | N.A |
| | N.A | N.A | N.A |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.
**Note:**
1. The particulars regarding criminal cases pending against the candidate shall be in bold letters.
2. The matter in newspapers shall be published in font size of at least 12.
3. Details should be given separately for each case in separate rows.
4. If a candidate is contesting an election on the ticket of a particular party, he/she is required to inform the party about the criminal cases pending against him/her.
5. The candidate shall report about publishing of declaration regarding criminal cases immediately after such publication to the Returning Officer In addition, he shall submit a report about publishing of the declaration regarding cases in Format C-4 along with the account of election expenses within 30 days of declaration of result of election. (a) In case of elections to the Lok Sabha and the Legislative Assemblies, this shall be submitted to District Election Officer concerned, (b) In case of elections to the Rajya Sabha and the State Legislative Council, this shall be submitted to the Returning Officer concerned
This may be published in Newspapers and IV from the day following the last date for withdrawal of candidature
378 Handbook for Retuning Officer

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## अंतरराष्ट्रीय अनुबंध व रियल एस्टेट पर सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ ने 10 से 13 अप्रैल तक कानून के अपने सभी छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुबंध और रियल एस्टेट पर एक क्रेडिट सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया और पेश किया। सर्टिफिकेट कोर्स डायरेक्टर ऑपरेशंस, आराधना गलगोटिया की पहल थी, जिनके लॉ स्कूल के प्रति अटूट समर्थन



ने लॉ स्कूल के छात्रों को हमेशा कई महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किए हैं। रिसोर्स पर्सन सजना नोवोस्लेइक एक अंतरराष्ट्रीय वकील हैं, जिनके पास मुख्य रूप से रियल एस्टेट और बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में अनुबंध प्रारूपण में विशेषज्ञता है। वह घरेलू और सीमा पार लेनदेन दोनों में ग्राहकों की सहायता करती है और वर्तमान में एक बहुत ही सफल प्रैक्टिसिंग वकील है। व्याख्यानों में उन्होंने छात्रों को एक अनुबंध बनाने और उसमें मुकदमेबाजी की प्रकृति के बारे में जटिल विवरणों का ज्ञान दिया। शेयर डील, पूर्ण परिश्रम और रियल एस्टेट पर कानून के कार्यान्वयन में लागू देश की स्थिति जैसी अवधारणाएं पाठ्यक्रम में चर्चा की। इस सर्टिफिकेट कोर्स ने गलगोटियास विश्वविद्यालय में कानून के छात्रों के लिए करियर विकास की अपनी खोज को समझने और आगे बढ़ाने के लिए एक नई श्रृंखला और दिशा खोली है। सर्टिफिकेट कोर्स सीखी गई अवधारणाओं के मूल्यांकन और छात्रों के झुकाव परिणामों में उत्सुकता से भाग लेने के साथ समाप्त हुआ।

## प्रधानमंत्री के संकल्प 'अबकी बार 400 पार' को पूरा करेंगे कार्यकर्ता : भूपेंद्र चौधरी

**बुलंदशहर,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। सुरजभान सरस्वती इंटर कॉलेज शिकारपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को बूथ स्तर के कार्यकर्ता पूरा करेंगे। उन्होंने कहा की शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख सब मिलकर बूथ विजय अभियान चलाएं। सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को सचेत करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया, राम मंदिर का निर्माण कराया, किसानों के निजी नलकूपों के बिल माफ किये, देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दिलाई, कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सांसद डॉक्टर भोला सिंह, जिला अध्यक्ष विकास चौहान, विधायक अनिल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष हिमांशु मित्तल, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, पूर्व विधायक विमला सोलंकी, पालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी, मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग, जिला महामंत्री संजय चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष सभी बूथ




अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शंभू सिंह राघव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी का दो बार नाम लिया मेरी बहन कहकर संबोधित किया।

# साहित्य

पंजाबी कहानी

# इन्सानियत



मूल: करतार सिंह दुग्गल
अनुवाद : कीर्ति केसर

बलोच सिपाही मिल्टरी के ट्रक में मुर्गों की तरह लद गये थे। उनका सामान वैपन-कैरियर में सुबह भेज दिया गया था। हर फौजी के पास सिर्फ अपनी-अपनी बन्दूक थी। समय ही कुछ ऐसा था कि बन्दूकों पर संगीनें हर समय चढ़ी रहती थीं।

बलोच फौज़ियों की इस टुकड़ी का सरदार एक रमजान खान नाम का जमादार था, जिसे सभी 'मौलवी जी, मौलवी जी' कहते थे। चलती लारी में जमादार नमाज पढ़ने के लिए खड़े हो जाते। फसादों में लाशों के ढेर के आगे मुस्सला बिछाकर लोगों ने नमाज के समय उन्हें नमाज पढ़ते देखा था। एक सिपाही उनकी दायीं तरफ बन्दूक लेकर खड़ा होता और एक सिपाही उनकी बायीं तरफ। देश विभाजन के बाद अमृतसर क्षेत्र से मुसलमानों को निकाल-निकालकर वे पाकिस्तान भेजते। जली हुई मस्जिदों के सामने लारी रुकवाकर ये रोने लगते।

और अब उनका काम खत्म हो चुका था। कोई भी मुसलमान ऐसा नहीं रह गया था जिसे मौलवी ने पाकिस्तान की स्वर्ग-सी जमीन पर न भिजवा दिया हो। जो अपने घरबार छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे, उन्हें मौलवीजी इस्लामी राज्य के सुन्दर चित्र दिखाते और कोई भी उनका कहना टाल न पाता।

और आज अब लारी चलने लगी तो मौलवीजी को अचानक खयाल आया भगवान तो सभी का एक है। अमृतसर के हरिमन्दिर की नींव एक मुसलमान फकीर ने रखी थी, गुरु नानक को अहले-सुन्नत भी अपना पीर मानते हैं और मौलवीजी ने दूर गुरुद्वारे के चमकते हुए सुनहरे कलशों को देखकर सिर झुका दिया।

लारी चली तो ठंडी हवा के पहले झोंके साथ ही मौलवीजी की आंखें मुंदने लगीं। मौलवाजी की आंखें मुंदीं तो फसादों के वीभत्स दृश्य उनकी आंखों के सामने उभरने लगे। किस तरह मुसलमानों ने हिन्दू-सिखों के टुकड़े-टुकड़े किये थे और किस तरह हिन्दू-सिखों ने मुसलमानों से गिन-गिनकर बदले लिये थे। कोई कहता पहले हिन्दुओं ने की थी, कोई कहता मुसलमानों ने की थी...।

जमादार रमजान खान ऐसे ही खयालों में खोया हुआ था कि सड़क से एक खौफनाक चीख के बाद ट्रक में सिपाहियों के हंसने की आवांज आयी। पूछने पर पता चला कि साइकिल पर जा रहे नौजवान सिख के पास से जब लारी गुजरी तो लारी के एक सिपाही ने अपनी संगीन से उसके गले को छलनी कर दिया। वह सिख साइकिल से उछलकर नाली में गिर पड़ा जैसे कोई मेंढक उछलकर गिरता है। इसी घटना पर सिपाही हंस रहे थे। जमादार भी सिख को मारने की इस तरकीब पर हंसने लगा। उसने सोचा चलो एक सिखड़ा और कम हुआ। और अपनी डायरी में दुश्मन के जानी नुकसान के ब्यौरे में उसने एक नम्बर और बढ़ा लिया।

> इसी तरह गाते-गाते एक सिपाही ट्रक में ड्राइवर के दाहिने आकर बैठ गया, दूसरा जमादार से इजाजत लेकर उनके बायीं और बैठ गया। और संगीनों को उन्होंने बाहर निकालकर रख लिया जैसे कोई शिकारी की घात में बैठा हुआ हो।

ट्रक से हंसी अभी थमी नहीं थी कि सड़क से फिर एक भयानक चीख सुनाई दी। इस बार आवाज किसी औरत की थी। और लारी में कहकहों की आवाज और ऊंची हो गयी। दूध बेचकर गांव जा रही किसी ग्वालिन को इस बार निशाना बनाया गया था। संगीन की नोक ग्वालिन की चोटी में जाकर लगी थी और उसके बालों की लट संगीन के साथ कट कर आ गयी थी और ग्वालिन का बर्तन एक तरफ गिर गया था और ग्वालिन दूसरी तरफ ढेर हो गयी थी।

सुबह की ठंडी-ठंडी हवा चल रही थी। अमृतसर शहर के बाहर सड़क पर कोई इक्का-दुक्का ही आ-जा रहा था। बलोच फौजियों ने पाकिस्तान की शान में गीत गाने प्रारम्भ कर दिये पाकिस्तान आसमान में चमकता एक तारा है, पाकिस्तान दुनिया में इनसाफ का एक नमूना होगा, पाकिस्तान गरीबों और अनाथों का सहारा होगा, पाकिस्तान में कोई जालिम होगा, न कोई मजलूम...।

इसी तरह गाते-गाते एक सिपाही ट्रक में ड्राइवर के दाहिने आकर बैठ गया, दूसरा जमादार से इजाजत लेकर उनके बायीं और बैठ गया। और संगीनों को उन्होंने बाहर निकालकर रख लिया जैसे कोई शिकारी की घात में बैठा हुआ हो।

सड़क पर फिर एक औरत नजर आयी, गले में गातरे वाली कृपाण, कोई सिख नजर आ रही थी। ड्राइवर ने धीरे-से ट्रक को उसके पास से निकाला और उसके दायीं ओर बैठे बलोच सिपाही ने उस गोल-मटोल गुरु की भक्तिन को जैसे नेजे पर उछाल दिया हो। सुनसान सड़क पर फिर एक चीख सुनाई दी। ट्रक में फिर कहकहे उठे। ड्राइवर ने फिर ट्रक को तेज कर लिया।

और जहां जाकर वह औंधी गिरी, दूर तक सिपाही एड़ियां उठाकर उसे तड़फते हुए देखते रहे। फिर उसके सम्बन्ध में बातें होने लगीं। कोई कहता गुरुद्वारे से आ रही थी तो दूसरा कहता गुरुद्वारे जा रही थी। कुछ का खयाल था कि खा-पीकर मोटी हो रहीथी।

और जमादार को समझ नहीं आ रहा था कि वह अपनी डायरी में दुश्मनों के जानी नुकसान के हिसाब में एक औरत लिखे या एक औरत और एक बच्चा।

जमादार रमजान खान बार-बार डायरी खोलता और अपने हिसाब को अप-टू-डेट करता। शहर से जैसे-जैसे वे दूर होते जा रहे थे, वैसे-वैसे खतरा कम होता जा रहा था। बलोच सिपाहियों के हौसले बढ़ते जा रहे थे और उन्हें इस नए खेल में मजा आ रहा था।

हवा से बातें करता मिल्टरी का ट्रक जैसे उड़ता जा रहा था। सामने सीमा पर पाकिस्तानी झंडा दिखाई देने लगा था। बलोच सिपाहियों ने झंडे को देखते ही 'पाकिस्तान जिन्दाबाद' के पांच नारे लगाये और फिर कोई नगमा गाने लगे।

झंडा जरूर नंजर आने लगा था, पर सरहद अभी लगभग तीन मील दूर थी।

थोड़ा ही आगे जाकर बलोच सिपाहियों ने देखा कि तीन सिख सड़क पर जा रहे थे, दो-दो दायीं ओर तथा एक बायीं और। तीनों में कोई पचास-पचास कदमों का अन्तर था।

ड्राइवर के पास अगली सीट पर बैठे बलोच सिपाहियों ने आंखों-आंखों से कोई योजना बनायी। और जब सारा नक्शा इशारों-इशारों से सभी की समझ में आ गया तो तीनों मुस्करा पढ़े।

फिर ड्राइवर ने ट्रक को दायीं और कच्चे रास्ते पर डाल दिया। अगले ही क्षण एक नौजवान सिख संगीन की नोक से बिंध गया। ट्रक तेज हो गया। नौजवान की चीख सुनकर उसी ओर जा रही औरत ने हैरानी और घबराहट से पीछे मुड़कर देखा। ट्रक उस समय तक उसके सिर पर पहुंच चुका था और तेजी से बाहर आती संगीन उसकी छाती में गढ़ गयी। ट्रक और तेज हो गया। अब बायीं ओर जा रहे बूढ़े की बारी थी। बूढ़ा जैसे ऊंचा सुनता हो, उसे कुछ भी सुनाई नहीं दिया था। ड्राइवर बड़े साहस से ट्रक को सड़क पर ले आया और फिर बायीं ओर कच्चे रास्ते पर डाल दिया और पूरी रफ्तार के साथ ट्रक को बूढे के पास से निकाला। बूढ़ा भूखा-प्यासा कोई शरणार्थी लग रहा था। संगीन की नोंक चुभते ही उछला और पहिये के आगे जा गिरा। उसकी खोपड़ी ट्रक के भारी पहियों के नीचे कुचल गयी। ड्राइवर ने ट्रक को और तेज कर दिया।

सामने दिख रहा पाकिस्तान का धर्म, सच और न्याय का प्रतीक चांद-तारे वाला झंडा लहरा रहा था। ड्राइवर ने ट्रक को और तेज कर दिया। अपने देश से आ रही प्यार-भरी तेज हवाएं जैसे बलोच सिपाहियों का स्वागत कर रही थीं और एक नशे में बलोच सिपाही 'अल्लाह हू अकबर' और 'पाकिस्तान जिन्दाबाद' के नारे लगा रहे थे।

सिपाही नारे लगाते जा रहे थे, ड्राइवर ट्रक की रफ्तार को बढ़ाता जा रहा था। तभी ड्राइवर ने देखा कि अचानक एक जंगली बिल्ली कूद कर सड़क के बीच में आ गयी। ड्राइवर ने बिल्ली को देखा, जमादार ने भी बिल्ली को देखा। 'इनसानियत का तकाजा...' इस तरह हुक्म उसके मुंह में ही था कि ड्राइवर ने खुद ही ट्रक को एक तरफ करते हुए बिल्ली को बचाने की कोशिश की। बिल्ली तो बच गयी, पर इतनी तेज जा रहे ट्रक कर हैंडल मुड़ा तो फिर सम्भाल न सका। ट्रक कच्चे रास्ते पर आ गया, फिर कच्चे रास्ते से उतर कर एक पेड़ से टकराकर उलट गया। ट्रक ने एक करवट ली, फिर दूसरी।

पच्चीस मिली-जुली चीखें निकलीं। और फिर जैसे सभी के गले पकड़ लिए गयें हों, एकदम सन्नाटा छा गया। इंजन के पेट्रोल से ट्रक को आग लग गयी। सड़क पर कोई भी हिंदुस्तानी नहीं था जो बलोच सिपाहियों की मदद के लिए पहुंचता।

दूर दिख रहा पाकिस्तान का झंडा वैसे ही लहरा रहा था। घबराहट में सड़क के किनारे कीकर के पेड़ पर बिल्ली चढ़ गयी थी और वहीं से काँटों में से आँखें फाडे ज़ल रहे ट्रक को देख रही थी और हैरानी हो रही थी।

हास्य-कविता

## चुनावी आंकड़ों का बाज़ार

■ डॉ लोक सेतिया

कितना अनुपम है , हर दल का इश्तिहार ,
जनता का वही ख़्वाब सुहाना , सच होगा
देश की राजनीति का बना पचरंगा अचार
नैया खिवैया पतवार चलो भवसागर पार ।

देख सखी समझ आंख मिचौली की पहेली
सत्ता होती है , सुंदर नार बड़ी ही अलबेली
सभी बराबर अब राजा भोज क्या गंगू तेली
मांगा गन्ना देते हैं गुड़ की पूरी की पूरी भेली ।

अपना धंधा करते हैं जम कर के भ्र्ष्टाचार
हम जैसा नहीं दूसरा कोई सच्चा ईमानदार
दोस्त हैं दुश्मन , सभी हम उनके दिलदार
दुनिया सुनती महिमा , अपनी है अपरंपार ।

हमने मैली कर दी गंगा यमुना सारी नदियां
पापियों के पाप धुले कहां नहलाया सौ बार
डाल डाल पर बैठे उल्लू , पात पात मेरे यार
खाया हमने सब कुछ नहीं लिया पर डकार ।

अपने हाथ बिका हुआ है आंकड़ों का बाज़ार
अपना खेल अलग है , जीतने वाले जाते हार
काठ की हांडी हमने देखी चढ़ती बार-बार
कौन समझा कभी जुमलों की अपनी बौछार ।

अपना रोग लाईलाज है कौन करेगा क्या उपचार
जितनी भी खिलाओ दवाई कर लो दुआएं भी पर
कुछ असर नहीं होता हम को रहना पसंद बिमार
बदनसीब जनता का ख़त्म नहीं होता इन्तिज़ार ।

## सितारा शाम से निकला हुआ है

■ नसीर अहमद नासिर

सितारा शाम से निकला हुआ है
दिया भी ताक़ में रक्खा हुआ है

कहीं वो रात भी महकी हुई है
कहीं वो चाँद भी चमका हुआ है

अभी वो आँख भी सोई नहीं है
अभी वो ख़्वाब भी जागा हुआ है

किसी बादल को छू कर आ रही है
हवा का पैरहन भीगा हुआ है

ज़मीं बे-अक्स हो कर रह गई है
फ़लक का आइना मैला हुआ है

ख़मोशी झाँकती है खिड़कियों से
गली में शोर सा फैला हुआ है

हवा गुम-सुम खड़ी है रास्ते में
मुसाफ़िर सोच में डूबा हुआ है

कोई नींदों में ख़ुशबू घोलता है
दरीचा ख़्वाब का महका हुआ है

किसी गुज़रे बरस की डाइरी में
तुम्हारा नाम भी लिक्खा हुआ है

चराग़-ए-शाम की आँखें बुझी हैं
सितारा ख़्वाब का टूटा हुआ है

सफ़र की रात है 'नासिर' दिलों में
'अजब इक दर्द सा ठहरा हुआ है'

# फ़िल्म 'चक्र' (1981) : रबिन्द्र धर्मराज

■ अजीत चंद्रवंशी

सभ्यता के विकासक्रम में नगरों का विकास अनिवार्य रूप से हुआ। बाज़ार-विनिमय के केंद्र नगर के रूप में विकसित होते गए। नगर प्रशासन के केंद्र भी रहे हैं, इसलिए वहां तमाम नागरिक सुविधाएं पहले-पहल उपलब्ध होती रही है। उद्योग और व्यापार के केंद्र के कारण रोजगार की उपलब्धता भी यहां बढ़ी जिसके कारण आस-पास के ग्रामीण भी नगर की ओर आकर्षित होते रहें।

नगरों में सब सुविधाएं तो होती हैं मगर जगह की कमी होती है,इसलिए जनघनत्व अत्यधिक होता है। जो थोड़ी-बहुत जगहें होती हैं इस पर 'पैसे वालों' की ही पहुँच हो पाती है। बहुसंख्यक जनता छोटे-छोटे कमरों में किसी तरह निर्वाह करती है।मगर मजदूर वर्ग को इतना भी नसीब नहीं होता और अधिकांशत: झोपड़-पट्टियों में जीवन निर्वाह करते हैं।

इधर नगर, महानगर बन गए तो झोपड़-पट्टियों की संख्या घटने के बजाए बढ़ती गई। बड़े-बड़े 'स्लम एरिया' बन गए जहां जिंदगियां घसीट रही हैं। बावजूद इसके यहां आने वालों की संख्या कभी कम नहीं होती। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की बर्बादी,सीमित आय,बेहतर जीवन की लालसा,जीवन निर्वाह में दिक्कत आदि कई कारणों से लोग शहर आते ही रहते हैं।

इस तरह महानगरों में एक बड़ी आबादी लगभग 'आवास विहीन' स्थिति में जीवन जीती रहती है। ये क्षेत्र राजनीति के 'खेल' के क्षेत्र भी होते हैं। राजनीतिज्ञ आवास और सुविधाएं देने के बड़े-बड़े वादे करके जाते हैं, मगर स्थिति ऐसी ही रहती है।

मगर जीवन है कि अपनी राह बना लेता है।परिस्थिति कैसी भी जीवन जीने के 'तरीके' विकसित हो जाया करते हैं।ज़ाहिर है ये तरीके तथाकथित सभ्य समाज से भिन्न होते हैं।अभाव की पूर्ति का भी अपना मनोविज्ञान होता है। जहाँ दोनों जून रोटी मिलने की निश्चिंतता न हो वहां भविष्य की कौन सोचेगा! वहां तो 'आज है तो मौज कर लो कल भले भूखा रहो' का दर्शन ही पनपेगा।

ले देकर झोपड़ी की एक खोली, वहीं सब को गुजर करना है। ऐसे में कहां की प्राइवेसी!न शौचालय, न स्नान घर। नैतिक-अनैतिक,मर्यादा सब धरे रह जाते हैं! बच्चे उम्र से पहले बड़े हो जाते हैं।


ग़रीबी और असुविधा की अपनी एक संस्कृति होती है। मार्क्सवाद की शब्दावली में कहें तो यह 'लम्पट सर्वहारा' की संस्कृति ।मेहनत से पैसा नहीं मिलता,ऊपर से छोटी-छोटी गलती में अपमानित होना पड़ता है, ऐसे में काल्पनिक इच्छापूर्ति का रास्ता ही बचता है!शराब, सेक्स,फिल्मी नकल और हीरोभाव,अराजकता जीवन दर्शन बन जाता है ।देहव्यवसाय, नशाखोरी, अवैधशराब,के ये केंद्र बनते जाते हैं।

> इस तरह महानगरों में एक बड़ी आबादी लगभग 'आवास विहीन' स्थिति में जीवन जीती रहती है। ये क्षेत्र राजनीति के 'खेल' के क्षेत्र भी होते हैं। राजनीतिज्ञ आवास और सुविधाएं देने के बड़े-बड़े वादे करके जाते हैं, मगर स्थिति ऐसी ही रहती है।

'सभ्य जीवन' के मापदंड और अभाव के इस द्वंद्व में जो संस्कृति और जीवन दर्शन विकसित होता है वह इन जगहों में देखा जा सकता है,जहां दाहकर्म के बाद शराबनोशी सहज होता है।

ऐसा नहीं कि ग़रीबी की इस 'संस्कृति' में मानवीय संवेदना, प्रेम की चाह या करुणा नहीं होती, मगर वक्त-बेवक्त यह बेबसी उभर ही आती है जिसका ईलाज तो क्या होगा! बस दर्द हद से गुजर कर दवा हो जाता है।

फ़िल्म 'चक्र' के पात्र भी इसी 'महानगरीय स्लम संस्कृति' में जी रहे हैं। कथा 'अम्मा' के इर्द-गिर्द बुनी गई कही जा सकती है। हालांकि फिल्म में 'कहानी' कम परिवेश का दृश्य-चित्रण अधिक है,डाक्यूमेंट्री फ़िल्म की तरह।




'अम्मा' अपने पति के साथ गांव से भागकर आयी थी,क्योंकि ठेकेदार उसके साथ ज्यादती करना चाह रहा था और इस बचाव में अम्मा का पति उसकी हत्या कर देता है। और इस तरह वे महानगर के स्लम एरिया में आ जाते हैं। उसका पति झोपड़ी बनाने के लिए टीन 'चोरी' करते वक्त पुलिस की गोली से मारा जाता है।

'अम्मा' अपने बेटे का किसी तरह पालन पोषण कर इसे बड़ा करती है। इस दौरान पहले 'लुक्का' से उसका सम्बन्ध बनाता है,मगर बाद के दिनों में जब उसका बस्ती में आना कम हो जाता है तो ट्रक डाइवर 'अन्ना' से सम्बन्ध बनाती है।

ह सम्बन्ध जितना दैहिक है उतना ही 'पारिवारिक' सुरक्षा की चाह भी। 'अम्मा' के अन्तस् में इस बस्ती में रहकर भी 'अच्छे' जीवन की चाह है जिसमे कहीं पुलिस का साया न हो।उसके ज़ेहन में बार-बार पति का पुलिस गोली से मारा जाना कौंध जाता है। इसलिए वह अपने बेटे 'बेनवा' को बार-बार 'गैर कानूनी' कामों से दूर रखने का प्रयास करती है। ज़ाहिर है इस माहौल में उसकी सोच बार-बार खंडित होती है।

वह 'लुक्का' को अपने पास रोकने में असफल होकर ही कहीं 'अन्ना' के तरफ आकर्षित होती जान पड़ती है। उसके गर्भ में अन्ना का बच्चा है।यह सुखद अहसास उसे कुछ देर के लिए खुशियों से भर देता है।मगर उसके भविष्य के बारे में सोचकर वह आशंकित हो जाती है। वह इस 'गटर' में बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती और उसके लिए अलग 'झोपड़ी' चाहती है। अन्ना का चरित्र सहज है,वह यथासम्भव सहयोग करता है।

'लुक्का' बिंदास,मस्त-कलंदर 'अपनो' से प्रेम करने वाला व्यक्ति है।पैसा किसी भी तरह कमाता है, ज़ाहिर है 'गैर कानूनी' ढंग से।उसके व्यक्तित्व और पैसे के कारण बस्ती की कई स्त्रियां उसके करीब आती हैं, मगर वह कहीं टिककर रहता नहीं ,और अंतत: अपनी रंगीन मिज़ाजी के कारण संक्रामक बीमारी से ग्रस्त होकर असहाय हो जाता है जिसकी मंज़िल मृत्यु ही है।मगर उसके अंदर करुणा है। किसी क्षण उसे अपनी विडम्बना का बोध भी होता है और वह अपने उस बच्चे को याद करता है जिसका उसने गर्भपात करवा दिया था।मगर जैसे वह यह भी जानता है कि चाहकर भी ऐसी ज़िंदगी से मुक्त नहीं हो सकता।

'बेनवा' किशोर उम्र को पार कर युवावस्था में प्रवेश कर रहा है। 'अच्छा काम' करने का प्रयास करते रहता है,मगर 'मालिकों' के बात-बात पर तिरस्कार और अपमान से उसका विश्वास खंडित होता है और वह 'लुक्का' की राह से आकर्षित होता है जहां 'लुटेरों' से छीनना कोई बुराई नहीं है।

फ़िल्म के क्लाइमेक्स में 'बेनवा' और 'अमली' के विवाह से जैसे स्थिति में सुधार दिखाई पड़ती है,मगर विडम्बना कि जैसे इस दुनिया से कहीं मुक्ति ही नहीं है। पुलिस लुक्का को गिरफ्तार करने आती आती है बचाव करने पर बेनवा को भी पकड़ लेती है। अम्मा को धक्का देने से उनके पेट मे ठोकर लग जाती है और सब कुछ खत्म हो जाता है।उसकी सुनी आँखों मे जैसे फिर अंधेरा छा जाता है।

अमली के जीवन की शुरुआत ही जैसे इस विडम्बना से होती है और एक तरह से वह दूसरी 'अम्मा' बन जाती है। फिर वही जीवन,वही दुनिया! यह 'चक्र' क्या कभी खत्म नहीं होगा? फ़िल्म के आख़िर में प्रशासन द्वारा बस्ती उजाड़ दिया जाता है। बस्तियां अब भी उजाड़ी जाती हैं।मगर जैसे कि फ़िल्म में पार्श्व में यह गीत बजता रहता है

'सर छुपाने को छाया नहीं ना सही
बस ही जाएगी बस्ती कोई फिर नयी

*फ़िल्म जयवंत दलवी के मराठी उपन्यास 'चक्र' पर आधारित है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## रूस यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार : क्रेमलिन

**मॉस्को,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। बातचीत का आधार 2022 का निरस्त शांति समझौता हो सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने ये बात कही है। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ बैठक में पुतिन ने कहा कि मॉस्को बातचीत फिर से शुरू करने के पक्ष में है, लेकिन बातचीत का मकसद किसी भी ऐसी योजना को थोपना नहीं होना चाहिए जिसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है।

# ईरान 'आज नहीं तो कल' इजराइल पर करेगा हमला : बाइडेन

■ इजराइल पर ईरानी जवाबी हमले के लिए अमेरिका हाई अलर्ट पर

**वाशिंगटन,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा है कि उन्हें लगता है कि ईरान एक दिन इजरायल पर हमला करेगा।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जब बाइडेन से शुक्रवार को पत्रकारों ने पूछा कि इजरायल पर ईरान कब हमला कर सकता है, तो उन्होंने कहा कि कोई पक्की जानकारी नहीं है, लेकिन जल्द होने की संभावना है।

पत्रकारों के एक दूसरे सवाल के जवाब में बाइडेन ने कहा कि अमेरिका इजरायल की रक्षा के लिए समर्पित है। हम इजरायल का समर्थन करेंगे, हम इजरायल की रक्षा में मदद करेंगे और ईरान सफल नहीं होगा। इजराइल पर ईरानी जवाबी हमले के लिए अमेरिका हाई अलर्ट पर है, क्षेत्र में युद्ध की आशंका बढ़ गई है।



अमेरिका इजरायल की रक्षा के लिए समर्पित है, ईरान सफल नहीं होगा : बाइडेन

## इजरायल-ईरान विवाद से विश्व युद्ध छिड़ने का खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजरायल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि के लिए वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से अक्षम अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि उन्होंने इस संकट से संबंधित एक वैश्विक नेता से बातचीत की है लेकिन उन्होंने कोई विवरण देने से इनकार कर दिया।

## ईरान के संभावित हमले का जवाब देने को अमेरिका के साथ इजराइल तैयार : हरजी हलेवी



**जेरूसलम।** इजराइल के सैन्य प्रमुख हरजी हलेवी ने कहा है कि ईरान के संभावित हमले का जवाब देने के लिए उनकी सेना यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के साथ तैयार है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजराइली हवाई हमले के बाद ईरान के संभावित हमले को देखते हुए इजराइल हाई अलर्ट पर है। इजराइल के हमले में सात वरिष्ठ ईरानी अधिकारी मारे गए थे।सेना द्वारा जारी तस्वीरों में सेंटकॉम कमांडर जनरल माइकल एरिक कुरिला को शुक्रवार को हलेवी और इज़राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के वरिष्ठ कमांडरों के साथ तेल अवीव में एक बैठक में भाग लेते हुए दिखाया गया है। हलेवी ने कहा कि आईडीएफ किसी भी हमले के खिलाफ मजबूती से तैयार है। उन्होंने कहा कि सेना अमेरिकी सशस्त्र बलों के साथ मिलकर संभावित हमले से निपटने के लिए लगातार तैयारी कर रही है। एक प्रेस वार्ता में, आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए बैठक आयोजित की गई थी। हगारी ने कहा कि उनकी सेना हाई अलर्ट पर है।

पिछले हफ्ते सीरिया में ईरानी राजनयिक परिसर पर इजरायल के हमले के बाद व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि ईरान से वास्तविक खतरा बना हुआ है। इजरायली हमले में तीन ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी।

अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस सहित कई अन्य देशों ने इजराइल में अपने सरकारी कर्मचारियों के लिए नए यात्रा दिशा निर्देश जारी किए हैं। संभावित खतरे को देखते हुए इराक और सीरिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों के लिए पेंटागन सुरक्षा मजबूत करने के लिए काम कर रहा है। इसी साल जनवरी में, जॉर्डन में अमेरिकी हवाई सुरक्षा पर एक ड्रोन घुसने से तीन अमेरिकी सदस्यों की मौत हो गई थी। अमेरिका यह अनुमान नहीं लगा रहा है कि ईरान अमेरिकी सेना पर कहां हमला करेगा।

## ईरान ने बीच समुद्र में जब्त किए इजरायल के मालवाहक जहाज

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के सैन्य बलों ने इजरायल से जुड़े एक मालवाहक जहाज को शनिवार को जब्त कर लिया जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इस जहाज पर 17 भारतीय नागरिक भी मौजूद हैं। यह जहाज ओमान की खाड़ी से होर्मुज पास होते हुए भारत आ रहा था जिस पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। वीडियो में फुटेज में ईरानी सैन्य बल के जवान हेलिकॉप्टर से जहाज पर उतरते हुए दिख रहे हैं। ईरान और इजरायल में तनाव बढ़ता जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, कब्जे में लिया जहाज, जिसका नाम 'एमएससी एरीज़' है, पुर्तगाल के झंडे के नीचे संचालित होता है। यह लंदन स्थित कंपनी 'ज़ोडियाक मैरीटाइम' से जुड़ा है और इसका स्वामित्व इज़राइली अरबपति इयाल ओफ़र के पास है।

जहाज पर 17 भारतीय नागरिक भी मौजूद

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 14 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में रखेगी। नौकरी- व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतियोगी वातावरण रहेगा, इसमें से बाहर आने का प्रयत्न सफल साबित होगा। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

वृषभ - मन की दुविधा के कारण ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी। इसके परिणाम स्वरूप हाथ में आए हुए अवसर खो सकते हैं। शर्मीले व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

मिथुन - आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे-संबंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे।

कर्क - आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन की कमजोरी आपको लाभ से वंचित न कर दें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा। मित्र-मंडल, स्त्री वर्ग और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला - किसी लंबी दूरी या धार्मिक स्थल की यात्रा होगी। विदेश यात्रा भी हो सकती है। संतान और स्वास्थ्य को लेकर आपको चिंता रहेगी। नौकरी पेशावालों को आज अधिकारियों तथा सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा।

वृश्चिक - आज का दिन बिना किसी प्रवृत्ति के सावधानीपूर्वक व्यतीत करना पड़ेगा। नए काम शुरू न करें। आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

धनु - बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। मनोरंजन, प्रवास, मित्रों के साथ मुलाकात, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान के साथ की निकटता आज के दिन को आनंदित और रोमांचित बनाएगा।

मकर - आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति मिलेगी। आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। व्यापार के विकास के लिए दिन फलदायक साबित होगा। धन लाभ का योग है।

कुंभ - वैचारिक रूप से काफी चिंतित रहने के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना ही हितकर होगा। यात्रा-प्रवास में परेशानी हो सकती है। निर्धारित काम पूरा नहीं होने के कारण आपको काफी निराशा होगी। मन अशांत बनेगा।

मीन - आज ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ वाद- विवाद हो सकता है। किसी भी तरह के दस्तावेजी काम के प्रति सावधानी बरतें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ में दो सैनिक व एक आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में शनिवार को एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन में दो सैनिक और एक आतंकवादी मारा गया। यह जानकारी सेना ने दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, ऑपरेशन के दौरान भारी गोलीबारी के बाद आतंकवादी गिरोह का एक सरगना मारा गया, जबकि दो अन्य आतंकवादी घायल हो गए।



डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, दो सैनिकों की पहचान लांस हवलदार मुदस्सर महमूद और लांस नायक हसीब जावेद के रूप में की गई, जो शहीद हो गए। ऑपरेशन में वांछित आतंकवादी मारा गया, जिसकी पहचान सलीम रब्बानी के रूप में हुई।

## पाकिस्तान में एक व्यक्ति ने पत्नी और सात बच्चों की हत्या कर दी

**मुजफ्फरनगर।** पाकिस्तान के मुजफ्फरनगर के पास अलीपुर सदर पुलिस क्षेत्र में एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद को लेकर पत्नी और अपने सात बच्चों की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि पेशे से दर्जी सज्जाद हुसैन ने हथौड़े से पत्नी और सात बच्चों की हत्या कर दी। बच्चों की उम्र छह महीने से आठ साल तक थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सज्जाद ने गरीबी के कारण अपने परिवार की हत्या कर दी। परिवार में बार-बार होने वाले झगड़ों सहित कई घरेलू मुद्दे थे जिनसे सज्जाद तंग आ गया था। जिला कार्यक्रम अधिकारी हुस्नैन हैदर के मुताबिक आरोपी दिव्यांग है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने घटना का संज्ञान लिया है और पुलिस महानिरीक्षक से रिपोर्ट मांगी है।

## धनखड़ ने आगामी त्योहारों पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बैसाखी, मेशादी, वैसाखड़ी, पुथांडु, विशु, नव वर्ष और बोहाग बिहू के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं । धनखड़ ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि देशभर में अनूठे नामों और विभिन्न परंपराओं के साथ मनाए जाने वाले ये त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के परिचायक हैं। ये त्योहार आशावाद की एक नई भावना और समृद्ध भविष्य की उम्मीद की प्रतिध्वनित करते हैं। उन्होंने कहा कि नई शुरुआत की खुशी को गले लगाते हुए, आइए हम खुद को विविधता में एकता की उस भावना के प्रति फिर से प्रतिबद्ध करें, जो भारत के सभ्यतागत लोकाचार को परिभाषित करती है।

## सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में 6 लोगों की चाकू मारकर हत्या

**सिडनी,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। सिडनी में शनिवार को एक हमलावर ने एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। हमलावर को बाद में पुलिस ने गोली मार दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के अनुसार, सिडनी में वेस्टफील्ड के एक बड़े शॉपिंग सेंटर-बॉन्डी जंक्शन में स्थानीय समयानुसार शनिवार लगभग 3.30 बजे कई लोगों को चाकू मारे जाने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को लगाया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पूर्वी उपनगर पुलिस क्षेत्र कमान से जुड़े एक अधिकारी पर भी हमलावर ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। अधिकारी ने उसे गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि उस व्यक्ति को गोली मारे जाने से पहले उसने छह लोगों पर जानलेवा हमला किया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने एक्स पर लिखा कि मुझे एएफपी ने बॉन्डी जंक्शन पर विनाशकारी घटनाओं के बारे में जानकारी दी है।




# मिस्र व अमेरिका ने राफा में इजराइली जमीनी कार्रवाई को किया खारिज

**काहिरा,** 13 अप्रैल (आईएएनएस)। मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दक्षिणी गाजा के राफा शहर में किसी भी इजराइली जमीनी सैन्य अभियान को खारिज कर दिया है।

मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, फोन पर बातचीत के दौरान दोनों राजनयिकों ने युद्धविराम पर पहुंचने और गाजा में मानवीय सहायता को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा की।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शौकरी ने इजराइल पर अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने, निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना बंद करने और मानवीय सहायता को बढ़ाने के लिए इजराइल और गाजा पट्टी के बीच भूमि सीमा क्रॉसिंग को खोलने के लिए दबाव जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने उत्तरी गाजा में विस्थापित फिलिस्तीनियों को उनके घरों में लौटने की अनुमति देने का भी आग्रह किया। मिस्र के मंत्री ने फिलिस्तीनियों को उनकी भूमि से जबरन विस्थापित करने के प्रयासों को अपने देश द्वारा अस्वीकार करने की भी बात कही। शौकरी और ब्लिंकन ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर भी चर्चा की और इसे रोकने के प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 33,634 : मंत्रालय

**गाजा।** गाजा पट्टी में जारी इजराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 33,634 हो गई है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 24 घंटों के दौरान इजराइली सेना ने 89 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 120 अन्य को घायल कर दिया। इससे इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वाले फिलिस्तीनियों की कुल संख्या 33,634 हो गई और 76,214 लोग घायल हो गए। इस बीच, फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को वेस्ट बैंक में इजराइली बलों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव में तीन फिलिस्तीनी मारे गए। हमास ने कहा कि मारे गए लोगों में उनका एक स्थानीय कमांडर भी था।

## आज का इतिहास

1659-औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया।

1862-गुजरात के प्रमुख सार्वजनिक कार्यकर्ता प्रभाशंकर पाटनी का जन्म।

1865-अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को वाशिंगटन के 'फोर्ड थिएटर' में गोली मार दी गई। उन्होंने अगले दिन सुबह दम तोड़ दिया।

1891-भारत के संविधान निर्माता, महान वकील और दलितों के मसीहा बी.आर. आंबेडकर का जन्म।

1900-पेरिस विश्व प्रदर्शनी खुली।

1912-ब्रिटेन का आलीशान पोत टाइटैनिक हिमखंड से टकराया।

1919-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध पार्श्ववगायिका शमशाद बेगम का जन्म।

1944-गोला बारूद से लदे पोत एस एस फोर्ट स्टाइकिन में बम्बई की विक्टोरिया गोदी में विस्फोट हो गया। इसमें 1200 लोग मारे गए।

1958-सोवियत उपग्रह स्पूतनिक-2 अपने अंतरिक्ष अभियान के 162 दिन बाद नष्ट हुआ।

1963-हिन्दी के एक प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का निधन।

1981-पहला अंतरिक्ष यान कोलंबिया 1 वापस धरती पर लौटा।

1988-सोवियत संघ ने अमेरिका, पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान के साथ जिनीवा में एक समझौते पर हस्ताक्षर कर अफगानिस्तान से अपनी सेना की वापसी पर सहमति जताई।

1989-कैप्टन रंजन रॉय और उनकी पत्नी लैफ्टिनेंट कमांडर रूपाली राय ने मारुति कार से दुनिया का चक्कर लगाने के अपने अनूठे अभियान की शुरुआत की।

1995-यूक्रेन में स्थित चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र वर्ष 2000 तक बंद करने की घोषणा।

1995-भारत चौथी बार एशिया कप क्रिकेट चैंपियन बना।

1999-मलेशिया के अपदस्थ उपप्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को भ्रष्टाचार के मामले में छह वर्ष क़ैद की सज़ा।

तैयारी | मंत्रालय ने गर्मी व संभावित लू की आशंका को लेकर की समीक्षा, बोले

# रेलवे देगी स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता की गारंटी

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। रेल मंत्रालय ने देश के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने की गारंटी के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने गर्मी के मौसम और संभावित लू की आशंका को लेकर स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा की है और सभी रेलवे ज़ोन को स्थापित मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।**

रेल मंत्रालय ने गर्मी के महीनों के दौरान रेलवे ज़ोनों को निर्देश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यात्मक रहें और यात्रियों की मांग को पूरा करें। मौजूदा आपूर्ति की पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर तैनात करें और सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए स्टेशनों पर नियमित जांच करें।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल के वितरण के लिए महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूहों), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सक्रिय रूप से सहयोग लें। पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में, रेलवे अधिकारी सहयोग करें और वैकल्पिक जल आपूर्ति समाधान तलाशें। लगातार पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और किसी भी उभरती समस्या का तुरंत समाधान करने के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी के लिए एक प्रणाली लागू करें। रेल मंत्रालय ने कहा कि सभी यात्रियों को आरामदायक व सुविधाजनक यात्रा के लिए भारतीय रेल प्रतिबद्ध है।




सभी यात्रियों को आरामदायक व सुविधाजनक यात्रा के लिए भारतीय रेल प्रतिबद्ध है : रेल मंत्रालय

## नौसेना कर्मी होंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कुमार रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ओर से पुरस्कार प्रदान करेंगे। बयान के अनुसार पुरस्कारों में नव सेना पदक (वीरता), नव सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं।

## सुडोकू 6524

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 6 | | 4 | | | 5 |
| 8 | | | | 5 | | | 6 | 3 |
| | | 5 | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | | 1 |
| 7 | | | 9 | | 6 | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6524

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिल. भीतर घुला हुआ
६. सलाहकार)
७. कारखाना
९. चाल, गति, वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, झोंका, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू कांख, पहलू, पार्श्व कपड़े का टुकड़ा अंगरखे आदि के कंधा के नीचे लगाया जाता है (उर्दू)
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्यकिरण
२३. कशिश, खिंचाव

**ऊपर से नीचे:-**

१. पंचांग, कैलेंडर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादन, प्रसंग, संदर्भ
८. फायदेमंद
१०. बेचनेवाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक,, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा,(उर्दू)
१४. षड्यंत्र, साजिश
१५.गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चंदन का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6523

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ना |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | बं | ग | ■ | ल | ■ | २२ म | द | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### व्हाट्सएप भारत व अन्य बाजारों में मेटा एआई चैटबॉट का कर रहा परीक्षण

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। व्हाट्सएप ने कहा है कि वह भारत और कुछ अन्य बाजारों में यूजर्स के साथ अपने बड़े भाषा मॉडल-संचालित चैटबॉट मेटा एआई का परीक्षण कर रहा है, ताकि अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को बढ़ाने के लिए बड़े यूजर्स आधार का लाभ उठाया जा सके। तकनीकी दिग्गज ने हाल ही में अमेरिका सहित चुनिंदा बाजारों में एआई चैटबॉट का परीक्षण शुरू किया है।

मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे जेनेरिक एआई-संचालित अनुभव अलग-अलग चरणों में विकास के अधीन हैं, और हम सीमित क्षमता में सार्वजनिक रूप से उनमें से एक का परीक्षण कर रहे हैं। 500 मिलियन से अधिक व्हाट्सएप यूजर्स के साथ, भारत त्वरित संदेश सेवा का सबसे बड़ा बाजार है। टेक दिग्गज ने मेटा एआई लॉन्च किय। यह एक सामान्य-उद्देश्य वाला चैटबॉट है, जो टेक्स्ट प्रॉम्प्ट से फोटोरिअलिस्टिक छवियां उत्पन्न कर सकता है और यूजर्स के प्रश्नों का उत्तर दे सकता है। इसके अलावा, कंपनी ने इस सप्ताह की शुरुआत में पुष्टि की थी कि वह आने वाले महीने में अपना अगला ओपन-सोर्स बड़े भाषा मॉडल लामा 3 लॉन्च करेगी।

# प्रादेशिकी

## कसौली पुलिस ने ढूंढ निकाली बेशकीमती घड़ी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जनपद की कसौली पुलिस ने बेशकीमती घड़ी को ढूंढ निकाला है। आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। गुरुवार को पंजाब के रहने वाले गुरतेज सिंह ने थाना कसौली में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह दोस्तों के साथ कसौली घूमने आया था। किम्मु घाट में एक गेस्ट हाउस में तीन कमरे लिए, रात को वहीं रुके। शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे गेस्ट हाउस से चेक आउट किया। टोल प्लाजा के समीप पहुंचने पर अहसास हुआ कि हाथ में घड़ी नहीं है, जिसके बाद वो दोस्तों के साथ वापस गेस्ट हाउस पहुंचा। यहां पहुंच कर मालिक को बताया कि घड़ी बाथरूम में रह गई है, जो नहाते हुए बाथरूम में लगे हैंगर में रखी थी। गेस्ट हाउस के मालिक ने कहा कि आपके चेकआउट के बाद सफाई वाला लड़का अखिलेश ही कमरों में सफाई करने गया था। शक है कि घड़ी को बाथरूम से अखिलेश ने ही चोरी किया है।

### उत्तराखंड को बताया अनेक महापुरुषों को जन्म देने वाली धरती

## देश में जारी समस्याओं का दूसरा नाम कांग्रेस : योगी

■ अमर नाथ तिवारी

**नैनीताल,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के सीएम आदित्य नाथ योगी ने कहा कि देश की समस्याओं का नाम कांग्रेस है। आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार आदि सभी समस्याएं कांग्रेस की देन है। मोदी के नेतृत्व में सभी समस्याओं का समाधान किया है। देश ने गौरव की नई ऊंचाइयों को छुआ है। चुनावी सभा में विपक्ष पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय जातिवाद की राजनीति होती थी, अराजकता

■ मोदी के नेतृत्व में सभी समस्याओं का हुआ समाधान

■ देवभूमि की कंकड़-कंकड़ में बसे हैं शंकर

का राज होता था, तुष्टिकरण की राजनीति होती थी। आज जो परिवर्तन देखने को मिला है वो आपके वोट ने किया है। आज मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा बचपन उत्तराखंड में ही बिता। दूर दूर जाकर पानी लाना पड़ता था।






आज हर घर नल की योजना के कारण 100 में से 90 घरों में पानी पहुंच गया है। उत्तराखंड अनेक महापुरुषों को जन्म देने वाली धरती है। यूपी के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत, नारायण दत्त तिवारी और हेमवती नंदन बहुगुणा को इसी धरती ने जन्म दिया है। ऐसी धरती को कोटि कोटि नमन करता हूं। देवभूमि के कंकड़ कंकड़ में शंकर है। योगी ने कहा कि अयोध्या का विवाद कांग्रेस ने खड़ा किया था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट देकर कहा था कि राम और कृष्ण तो हुए ही नहीं। हमने राम और कृष्ण की विरासत को स्वीकार किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया। उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम को नई पहचान के साथ प्रस्तुत किया। यूपी में पहले बमबाजी होती थी। अब हर हर बम बम के उद्घोष के साथ कावड़ यात्रा निकलती है। यूपी में अपराधियों को गलतफहमी होती है कि यूपी में अपराध करके उत्तराखंड भाग जायेंगे। मैं उन्हें इस लायक छोड़ूंगा ही नहीं कि वो देवभूमि को अपवित्र कर सकें। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने योगी और धामी की तारीफों के पुल बांधे और कहा कि यूसीसी और नकल विरोधी कानून बनाकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इतिहास बना दिया है। भट्ट ने जमरानी बांध को मंजूरी मिलने को बड़ी

**आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार सभी समस्याएं कांग्रेस की देन : आदित्यनाथ योगी, मुख्यमंत्री**

उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अगर में दोबारा सांसद में जाता हूं तो प्रदेश और क्षेत्र की नाक नीची नहीं होने दूंगा। सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि योगी ने यूपी में जो कार्य किए हैं उनकी धमक देश दुनिया में हैं। आज सभी लोग उन्हें बुलडोजर बाबा के नाम से जानने लगे हैं। एक समय यूपी को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। अब यूपी उत्तम प्रदेश और उत्कृष्ट प्रदेश बन गया है। सीएम धामी ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी भी हमें करनी है। हमने समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किया। नकल विरोधी कानून लागू किया, लैंड जिहाद के खिलाफ कार्यवाही की, धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा विरोधी कानून हम लेकर आए हैं।

## मंडी से वीरभद्र परिवार की राजनीतिक विरासत को संभालेंगे विक्रमादित्य

### मंडी से 3 मर्तबा सांसद रह चुके हैं विक्रमादित्य सिंह के पिता स्व. वीरभद्र सिंह

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी लोक सभा सीट से अपने स्व. पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की राजमनीतिक विरासत संभालेंगे। लोक सभा चुनाव में कांग्रेस ने विक्रमादित्य सिंह को उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया है। विक्रमादित्य सिंह को उनकी माता एवं मंडी की मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह के स्थान पर कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है।

विक्रमादित्य सिंह के पिता स्व. पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 1971,1980 व 2009 में लोक सभा में मंडी का प्रतिनिधत्व किया। इससे पहले वह महासू सीट से 1962 व 1967 में सांसद चुने गए थे। स्व. वीरभद्र सिंह के अलावा विक्रमादित्य सिंह की माता प्रतिभा सिंह भी 2004 में मंडी से सांसद चुनी गई। इसके अलावा 2013 व 2021 में मंडी संसदीय सीट पर हुए उप चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी हैं। कांग्रेस ने मंडी से विक्रमादित्य सिंह को उम्मीदवार बना कर बड़ा दाव खेला है। हालांकि बीते कुछ दिनों से मंडी से घोषित भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अदाकारा कंगना रणौत व विक्रमादित्य सिंह के मध्य छिड़े वाक युद्ध से ही यह तय माना जा रहा था कि वह लोक सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी होंगे। मगर शनिवार को कांग्रेस नेतृत्व ने इस बारे केंद्रीय चुनाव





■ माता प्रतिभा सिंह भी 3 बार जीत चुकी हैं मंडी से लोक सभा चुनाव

■ कांग्रेस ने कंगना के मुकाबले मंडी से विक्रमादित्य को बनाया उम्मीदवार

समिति की बैठक में अहम फैसला लिया। फैसला के बाद अब साफ है कि मंडी में कंगना रणौत का मुकाबला कांग्रेस के युवा तुर्क एवं तेज तर्रार नेता विक्रमादित्य सिंहके साथ होगा। विक्रमादित्य के चुनावी रण का योद्धा बनाए जाने के बाद मंडी की चुनावी जंग रोचक होने की संभावना है। इसकी वजह कंगना का उग्र हिंदुत्व समर्थक होना तथा विक्रमादित्य सिंह का राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में का साक्षी बनना है। साथ ही विक्रमादित्य सिंह अपनी हिंदु जड़ों पर भी गव करते हैं।

**सार संक्षेप**

### डॉ. निशंक का टिकट काटने का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है भाजपा को

**देहरादून।** हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर के आसार बन रहे है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि भाजपा द्वारा डॉ निशंक का इस सीट से टिकट काटने का खामियाजा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। पूर्व चुनाव उत्तराखण्ड की हरिद्वार संसदीय सीट पर भाजपा के सिंबल पर डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने परचम लहराया था। उसके बाद डॉ निशंक ने हरिद्वार के विकास का लेखाजोखा तैयार किया। जिसमें वे काफी हद तक सफल भी हुए थे। वे हरिद्वार के समुचित विकास के लिए काम कर रहे थे कि वर्तमान में भाजपा आलाकमान ने डॉ निशंक का टिकट काटकर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को टिकट दे दिया। जबकि प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री त्रिवेन्द्र रावत पर प्रदेश में भ्रष्टाचार के आरोप है। खुद विधानसभा क्षेत्र डोईवाला में उन्हे भ्रष्टाचार के चलते कोई खास समर्थन नही मिल पा रहा है। वर्तमान स्थिति यह है कि त्रिवेन्द्र रावत को खुद उनके विधानसभा क्षेत्र के लोग नकार रहे है। क्योंकि वे प्रदेश के मुखिया जरूर रहे किन्तु कभी जनप्रिया नेता नही बन पाए।

### शिमला में धूमधाम से मनाया गया बैशाखी पर्व

**शिमला।** खुशहाली और संपन्नता का पर्व बैशाखी राजधानी शिमला में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी के सभी गुरुद्वारों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। 325वां खालसा पंथ का सिरजना दिवस के उपलक्ष्य पर सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारा में जाकर माथा टेका। बैशाखी के इस शुभ अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन सत्संग और लंगर का आयोजन किया गया। बैशाखी पर्व पर राजधानी के बस स्टेंड स्थित गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन पाठ किया गया, जिसमें बाहरी राज्यों के रागी जत्थों ने कीर्तन और अरदास की। सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी जिसके कारण इस त्योहार की महत्ता, गरिमा और बढ़ जाती है। गुरुद्वारा सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविंदर सिंह ने देशवासियों को बैशाखी की बधाई देते हुए कहा कि सुबह से गुरुद्वारा सिंह सभा, गुरुद्वारा साहिब शिमला में बैशाखी पर्व के अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया और पूरे दिन कीर्तन सत्संग चलता रहा।

### फाजिल्का में तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में पंजाब के फाजिल्का जिले के मुहर गांव से एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन लाख रुपये और 30 ग्राम सोना बरामद किया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ खुफिया इकाई ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर फाजिल्का जिले के एक सीमावर्ती गांव में एक संदिग्ध ड्रग तस्कर को निशाना बनाते हुये एक ऑपरेशन चलाया।

### सुडोकू 6524 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 |

## भाजपा, कांग्रेस के झूठे वादों से बचकर बसपा के पक्ष में करें मतदान : मायावती

**रुड़की,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को जन विरोधी बताया और जनता से कहा कि उनके वहकावे में न आकर बसपा के पक्ष में करे वोट।

■ रुड़की के लिब्बरहेड़ी गांव में पहुंची बसपा सुप्रीमो

हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के लिब्बरहेडी गांव में सभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी जमील अहमद कासमी, पौडी लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी दीप सिंह बिष्ट,टिहरी लोकसभा प्रत्याशी नेमचंद के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ईवीएम के सहारे एक बार फिर सत्ता में आने का प्रयास करेगी सभी को इससे सतर्क रहना है और बसपा के पक्ष में मतदान करना है। कहा कि भाजपा सरकार ने आज तक लोगों का उत्पीड़न किया है गरीबी महंगाई आदि से जनता त्रस्त है। कहा कि धर्म के नाम पर लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। हल्द्वानी में वर्षों पुराने मस्जिद को तोड़कर भाजपा ने अपना असली चेहरा दिखाया है। उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार चरम पर है। देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं है। केंद्र की गलत नीतियों और कार्य प्रणाली को लोग आजमा चुके हैं। विरोधी पार्टियां साम दाम दण्ड भेद हर हतकंडा अपना कर सत्ता में आने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने अपील की कि विरोधी दलों के झूठे वादों और घोषणा पत्र के झांसे में नहीं आना है। बसपा घोषणा पत्र जारी नही करती केवल कार्य करने में विश्वास रखती है।





### कैडर वोटर भी नहीं जुटा पाए बसपा नेता

**रुड़की।** हरिद्वार किसी समय में बसपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां बसपा सुप्रीमो की जनसभा में कभी पदाधिकारियों को मेहनत नहीं करनी पड़ी। बड़े से बड़े मैदान को भरने का रिकॉर्ड तक पहले बसपा के नाम रहा है लेकिन आज की रैली ने बसपा पदाधिकारियों की जमीनी स्तर पर पोल खोल कर रख दी है। मायावती के मंच पर होने के दौरान भी पंडाल में लगाई गई करीब चालीस प्रतिशत कुर्सियां खाली ही पड़ी रही। वहीं मायावती भी शायद इस परफॉर्मेंस से खुश नहीं नजर आई होंगी। वह मंच से बोली और भाषण खत्म करने के साथ ही सीधे सीढ़ियों की ओर बढ़ी और नीचे उतर गई।

## राष्ट्रभक्ति व आस्था भाजपा का चुनावी स्टंट : प्रियंका

### पांच सालों में एक बार भविष्य बदलने का मिलता है मौका

■ अमर नाथ तिवारी

**रामनगर,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने चुनावी दौरे पर रामनगर आई प्रियंका गांधी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार वह किसी की सरकार न चुनकर अपनी सरकार चुने जो आपके लिए काम करें और जिस पर आप गर्व कर सकें कि यह उनकी अपनी सरकार है जिसे आपने चुना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राष्ट्रभक्ति से लेकर धार्मिक आस्था चुनावी स्टंट है। उन्होंने भाजपा को एक ड्रामेबाज पार्टी बताया।

प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री व उनकी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने संबोधन में उत्तराखंड और हिमाचल को देवभूमि कहते हैं लेकिन उनका यह संबोधन सिर्फ दिखावा है अभी हिमाचल में जब मानसूनी आपदा का कहर टूटा तो वहां भाजपा का कोई नेता नहीं दिखा और न केंद्र सरकार द्वारा एक रूपये की हिमाचल के लोगों की मदद की गई। उन्होंने कहा कि उनका धर्म और आस्था तथा राष्ट्र प्रेम सब कुछ दिखावा है। उन्होंने कहा कि जिसने देश के लिए कुछ त्याग न किया हो उसका राष्ट्र प्रेम क्या हो सकता है। मैं और मेरे परिवार ने देश के लिए बड़ीकृबड़ी कुर्बानियां दी है। मैं जानती हूं राष्ट्र प्रेम क्या होता है। मैंने अपने पिता के शरीर के टुकड़े अपनी मां के सामने रखे देखा। वह आज मेरे को गालियां देते हैं, मैं शहीदों का मतलब जानती हूं और शहीदों के परिवारों का दर्द समझती हूं।



उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता इधरकृउधर की बातें करते हैं। मैं कहती हूं मुद्दों पर चुनाव लड़ो। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, भर्ती घोटाले तथा अग्नि वीर योजनाओं के सवाल उठाते हुए कहा कि आप इन पर बात क्यों नहीं करते हैं? क्योंकि आप जानते हैं कि 10 सालों से आपकी सरकार है और इसके लिए आप जिम्मेवार है। उन्होंने पूछा कि आप अंकिता भंडारी की बात इसलिए नहीं करेंगे क्योंकि उसके गुनहगारों को संरक्षण देने वाले आप हैं। उन्होंने कहा कि विकास आपको

■ भाजपा को बताया नौटंकीबाज पार्टी

■ उत्तराखंड से मेरे परिवार का एक पुराना रिश्ता

भाषणों और टीवी पर दिखाये गए में आपसे पूछती हूं कि बताओ आपके जीवन में क्या कुछ बदला है? सच यही है जो आपका जीवन संघर्ष है। वह सच नहीं है जो टीवी पर दिखाया जाता है क्योंकि मीडिया को भी उन्होंने खरीद रखा है। उन्होंने कहा कि आप की जागरूकता का भी अपहरण हो चुका है इसलिए जाग जाओ और सच को समझो उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत ही यही से की थी कि बताओ क्या सुनोगे चुनावी भाषण या फिर सच्चाई। प्रियंका ने किसानों के मुद्दे से लेकर महिलाओं के आरक्षण तथा खिलाड़ियों के उत्पीड़न तक कोई मुद्दा नहीं छोड़ा। जिसका जिक्र उन्होंने अपने भाषण में न किया हो। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र के वायदे भी जनता के सामने रखें। मंच का संचालन रणजीत सिंह रावत ने किया तथा यशपाल आर्य से लेकर प्रदीप टम्टा, गणेश गोदियाल और प्रकाश जोशी ने भी सभा को संबोधित किया।


## हिमाचल के मतदाता लोकसभा चुनाव में दिग्गजों को भी धूल चटाएंगे

**शिमला,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल के मतदाता लोकसभा चुनाव में दिग्गजों को भी धूल चटाते रहे हैं। प्रदेश का मतदाता देश में चल रही चुनावी बयार का रुख भांप कर मतदान करता है। चुनावी हवा का रुख भांपने के पश्चात प्रदेश का मतदाता आमतौर पर दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने की अधिक संभावनाएं रखने वाले राजनीतिक दल के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करता है। संभवत : यही वजह है कि वह सूबे के राजनीतिक सूरमाओं को भी पराजित करने में संकोच नहीं करता। प्रदेश की राजनीति में स्व. वीरभद्र सिंह कद्दावर नेता के तौर पर याद रखे जाएंगे। वीरभद्र सिंह न सिर्फ तीन मर्तबा मंडी, बल्कि दो मर्तबा महासू सीट से सांसद चुने गए। इसके अलावा वह रोहड़ू, अर्की तथा शिमला ग्रामीण से विधायक भी चुने गए। छह मर्तबा वीरभद्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मगर लोक सभा चुनाव में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। वीरभद्र सिंह 1977 का लोक सभा चुनाव मंडी से पराजित हो गए थे। 1977 के चुनाव में देश में कांग्रेस के खिलाफ गुस्सा था। लिहाजा वीरभद्र सिंह लोक दल के उम्मीदवार स्व. गंगा सिंह ठाकुर से पराजित हुए। शांता कुमार प्रदेश के दो मर्तबा मुख्यमंत्री रहे। वह केंद्र में वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रहे। 2014 में लोक सभा चुनाव जीतने के बाद उन्हे केंद्र सरकार में भारतीय खाद्य निगम के पुनर्गठन को लेकर बनाई गई कमेटी के प्रमुख थे।

## 10 मई को तुंगनाथ धाम व 20 मई को खुलेंगे मद्महेश्वर धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व विख्यात भगवान तुंगनाथ के कपाट खोलने व चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से धाम रवाना होने की तिथि घोषित कर दी गई है। बैसाखी पर्व पर घोषित तिथि के अनुसार इस वर्ष 10 मई को दोपहर 12 बजे कर्क लग्न में भगवान तुंगनाथ के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जाएंगे। बैसाखी पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ में घोषित तिथि के अनुसार 7 मई को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली मक्कूमठ से रवाना होगी। डोली का पहला रात्रि प्रवास भूतनाथ मंदिर में होगा। साथ ही श्रद्धालु नए अनाज का भोग लगाकर पुणखी मेले का आगाज करेंगे। 8 मई मई को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली भूतनाथ मंदिर में ही भक्तों को दर्शन देगी। 9 मई को भगवान तुंगनाथ की डोली भूतनाथ मंदिर से रवाना होकर अंतिम रात्रि प्रवास चोपता पहुंचेगी। 10 मई को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली चोपता से रवाना होकर सुरम्य मखमली बुग्यालों में नृत्य करते हुए तुंगनाथ धाम पहुंचेगी।भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली के धाम पहुंचने पर भगवान तुंगनाथ के कपाट दोपहर 12 बजे ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जाएंगे। वहीं 20 मई को 11 बजे कर्क लग्न में भगवान मद्महेश्वर के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। भगवान मद्महेश्वर के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में वैशाखी पर्व पर पंचांग गणना के तहत घोषित तिथि के अनुसार 16 मई को भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह उत्सव मूर्तियां गर्भगृह से सभा मंडप में विराजमान होगी तथा स्थानीय भक्तों द्वारा नये अनाज का भोग अर्पित किया जायेगा। 17 मई को भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली सभा मंडप में ही भक्तों को दर्शन देगी।





**यात्रा पड़ावों पर होगा भव्य स्वागत**

## बैशाखी पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**हरिद्वार,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। बैशाखी का पर्व धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व पर सुबह से ही हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हरकी पौड़ी समेत अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। बैशाखी पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। पुलिस ने स्नान को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। शनिवार से तीन दिन के लिए हरिद्वार में रूट डायवर्ट रहेंगे। स्नान पर्व को शांति और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए घाटों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसएसपी ने पूरे मेला क्षेत्र को चार सुपर जोन, 13 जोन और 39 सेक्टर में बांटा था। वहीं, वीकेंड होने के कारण स्नान में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना थी। ऐसे में हरिद्वार में ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए पुलिस की तैयारी की थी। वहीं, देवप्रयाग में भी तड़के से ही संगम स्थल और रामकुंड में पूजा अर्चना और स्नान करने वालों की भारी भीड़ रही।

## एमडीडीए ने आईएसबीटी पर बसों के प्रवेश व पार्किंग पर बढ़ाया शुल्क

**देहरादून,** 13 अप्रैल (देशबन्धु) आईएसबीटी से संचालित होने वाली बसों के प्रवेश और पार्किंग शुल्क को एमडीडीए ने भारी वृद्धि कर दी है। जिसके कारण अब इसका असर यात्रियों की जेब पर पड़ सकता है। 15 अप्रैल से नया शुल्क लगना शुरू हो जाएगा। एमडीडीए की ओर से जारी आदेश के अनुसार उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों का 130 रुपए शुल्क बढ़ा दिया है। वहीं दूसरे राज्यों के परिवहन निगम की बसों का शुल्क 360 रुपए बढ़ गया है। साथ ही इस शुल्क में 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगा। यात्रा और ग्रीष्मकालीन पर्यटन को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम ने एमडीडीए से जून तक शुल्क बढ़ोतरी का निर्णय स्थगित करने का आग्रह करते हुए पत्र भेजा है।बता दें कि देहरादून आईएसबीटी का संचालन पहले रैमकी कंपनी करती थी, लेकिन काम पूरा होने के बाद पिछले साल अगस्त में इसका संचालन एमडीडीए ने करना शुरू कर दिया था।अभी तक की व्यवस्था में सभी परिवहन निगम की बसों से चार घंटे तक के लिए 120 रुपए,जबकि चार घंटे से 24 घंटे तक की प्रवेश और पार्किंग शुल्क के तौर पर 240 रुपए लिए जाते हैं। लेकिन एमडीडीए ने अब शुल्क बढ़ा दिया है। साथ ही इस पर 18: जीएसटी अतिरिक्त भी लगा दिया है।नई व्यवस्था के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों को पहला ट्रिप पर जीएसटी के साथ 286 रुपए और दूसरे ट्रिप पर 177 रुपए शुल्क देना होगा।साथ ही तीसरे और चौथे ट्रिप पर 118 रुपए शुल्क देना होगा।वहीं दूसरे राज्यों की बसों को जीएसटी के साथ पहले ट्रिप में 566 रुपए का शुल्क देना होगा। इस शुल्क में उत्तराखंड परिवहन निगम और अन्य परिवहन निगम को 18 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया है कि आईएसबीटी में बसों के प्रवेश और पार्किंग शुल्क की वृद्धि को लेकर पिछले काफी समय से प्रस्तावित थी।एमडीडीए द्वारा जब आईएसबीटी का संचालन शुरू किया गया तो बड़ी धनराशि खर्च कर इसका सुधारीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया। शुल्क वृद्धि को लेकर एमडीडीए पहले ही निर्णय कर चुका था और इसके लिए 15 अप्रैल से तारीख निर्धारित की गई है।

■ 15 अप्रैल से करना होगा अतिरिक्त भुगतान




### बसों को इतना देना होगा शुल्क

उत्तराखंड परिवहन निगम की(शार्ट स्टे) चार घंटे के लिए पहली ट्रिप में 250 रुपए, दूसरी ट्रिप में 150 रुपए, तीसरी ट्रिप में 100 रुपए और चौथी ट्रिप में 100 रुपए शुल्क देना होगा। उत्तराखंड परिवहन निगम की (लॉन्ग स्टे) चार घंटे से 24 घंटे तक के लिए पहली ट्रिप में 375 रुपए, दूसरी ट्रिप में 225 रुपए, तीसरी ट्रिप में 150 रुपए और चौथी ट्रिप में 150 रुपए शुल्क देना होगा। अन्य परिवहन निगम की(शार्ट स्टे) चार घंटे के लिए पहली ट्रिप में 480 रुपए, दूसरी ट्रिप में 300 रुपए, तीसरी ट्रिप में 200 रुपए और चौथी ट्रिप में 200 रुपए शुल्क देना होगा। अन्य परिवहन निगम की (लॉन्ग स्टे) चार घंटे से 24 घंटे तक के लिए पहली ट्रिप में 700 रुपए, दूसरी ट्रिप में 450 रुपए, तीसरी ट्रिप में 300 रुपए और चौथी ट्रिप में 300 रुपए शुल्क देना होगा।

## एयरपोर्ट को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए बैठक

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक श्रीमती ईशा दुहन की अध्यक्षता में डिस्कॉम मुख्यालय में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट एवं सरसावा एयरपोर्ट को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समन्वय/समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, जेवर एयरपोर्ट के विकास कर्ता यमुना इण्टरनेशनल एयरपोर्ट प्रा0 लि0 , लाइन निर्माण संस्थाओं के प्रतिनिधि, पारेषण तथा वितरण निगम के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में प्रबन्ध निदेशक द्वारा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट एवं सरसावा एयरपोर्ट परियोजनाओं को समयसीमा एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

### बिजनौर में अखिलेश यादव ने फिर लगाया आरोप

# भाजपा की साजिश से मिली थी हार

**बिजनौर/मुजफ्फरनगर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिजनौर के नहटौर में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर करारा हमला बोलते हुए सपा गठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार को वोट देने की अपील की। अखिलेश यादव ने भाजपा को सबसे ज्यादा साजिश करने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि भाजपा का इस बार यूपी में जीत का खाता नहीं खुलने वाला है। 2022 में जनता का हम लोगों को भरपूर समर्थन मिला था। बिजनौर में भी हमने सीटें जीती थी, लेकिन यहां साजिश के तहत हमें हरा दिया गया। भाजपा की सरकार संविधान को बदलने के साथ-साथ लोकतंत्र को खत्म कर देगी।

उन्होंने अपने चुनावी संबोधन में आगे कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का पैसा भाजपा के पास कैसे पहुंच गया। हर एक कंपनी भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड से



पैसा दे रही है। भाजपा साजिश के तहत दूसरे नेताओं को जेल भेजने पर आमादा है। झूठा केस बनाकर जेल भेजा जा रहा है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि मनोज कुमार जो नगीना से प्रत्याशी हैं, उन्होंने जज की कर्सी को छोड़कर सियासत में कदम रखा है, जो

> भाजपा का इस बार यूपी में जीत का खाता नहीं खुलने वाला है। 2022 में जनता का हम लोगों को भरपूर समर्थन मिला था। बिजनौर में भी हमने सीटें जीती थी, लेकिन यहां साजिश के तहत हमें हरा दिया गया : **अखिलेश यादव, सपा राष्ट्रीय अध्य**

कुर्सी छोड़कर अधिकारी राजनीति में आते हैं, वह सत्ता पक्ष के साथ जाते हैं, लेकिन मनोज कुमार ऐसे पहले इंसान हैं, जो विपक्ष के साथ आए हैं। मुजफ्फरनगर में अखिलेश यादव ने कहा कि यह भारत माता की जय बोलते हैं, लेकिन फौज की नौकरी को अग्निवीर में बदल दिया। अगर भाजपा जीत गई तो खाकी की नौकरी तीन साल की हो जाएगी।

## सपा गुंडा, माफिया पैदा करने की फैक्ट्री : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विपक्ष पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा गुंडा, माफियाओं को पैदा करने की फैक्ट्री है। इनके मुखिया अखिलेश के तीन यार आजम, अतीक और मुख्तार हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय पर हुई प्रेस वार्ता में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है।



इनकी यारी गुंडों और माफियाओं से ही है। मौर्य ने कहा, अब यूपी में गुंडई के नाते पलायन की समस्या खत्म हो गई है। 2017 में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, निर्दोष लोगों के बजाय अपराधी और माफिया तत्व राज्य छोड़ रहे हैं। अब प्रदेश में दंगे नहीं उत्सव मनाये जाते हैं, लेकिन प्रदेश की जनता 2012-17 के बीच सपा की शागिर्दगी में हुए हज़ार दंगों को भूली नहीं है।

# योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर, बरेली और हल्दवानी में मुख्यमंत्री ने जनसभाओं को किया संबोधित

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने प्रदेश के बिजनौर में मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह और बरेली में पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद एवं बरेली से भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में जनसभाएं की। वहीं उत्तराखंड के हल्द्वानी में सीएम योगी ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के पक्ष में चुनवी रैली की कमान संभालते हुए जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की सभी समस्याओं के जड़ में कांग्रेस पार्टी की नीतियां हैं, जबकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की हर समस्या का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि माफिया तत्वों के सामने नाक रगड़ने वाले इंडी गठबंधन से सुशासन और सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह भी कहा कि बेटी और व्यापारी को परेशान करने वालों की दो ही जगह है, या तो उन्हें जेल जाना होगा या जहन्नुम। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को भारत की आजादी के बाद का स्वर्ण युग बताया है।

बढ़ापुर (बिजनौर) में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति का



> देश की सभी समस्याओं के जड़ में कांग्रेस पार्टी की नीतियां हैं, जबकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की हर समस्या का समाधान हो रहा है : **योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

अपराधीकरण और माफिया प्रवृत्ति के तत्वों को प्रश्रय देना विकास में सबसे बड़ा बैरियर है। 1980 में मुरादाबाद में भयंकर दंगा हुआ था। दर्जनों लोग मारे गए थे। लोगों ने उस समय से 2017 तक रिपोर्ट दबाकर रखी थी। मैंने इसकी जांच शुरू कराई तो दंगा कराने वालों के चेहरे उजागर हो गए। निर्दोष व्यापारी, हिंदू, सिख मारे गए थे पर कोई पूछने वाला नहीं था। 2016 में सहारनपुर में भी सिख विरोधी दंगा हुआ था पर दंगाई आज जान की भीख मांगते हुए छिपे-छिपे फिर रहे हैं। भाजपा ने विकास व सुशासन का मॉडल दिया है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यहां सब चंगा है। कर्फ्यू का स्थान अब कांवड़ यात्रा ने ले लिया है। सीएम ने कहा कि भाजपा की सरकार जो कहती है, करके दिखाती है।

हल्द्वानी (उत्तराखंड) में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देश की आजादी के बाद का स्वर्ण युग है।

## सार संक्षेप

### चौधरी विजेंन्द्र सिंह को बुजुर्ग महिलाओं ने दिया अशीर्वाद

**हस्तिनापुर।** बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी बिजेंद्र सिंह ने बिजनौर सदर क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हाथी की चाल से विरोधी दल



घबराए हुए हैं। सर्वसमाज बसपा से जुड़ रहा है। लोकसभा चुनाव में बसपा शानदार प्रदर्शन करने जा रही है। किसानों के लिए सबसे ज्यादा काम बसपा सरकार में ही हुआ है। कहा कि भाजपा सरकार में कोई भी भर्ती बिना भ्रष्टाचार के पूरी नहीं हो रही है और पेपर लीक होने से युवाओं की मेहनत बर्बाद जा रही है। चौधरी विजेंन्द्र सिंह जहां भी गए अपार जनसमूह उन्हें सुनने के लिए उमड़ता दिखा। उनका जनसंम्पर्क आज बनतपुरा, नवादा, कड़ापुर, वाजिदपुर, खेड़ा, ननूपुरा इत्यादि एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों में पहुंचा। चौधरी विजेंन्द्र सिंह की और भी टीम अलग अलग विधानसभाओं में जाकर बसपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करते दिखे।

### कृषक की छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से दिया वोट फोर बैटर इण्डिया का सन्देश

**मवाना।** नगर स्थित कृषक इण्टर कालिज के छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार के निर्देशन में विद्यालय प्रांगण में वोट फोर बैटर इण्डिया स्लोगन के साथ रंगोली बनाते हुए अनिवार्य मतदान का सन्देश दिया। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रंगों की भी अपनी एक प्रकृति होती है जो कि




हम सभी के मन पर गहरा प्रभाव डालते हैं। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगो के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से मनमोहक रंगोली बनाई गई है। छात्र छात्राओं की इस अनूठी पहल की मैं मुक्त कंठ से प्रशंसा करता हूँ। विद्यालय के छात्र छात्राएं निरन्तर विभिन्न माध्यमों से अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जन जागृति अभियान चला रहे हैं जो कि प्रशंसनीय है। छात्र छात्राओं के इस सकारात्मक प्रयास का असर हम सभी को आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा।

### बच्चों ने सुनहरे खेतों में धूमधाम से मनाई बैसाखी

**मवाना।** बाल भारती पब्लिक स्कूल में शनिवार को बैसाखी पर्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के बच्चों को गेहूं के खेतों पर ले जाया गया, जहां पर बच्चों ने किसानों को गेहूं की फसल काटते हुए देखकर उनके साथ कटाई करना सीखा। विद्यार्थी खेतों से गेहूं की कुछ सुनहरी बालियां लेकर विद्यालय पहुंचे। इस अवसर की खुशी मनाते हुए सभी विद्यार्थियों में ढोल की थाप पर भांगड़ा और गिद्दा किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान अध्यापिका संगीता रस्तोगी ने विद्यार्थियों को 13 अप्रैल 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड के बारे में बताया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए वीरों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु) । निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 12 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4108 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 22,80,567 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 16,24,035 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 5979 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 6067 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 317 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2130 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 107 केन्द्रों को सीज किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 12 अप्रैल को 10 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 63303 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 205 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 172 कारतूस व 3 बम बरामद कर सीज किये गये।

> ■ 4108 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए

## मतदान शपथ समारोह एवं जागरूकता रैली का आयोजन

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में अखण्ड भारत निर्माण एवं देश में मजबूत लोकतांत्रिक सरकार के गठन के लिए ''शत् प्रतिशत मतदान शपथ समारोह/संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली'' का शानदार आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जनसमूह को शत् प्रतिशत मतदान को शपथ दिलाकर राष्ट्र विकास में अपनी प्रभावी भूमिका के निवर्हन के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही संस्थान के छात्र-छात्राओं ने ''लोकतंत्र है हम विषय पर शानदार नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर सभी को आम चुनाव के इस महापर्व में शत् प्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के सरदार पटेल सभागार में ''मतदान शपथ समारोह एवं लोकतंत्र हैं हम'' नुक्कड़ नाटिका का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने माँ




भारती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन मे समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि आज मजबूत लोकतान्त्रिक ढांचे की वजह से भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है। अमेरिका, ब्रिटेन एवं यूरोप समेत पूरी दुनिया आज भारतीय लोकतंत्र का लोहा मानती है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से जाति धर्म, समप्रदाय, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर मजबूत लोकतान्त्रिक राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रवादी सोच के साथ शत् प्रतिशत मतदान करने की बात कही। मतदान शपथ संगोष्ठी को प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार जैसवाल, डॉ. विश्वनाथ झा, डॉ. एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मंजरी राना, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### आईजी और आयुक्त ने लिया स्ट्रांग रूम का जायजा

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज आईजी नचिकेता झा व आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. द्वारा मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में मतदान के पश्चात ईवीएम जमा कराने हेतु बनाये गए स्ट्रांग रूम का जायजा लिया गया तथा मतगणना केन्द्र की अन्य तैयारियो यथा सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश व्यवस्था, मतगणना हॉल, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, मतपेटिका/ईवीएम जमा करने तथा टेबिल तक पहुंचाने, वाहन पार्किंग आदि की समीक्षा की गई। आयुक्त द्वारा ईवीएम जमा कराने संबंधी कार्मिक की डयूटी तथा उसका प्रशिक्षण पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि मतगणना केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी तैयारियां पूर्ण की जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की जा रही तैयारियो का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



## मवाना के बाजारों में रात को होगी सफाई, पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**मवाना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। मवाना नगर के व्यापारियों की सुविधा के लिए नगर पालिका ने पहली बार रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया है। इस अभियान को बाजार बंद होने के बाद रात आठ बजे से रात्रि 12 बजे तक चलाया जा रहा है। यह व्यवस्था केवल व्यापारियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए की गई। मवाना नगर के बाजारों की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ करने के लिए नगर पालिका परिषद् मवाना ने नगर के मुख्य बाजारों में रात्रि कालीन सफाई अभियान चलाया गया है। इसका शुभारंभ पहली बार शुक्रवार देर रात से शुरू किया गया है। मवाना नगर में तहसील तिराहे से लेकर सुभाष बाजार चौराहे तक, वहां से लेकर सुभाष चौक



> ■ व्यापारियों को होने वाली परेशानी को देख लिया निर्णय

तक, नगर के थाना तिराहा, दयानन्द बाजार, चौड़ा कुआ, सुभाष बाजार, गुडमण्डी आदि मुख्य बाजारों में रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर अभियान की शुरूआत करते हुए चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि दिन के समय नगर के मुख्य बाजारों में अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के कारण सफाई अभियान चलाये जाने में व्यापारियों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही थी। सुबह को पालिका कर्मी नालियों से कूड़ा निकालकर बाहर कर देता है लेकिन जब मौके पर कूड़ा गाड़ी पहुंचती है तो वहां पर वाहन लगे रहते है,जिस कारण सफई व्यवस्था प्रभावित हो रह ही थी। इस कारण पालिका ने मुख्य बाजारों में रात्रिकालीन सफाई का अभियान शुरू किया है। यह रात्रिकालीन सफाई अभियान प्रतिदिन नगर के मुख्य बाजारों में चलाया जाएगा।

रात को चलाए गए सफाई अभियान में पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ सफाई नायक राकेश कुमार, मजहर अब्बास सफाई सहायक, राजपति यादव, सतपाल व सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## भीम राव अम्बेडकर की जयंती और बैसाखी पर्व मनाया

**मवाना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल की दोनों शाखाओं मैन विंग और गर्ल्स विंग में बैसाखी का पर्व व डा. भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन कक्षा 12 की छात्रा मनस्वी व खूशबू ने किया। नन्हे - नन्हे बच्चे पीले रंग की पोशाकों में सजकर विद्यालय पहुंचे। देश का संविधान देने वाले डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर प्रबंधक मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी और प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उनकी वंदना आरती से बैसाखी पर्व का शुभारंभ किया। कक्षा सात से कक्षा ग्यारहवीं तक की छात्राओं अविका, अनन्या जैन, शैली, अनिका शुभांशी आदि ने पंजाबी पोशाक पहनकर गिददा की थाप पर डांस कर बैसाखी के पर्व पर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने बताया कि भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर ने समाज को शक्तिशाली बनाने के लिए शिक्षा पर जोर दिया।

### आज होगा बाबा साहेब के जन्म दिवस का आयोजन

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा ने संबधित अधिकारियो को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल 2024 बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस को अम्बेडकर जयंती के रूप में मनाया जायेगा। उन्होने बताया कि यह जयंती समारोह प्रातः 11.00 बजे सभी राजकीय कार्यालयध्विद्यालयों एवं तहसीलो में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठियां कर कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

## रुद्रा इंटरनेशनल ने अंडर 14 और अंडर 17 में ट्राफी पर किया कब्जा

**मवाना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। मवाना खुर्द स्थित रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल में चल रही प्रथम इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का शनिवार को समापन हो गया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन अंडर 14 और अंडर 17 वर्ग में दोनों फाइनल मैच रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने जीतकर अपना परचम लहराया। अंडर 14 वर्ग में रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल और सैंट थॉमस स्कूल के बीच तथा अंडर 17 वर्ग में सैंट मार्क स्कूल और रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के बीच मैच फाइनल मैच खेले गए। अंडर 14 में रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल ने सैंट थॉमस स्कूल को 33 रन से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। वहीं अंडर 17 में रुद्रा इंटरनेशनल ने सैंट मार्क स्कूल को 55 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं राधा गोविंद स्कूल की



टीम ने दोनों वर्गों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉक्टर शिवानी सिंह, एडमिशन और मार्केटिंग हैड साजन काकरान, खेल अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा, वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स के संस्थापक अध्यक्ष सागर कश्यप ने टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी अनुज नागर ने बताया कि सैंट थॉमस के कप्तान ने

> ■ प्रथम इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रुद्रा इंटरनेशनल ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 89 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैंट थॉमस स्कूल की टीम 11.4 ओवर में 56 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। करण सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं अंडर 17 वर्ग में सैंट मार्क स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल की टीम 14 ओवर में 154 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैंट मार्क स्कूल की टीम मात्र 10.5 ओवर में 99 बनाकर ऑल आउट हो गई। रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल ने 55 रन से मैच जीत लिया। अभिनव धीमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स के अध्यक्ष विक्रांत ढाका, सचिव आकाश कश्यप, सैंट मार्क स्कूल की प्रधानाचार्या आशा जोयल, रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉक्टर शिवानी सिंह, डायरेक्टर सुमित काकरान, उप प्रधानाचार्य निशांक त्यागी तथा वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स की सदस्य अलका ढाका ने विजेता और उप विजेता टीम के कप्तानों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली राधा गोविंद की टीम को तथा दोनों मैचों में मैन ऑफ द मैच चुने गए खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## रैंप पर दिखा विद्यार्थियों के डिजाइनर कलेक्शन का जलवा

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी कॉलेज के फैशन विभाग का वार्षिक कार्यक्रम 'इनफिनिटी 2024-द ग्रेजुएट फैशन शो' का आयोजन धूमधाम से हुआ। विद्यार्थियों के डिजाइन किये परिधानों को मॉडल ने रैंप पर उतारा तो दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। एक से बढ़कर एक नये डिजाइन कलेक्शन ने साबित किया कि फैशन डिजाइनिंग में विद्या के विद्यार्थियों का कोई मुकाबला नहीं। किड्स वियर के प्रदर्शन ने बच्चों में फैशन की नई परिभाषा गढ़ दी। इस पर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। फैशन शो में अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे शहर की गणमान्य हस्तियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की तारीफ की और उनका उत्साहवर्धन किया। विद्या नॉलेज पार्क के विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी विभाग का कार्यक्रम 'इनफिनिटी 2024-द ग्रेजुएट फैशन शो' धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मॉडल एवं एक्टर अभिषेक कुमार मौजूद रहे तो विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका और शिक्षाविद् डॉ.उदिता त्यागी मौजूद रही।



वी.आ.ई.एफ.टी. निदेशक डॉ.रीमा वार्ष्णेय ने विद्या नॉलेज पार्क के चेयरमैन प्रदीप कुमार जैन, प्रबंध निदेशक विशाल जैन के साथ सभी अतिथियों का स्वागत पौध भेंट कर किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यागान के बाद उद्बोधन में मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार ने कहा कि मैं विद्या का पुरातन छात्र हूं और आज प्रबंध निदेशक विशाल जैन ने कहा कि इन आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है, उनकी मेधा दुनिया देखती है।

## चुनाव को लेकर सभी दलों का प्रचार पकड़ रहा जोर

# राजद के तीन नेताओं की नाराजगी सियासी चर्चा का केंद्र

**पटना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। इस बीच बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन मुस्लिम नेताओं की नाराजगी सियासी चर्चाओं के केंद्र में है।

राजद के पूर्व राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक करीम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव को पत्र लिखकर अल्पसंख्यकों को सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं देने का आरोप लगाया।

जानकारी के मुताबिक कटिहार लोकसभा से राजद का टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व सांसद करीम जदयू के नजदीक बताए जा रहे हैं। वहीं, पूर्व सांसद तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र सरफराज आलम भी राजद से नाराज बताए जा रहे हैं। इस चुनाव में राजद ने अररिया से सरफराज के बदले शाहनवाज को टिकट दिया है। अपने टिकट कटने से सरफराज न केवल अपने भाई शाहनवाज से नाराज हैं, बल्कि लालू यादव और तेजस्वी यादव से भी खफा हैं।

इसी बीच सरफराज आलम ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई थी। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सरफराज आलम भावुक हो उठे और खुले मंच पर रोने लगे। सीवान में शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब पहले से ही राजद से नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि राजद ने इसी कारण अब तक सीवान सीट से अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। राजद के वोटबैंक एम वाई (मुस्लिम-यादव) को माना जाता रहा है। मुस्लिम के साथ-साथ यादव समाज के कई नेता राजद से खफा बताए जा रहे हैं। यादव जाति के कई नेताओं की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। नवादा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज विनोद यादव पहले से ही चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि राजद के कई विधायक उनका समर्थन कर रहे हैं। वहीं पूर्णिया से भी राजद के उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बगावती तेवर अपनाते हुए पूर्णिया पहुंच कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव को समर्थन दिया है। इस दौरान उन्होंने लालू यादव पर टिकट बंटवारे में परिवारवाद का आरोप लगाया। यहां से महागठबन्धन ने बीमा भारती को चुनावी मैदान में उतारा है। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि अब कोई दल वोट बैंक का दावा नहीं कर सकता है।



### लालू की पार्टी में मुस्लिम और यादव नेताओं के बागी सुर

### राजद ने वर्ष 2019 में पराजित योद्धाओं पर लगाया दाव

**पटना।** राजद ने वर्ष 2019 में पराजित छह योद्धाओं पर भरोसा जताते हुए उनपर दाव लगाया है और उन्हें चुनावी समर में उतार दिया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन में शामिल राजद ने 19 प्रत्याशियों को चुनावी रणभूमि में उतारा था, लेकिन सभी प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ा। इस बार के चुनाव में राजद ने वर्ष 2019 के चुनाव में अपनी पार्टी के पांच पराजित योद्धा समेत छह पर भरोसा जताते हुए उन्हें फिर से चुनावी मैदान में उतार दिया है। इनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व सांसद अर्जुन राय, राज्यसभा सांसद मीसा भारती और पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम शामिल हैं। राजद ने इसके अलावा वाल्मीकी नगर लोकसभा सीट से बसपा के टिकट पर लड़े पराजित उम्मीदवार दीपक यादव पर भी भरोसा जताते हुए उनपर दाव लगाया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जय प्रकाश नारायाण यादव ने बांका संसदीय सीट से चुनाव लड़ा, जहां उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जदयू प्रत्याशी गिरिधारी यादव ने पराजित कर दिया। पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने जहानाबाद संसदीस सीट से अपनी तकदीर आजमायी लेकिन उन्हें सत्ता के नये खिलाड़ी जदयू प्रत्याशी चंद्रेश्वर प्रसाद ने शिकस्त दे दी। पूर्व सांसद अर्जुन राय सीतामढ़ी संसदीय पर चुनावी मैदान में उतरे लेकिन उन्हें जदयू प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू ने मात दे दी।

## कांग्रेस ने महालक्ष्मी योजना का किया दावा

# नया चुनाव प्रचार वीडियो किया लॉन्च

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए नया वीडियो लॉन्च किया, जिसमें पार्टी ने अपनी प्रस्तावित 'महालक्ष्मी योजना' के लाभों के बारे में बताया है। पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया गया वीडियो, नेटिजन्स का ध्यान इस ओर आकर्षित कर रहा है कि कैसे 'महिलाओं के लिए उसकी प्रतिज्ञा' से गरीब परिवारों का उत्थान होगा।

कांग्रेस पार्टी की महालक्ष्मी योजना को दिखाने वाले वीडियो में एक महिला को कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादे के अनुसार वित्तीय सहायता के तहत सिलाई मशीन प्राप्त करते हुए दिखाया गया है। साथ ही यह दिखाया गया है कि कैसे वह उसके जीवन को बदल देता है। वीडियो में गरीब परिवारों की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की पार्टी की घोषणा को भी जोरदार तरीके से दर्शाया गया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा गया, 'नारी न्याय, महालक्ष्मी गरीब परिवार की महिला को हर साल एक लाख रुपए। वहीं, इसके साथ ही 'हाथ बदलेगा हालात' का भी इस्तेमाल किया गया है।



■ **'महिलाओं के लिए उसकी प्रतिज्ञा' से गरीब परिवारों का उत्थान होगा**

वीडियो को राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है, जिन्होंने इसे कैप्शन दिया है, घर-घर आएगी खुशियों की सौगात, अब हाथ बदलेगा हालात। महालक्ष्मी वीडियो को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। कुछ लोगों ने योजना की सराहना की, जबकि कुछ अन्य ने इसे केवल बयानबाजी बताकर, आलोचना करते हुए दावा किया कि यह आर्थिक रूप से अव्यवहार्य है। एक यूजर ने लिखा कि यह एक अच्छा विज्ञापन है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि 1 लाख रुपये के अनुदान का उपयोग सिलाई मशीन जैसी पूंजीगत वस्तु खरीदने के लिए किया जा सकता है, लेकिन अगर यह दहेज या दिवाली उपहार देने के लिए इस्तेमाल होता है तो क्या होगा? गरीब शहरी महिलाएं घर में बंटाईदार के साथ जमीन की मालिक हो सकती हैं।

कांग्रेस पार्टी ने 'अपनी धरती, अपना राज योजना' शीर्षक से एक और वीडियो भी जारी किया, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के समर्थन पर केंद्रित है, जिसमें दावा किया गया है कि कांग्रेस उन बस्तियों को अनुसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित करेगी, जहां आदिवासी सबसे बड़ा सामाजिक समूह हैं।

# 8वीं पास से लेकर डाक्टर तक मैदान में हैं जम्मू संसदीय क्षेत्र से

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू संसदीय सीट में विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों का एक अनूठा मिश्रण देखा जा रहा है, जिसमें डॉक्टरों और वकीलों से लेकर मामूली शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्ति तक शामिल हैं। मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर (61) सहित छह उम्मीदवार 10वीं कक्षा की शिक्षा के बराबर शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले रमन भल्ला (61) के पास विज्ञान और कानून में स्नातक की डिग्री है।

चुनावी स्पेक्ट्रम में वकील और डॉक्टर जैसे पेशेवर भी शामिल हैं। 75 साल की उम्र में, 10वीं पास निर्दलीय उम्मीदवार सतीश पुंछी सबसे उम्रदराज दावेदार हैं, जबकि सबसे कम उम्र की नेशनल अवामी यूनाइटेड पार्टी की 30 वर्षीय शिखा बंद्राल के पास इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विश्वविद्यालय से कला स्नातक की डिग्री है जो 2020 में प्राप्त की गई। सभी 22 उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता का खुलासा उनके हलफनामे में किया गया है। विशेष रूप से, भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर ने 1981 में जम्मू-कश्मीर राज्य बोर्ड जम्मू से 10वीं कक्षा पूरी की। विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले अन्य उम्मीदवारों में स्वतंत्र उम्मीदवार प्रिंसिपल सीडी शर्मा (63) शामिल हैं, जिनके पास अर्थशास्त्र में एमए, बी.एड और बीए एलएलबी है; और निर्दलीय उम्मीदवार परसीन सिंह (43), विज्ञान में 12वीं पास हैं। दावेदारों में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुरेंद्र सिंह (66), कला स्नातक की डिग्री के साथ एक स्वतंत्र उम्मीदवार, और डॉ. प्रिंस रैना (37), एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी, एमसीएच सहित व्यापक चिकित्सा योग्यता वाले एक अन्य स्वतंत्र उम्मीदवार जैसे व्यक्ति शामिल हैं। विशेष रूप से, जम्मू और कश्मीर नेशनलिस्ट पीपल्स फ्रंट के स्वामी दिव्य नंद (60) और एक स्वतंत्र उम्मीदवार बंसी लाल (58) जैसे उम्मीदवार सामान्य शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनकी योग्यता मिडिल स्कूल पास के बराबर है।



# मुरैना लोकसभा : सबकी निगाहें बसपा प्रत्याशी पर टिकीं

## कांग्रेस व भाजपा से क्षत्रिय समाज के प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**मुरैना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की बहुचर्चित मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा अपने-अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतार चुकी है, लेकिन पिछले कई चुनाव से इन दोनों पार्टियों का समीकरण बिगाड़ने वाली बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं और ऐसे में अब सभी की निगाहें बसपा पर टिकी हुई हैं।

इस बार इस सीट पर कांग्रेस और भाजपा ने क्षत्रिय समाज के प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतार कर सभी को चौंका दिया है। पिछले चुनावों पर नजर डाली जाए तो बसपा का हाथी चंबल संभाग की मुरैना श्योपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को पिछले तीन लोकसभा चुनाव में लगातार पछाड़ता आ रहा है और बसपा प्रत्याशियों को लगातार कांग्रेस से ज्यादा वोट हासिल हो रहे हैं। ये तीनों चुनाव कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में लड़े थे। सिंधिया इस बार स्वयं गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हैं और अपने क्षेत्र में प्रचार में जुटे हैं।




भाजपा ने इस बार यहां से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के कट्टर समर्थक शिव मंगल सिंह तोमर को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने यहां से भाजपा से सुमावली विधायक रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार को मैदान में उतार कर लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। यहां भाजपा प्रत्याशी की जीत पर तोमर की साख दांव पर लगी है, वहीं कांग्रेस इस सीट को जीतने के लिए हर प्रयास करने में जुटी है।

पिछले चुनाव में यहां से भाजपा ने अपने वरिष्ठतम नेता तोमर को फिर मैदान में उतारा। इसी बीच उनका सामना फिर से कांग्रेस के रावत से हो गया, लेकिन बसपा ने यहां अवतार सिंह भड़ाना को लाकर कांग्रेस का गणित बिगाड़ दिया और रावत को फिर से हार का सामना करना पड़ा।

वर्ष 1990 से अस्तित्व में आई मुरैना श्योपुर लोकसभा सीट पहले आरक्षित थी, लेकिन 2009 में ये सामान्य वर्ग की हो गई। तब हुए पहले चुनाव में भाजपा ने कद्दावर नेता नरेंद्र सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया, वहीं कांग्रेस नें ज्योतिरादित्य सिंधिया के कट्टर समर्थक रामनिवास रावत को प्रत्याशी बना दिया। ऐन वक्त पर बसपा ने बलवीर सिंह दंडौतिया को हाथी के टिकट पर मैदान में डटा दिया।

मुरैना श्योपुर लोकसभा क्षेत्र में पहले भिंड जिला और शिवपुरी की पोहरी तहसील तक का क्षेत्र शामिल था। यह क्षेत्रफल के हिसाब से बहुत बड़ा इलाका था। ऐसे में 1957 में इसे पुनर्गठित किया गया। 2009 में यह सीट सामान्य हो गई तबसे इस पर भाजपा का कब्जा है। वर्ष 1980 से 2024 तक के 44 सालों में सिंधिया कांग्रेस यहां से 2 बार जीती और 8 बार हारी।

# विभाजन के बाद बिहार के लोकसभा चुनाव में नहीं खुला है वामदल का खाता

**पटना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। विभाजन के बाद बिहार में हुए लोकसभा चुनाव में वामदल का खाता नहीं खुला है। बिहार और झारखंड का विभाजन 15 नवम्बर 2000 को हुआ था। विभाजन से पूर्व बिहार में 54 सीटें हुआ करती थी। विभाजन के बाद बिहार में 40 सीटें रह गयी। विभाजन के बाद बिहार में हुये लोकसभा चुनाव में वामदल में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) का खाता नहीं खुला है।

विभाजन के बाद बिहार में वर्ष 2004, 2009, 2014 और वर्ष 2019 में लोकसभा के चुनाव हुए। इन चार चुनावों में वामदल के किसी भी प्रत्याशी ने जीत हासिल नहीं की है। वर्ष 2004 में भाकपा ने 6, माकपा ने 1 और भाकपा माले ने 21 प्रत्याशी चुनावी रणभूमि में उतारे लेकिन उसे किसी सीट पर कामयाबी नहीं मिली। वर्ष 2009 में भाकपा ने 7, माकपा ने 5 और भाकपा माले ने 20 प्रत्याशी चुनावी समर में उतारे लेकिन उसे किसी सीट पर कामयाबी नहीं मिली।वर्ष 2014 के चुनाव में भी वामदल के सभी प्रत्याशी को बिहार के लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में भाकपा के दो, माकपा के चार और भाकपा माले के 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे। वर्ष 2019 के चुनाव में भाकपा माले ने चार सीट, भाकपा ने दो सीट जबकि माकपा ने एक सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे। वामदल के कुल सात प्रत्याशी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उतरे थे लेकिन बिहार की चालीस सीटों में किसी भी सीट पर वामदलों का खाता नहीं खुल पाया। विभाजन से पूर्व अंतिम बार वर्ष 1999 में भागलपुर से माकपा प्रत्याशी सुबोध राय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभास चंद्र तिवारी को पराजित कर लोकसभा पहुंचे थे। इस चुनाव में भाकपा और भाकपा माले को कोई सीट नहीं मिली। माकपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सुबोध राय अंतिम वामदल के सांसद थे। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल के तहत वाम दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। वामदल में शामिल (भाकपा-माले) आरा, काराकाट और नालंदा, (भाकपा) बेगूसराय और (माकपा) खगड़िया सीट से चुनाव लड़ेगी। भाकपा माले ने आरा संसदीय क्षेत्र से भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा से विधायक सुदामा प्रसाद, काराकाट से पूर्व विधायक राजा राम सिंह और नालंदा संसदीय क्षेत्र से पटना जिले के पालीगंज से विधायक संदीप सौरभ को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बेगूसराय सीट पर भाकपा ने बेगूसराय जिले की बछ्वाड़ा सीट से तीन बार जीते पूर्व विधायक अवधेश राय को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है जबकि खगड़िय सीट से माकपा ने पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह के पुत्र और विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार के भाई संजय कुमार चुनाव लड़ेंगे। संजय कुमार खगड़िया से माकपा के जिला सचिव हैं। देखना दिलचस्प् होगा कि वाम दल के ये पांच सूरमा विभाजन के बाद बिहार में पार्टी का खाता खोलने में कितना सफल हो पाते हैं।




# चुनाव आयोग ने चेन्नई में तैनात किए माइक्रो ऑब्जर्वर

***चेन्नई,*** *13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने चेन्नई जिले के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र - चेन्नई उत्तर, दक्षिण चेन्नई और मध्य चेन्नई में 611 संवेदनशील मतदान केंद्रों और 23 महत्वपूर्ण बूथों की पहचान की है। बूथ कैप्चरिंग की दृष्टि से संवेदनशील मतदान केंद्रों पर 900 माइक्रो ऑब्जर्वर नजर रखेंगे।*

*ये माइक्रो ऑब्जर्वर आम तौर पर केंद्र सरकार के ग्रुप सी अधिकारी होते हैं, जो सामान्य पर्यवेक्षकों को रिपोर्ट करते हैं। ईसीआई ने इन माइक्रो पर्यवेक्षकों को चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखने को कहा है। मतदान के दिन (19 अप्रैल) चेन्नई में 611 संवेदनशील मतदान केंद्र, 23 महत्वपूर्ण मतदान केंद्र और 135 से अधिक जगहों पर माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे।*

*माइक्रो पर्यवेक्षकों को बताया गया है कि आपातकालीन स्थिति और मतदान प्रक्रिया की समाप्ति पर पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी सेवाओं का उपयोग कैसे किया जाए। मतदान के बाद, ईसीआई के निर्देशों के अनुसार, माइक्रो ऑब्जर्वर अपने अधिकार क्षेत्र के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए चुनाव के दिन की गतिविधियों के बारे में सामान्य पर्यवेक्षक को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर वास्तविक मतदान से पहले और चुनाव समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और मतदाता-सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल इकाइयों की सीलिंग की निगरानी करेंगे।*



# लोकसभा चुनाव में पांच भोजपुरी सितारे दिखाएंगे जलवा

**मुंबई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भोजपुरी सिनेमा के पांच सितारे इस बार के लोकसभा के चुनाव में अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन, जाने माने गायक-अभिनेता मनोज तिवारी, अभिनेता दिनेश लाल यादव निरुहुआ, पावर स्टार पवन सिंह और गायक-अभिनेता गुंजन सिंह इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना जलवा दिखाने के लिए बेताब हैं।

**पवन सिंह व गायक-अभिनेता गुंजन सिंह अपना जलवा दिखाने के लिए बेताब**

रवि किशन ने वर्ष 2014 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर उत्तर प्रदेश के जौनपुर सीट से अपनी किस्मत आजमायी थी, लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 में रवि किशन ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर अपनी तकदीर आजमायी और वह चुनाव जीतकर सांसद बनने में सफल रहे। रवि किशन इस बार में भी भाजपा के टिकट पर गोरखपुर से चुनाव लड़ रहे हैं।

मनोज तिवारी ने वर्ष 2009 में राजनीति में प्रवेश किया। मनोज तिवारी ने वर्ष 2009 में गोरखपुर सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा। उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगी आदित्यनाथ से हुआ। इस चुनाव में मनोज तिवारी पराजित हो गए। इसके बाद मनोज तिवारी भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है। तिवारी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर अपना जलवा दिखाने के लिए बेताब हैं। निरहुआ ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ संसदीय सीट पर अपनी किस्मत आजमायी लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद निरहुआ ने ट्विटर पर लिखा था 'न ये देश रुकेगा, न ये देश झुकेगा, आए तो मोदी ही'। अखिलेश यादव ने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से जीत हासिल की। इसके बाद अखिलेश यादव ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद वर्ष 2022 में आजमगढ़ सीट पर हुए उपचुनाव में निरहुआ ने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल कर ली। निरहुआ आजममढ़ सीट से फिर अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।



भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह बिहार के काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इससे पूर्व भाजपा ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। भाजपा ने पवन सिंह की जगह आसनसोल से दुर्गापुर बर्धमान के सांसद एस एस आहलुवालिया को उम्मीदवार बनाया है।

गुजंन सिंह बिहार के नवादा संसदीय सीट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

# अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाने पर मिलेगा विशेष ऑफर

**हनुमानगढ़,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने के लिए हनुमानगढ़ के कई व्यापारियों ने अपने व्यापारिक संस्थानों में विशेष ऑफर एवं छूट का प्रावधान किया है और इसका फायदा उठाने वाले मतदाता को अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाना होगा। जिला निर्वाचन और स्वीप टीम के प्रोत्साहन पर इन व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठानों में यह प्रावधान किया हैं। 40 व्यापारिक संस्थानों ने यह सकारात्मक पहल की है। चुनाव का पर्व देश का गर्व हैं। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए शहर के व्यापारिक संस्थानों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह प्रयास किया है। लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हाल ही जिला निर्वाचन कार्यालय टीम द्वारा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि मतदाताओं के प्रोत्साहित करने में प्रशासनिक प्रयासों में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल करने पर खाने, खरीदारी, सैलून, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स, क्लॉथ, रेस्टोरेंट, ऑटो एसेसिरीज, बुक्स, स्कूल यूनिफार्म, मिठाई सहित 100 से अधिक प्रोडक्ट्स पर छूट मिलेगी। इनमें मिठाई पर सुबह नौ से सायं पांच बजे तक दस प्रतिशत छूट, महिलाओं के लिए किचन आइटम, क्लॉथ, ब्यूटी पॉर्लर सहित हर वर्ग के लिए विशेष ऑफर है।



देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 0.67 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.45 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.37 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 4.01 प्रतिशत |
| मारुति | 3.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.57 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.40 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.22 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,644 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 80800 |
| वायदा | 70,981 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

### पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## केंद्र ने गैस आधारित बिजली संयंत्रों को उत्पादन शुरू करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मियों के मौसम में देश में बिजली की ऊंची मांग पूरी करने के लिए केंद्र सरकार ने गैस-आधारित बिजली संयंत्रों में उत्पादन शुरू करने का फैसला किया है।

बिजली मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गैस-आधारित उत्पादन संयंत्रों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन संयंत्रों को निर्देश जारी किए हैं। इस धारा के तहत राज्य या केंद्र सरकार निर्दिष्ट कर सकती है कि असाधारण परिस्थितियों में एक उत्पादक कंपनी किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रखरखाव उस सरकार के निर्देशों के अनुसार करे।

गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) की एक महत्वपूर्ण क्षमता वर्तमान में अप्रयुक्त है, मुख्यत: व्यावसायिक कारणों से। धारा 11 के तहत जारी आदेश का उद्देश्य आगामी उच्च-मांग अवधि के दौरान गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से बिजली की



उपलब्धता को अनुकूलित करना है। बिजली मंत्रालय ने कहा कि यह आदेश 1 मई 2024 से 30 जून 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा।

**आदेश 1 मई से 30 जून तक बिजली उत्पादन व आपूर्ति के लिए रहेगा वैध**

बिजली मंत्रालय ने कहा कि ग्रिड-इंडिया गैस आधारित उत्पादन स्टेशनों को पहले से सूचित करेगा कि कितने दिनों के लिए गैस आधारित बिजली की आवश्यकता है।

वितरण लाइसेंसधारियों के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) रखने वाले गैस आधारित उत्पादन स्टेशन पहले पीपीए धारकों को अपनी बिजली की पेशकश करेंगे। यदि दी गई बिजली का उपयोग किसी पीपीए धारक द्वारा नहीं किया जाता है, तो इसे बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशन जो पीपीए से बंधे नहीं हैं, उन्हें बिजली बाजार में अपना उत्पादन पेश करना होगा। इस निर्देश के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

### हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेचे जा रहे उत्पादों को लेकर सरकार सख्त

**नई दिल्ली।** बच्चों की ग्रोथ बढ़ाने का दावा करने वाले बॉर्नविटा जैसे तमाम हेल्थ ड्रिंक्स बाजार और ई-कॉमर्स वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि ऐसे हेल्थ ड्रिंक्स वाकई में आपके बच्चों के लिए सेहतमंद हैं या नहीं? अब, भारत सरकार ने हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेवरेज बेचने को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। दरअसल, बाजार में अब बॉर्नविटा जैसे तमाम ड्रिंक्स ई-कॉमर्स साइट पर हेल्थ ड्रिंक्स के नाम से नहीं बेचे जा सकेंगे। हेल्थ ड्रिंक्स पर उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को एक एडवाइजरी जारी की है। बॉर्नविटा और दूसरे बेवरेज को हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी में नहीं रखा जाए। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को वेबसाइट से बॉर्नविटा सहित सभी बेवरेज को 'हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी' से हटाने को कहा है। एडवाइजरी में बताया गया है कि विभाग के संज्ञान में आया है कि बॉर्नविटा सहित कुछ पेय पदार्थों को ई-कॉमर्स साइटों और प्लेटफार्म्स पर 'हेल्थ ड्रिंक' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।



- उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को जारी की एडवाइजरी
- फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स कानून के तहत 'हेल्थ ड्रिंक्स' की नहीं है कोई परिभाषा

### स्थानीय मुद्रा में भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा मालदीव

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मालदीव अपनी मुद्रा रूफिया में आयात के भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा है। आर्थिक विकास मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि चीन से माल आयात को लेकर भी यही चर्चा जारी है। मालदीव सालाना भारत और चीन से क्रमश: 78 करोड़ अमरीकी डॉलर तथा 72 करोड़ अमरीकी डॉलर का सामान आयात करता है। समाचार पोर्टल एडिशनडॉटएमवी के अनुसार, 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की लामू एटोल की यात्रा के दौरान मावा द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में सईद ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल संसद में बहुमत हासिल करता है तो वे '' करीब दो वर्ष के भीतर डॉलर की दर को आधिकारिक बाजार मूल्यों पर वापस लाने में सक्षम होंगे।'' सईद ने कहा कि लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके। उन्होंने कहा, '' मालदीव किसी अन्य देश के साथ संबंध तोड़ने वाला देश नहीं है और एक ऐसा देश है जो व्यापार के लिए खुला है।



**लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके : मोहम्मद सईद**

मंत्री ने साथ ही खुलासा किया कि मालदीव ने सेंट्रल बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर को मालदीव आने के लिए आमंत्रित किया है। दोनों देशों के बीच मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर करने के प्रयास भी जारी हैं।

## खाद्य तेल सहित अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन



के साथ ही अन्य जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में स्थिरता रही। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में भाव टिके रहे। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## भारत की जीडीपी 6.1 फीसदी बढ़ने का अनुमान : मूडीज

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मूडीज एनालिटिक्स ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.1 फीसदी वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एजेंसी द्वारा इस साल मार्च में लगाए गए 6 फीसदी वृद्धि के अनुमान से ज्यादा है।

मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को जारी 'एपीएसी आउटलुक लिसनिंग थ्रू द नॉइज' शीर्षक वाली अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले साल 7.7 फीसदी बढ़ने के बाद 2024 में 6.1 फीसदी बढ़ेगी।' रेटिंग एजेंसी की इकाई ने कहा कि हाल में भारत



**पूरे एपीएसी में महंगाई दर घट रही है, लेकिन रफ्तार धीमी है। साथ ही महंगाई दर बढ़ने का जोखिम भी है : मूडीज**

की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर करीब 5 फीसदी थी। इससे महंगाई के कीमतों पर दबाव का साफ संकेत नहीं मिलता। मूडीज ने कहा, 'पूरे एपीएसी में महंगाई दर घट रही है, लेकिन रफ्तार धीमी है। साथ ही महंगाई दर बढ़ने का जोखिम भी है।' भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा था कि खाद्य की कीमतों में अनिश्चितता महंगाई दर के परिदृश्य पर असर डाल रही है। रिजर्व बैंक ने 2024-25 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान 4.5 फीसदी बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण जिंस की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला पर जोखिम बना हुआ है। जून तिमाही में महंगाई दर 4.9 फीसदी, सितंबर तिमाही में 3.8 फीसदी और दिसंबर व मार्च तिमाहियों में महंगाई दर क्रमश:4.6 फीसदी और 4.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

**सार संक्षेप**

### लुब्रिजोल का नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

**नई दिल्ली।** स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीज़ोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने यहां कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीज़ोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिज़ोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स के क्षेत्र में काम करने वाले 200 से अधिक क्षेत्रीय कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (हाई ग्रोथ रीजन) जेटी जोन्स ने इस मौके पर कहा कि भारत निस्संदेह हमारे सबसे तेजी से बढ़ते मार्केट में से एक है और क्षेत्रीय और वैश्विक ग्राहकों के लिए सफलता और नवाचार प्राप्त करने के लिए आवश्यक टैलेंट का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

### वित्त आयोग ने युवा पेशेवरों के लिए आवेदन किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवरों (वाईपी)/सलाहकारों के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। आयोग ने अपनी वेबसाइट पर पात्रता, संदर्भ की शर्तों, पारिश्रमिक से जुड़ी सूचना और आवेदन पत्र को अपलोड कर दिया है। आयोग में अनुबंध के आधार पर वाईपी और सलाहकार के रूप में नियुक्त होने के इच्छुक आवेदक अपना आवेदन विधिवत भरे हुए प्रपत्र में निदेशक, 16वें वित्त आयोग को केवल ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं। इसके लिए आवेदन की कोई वास्तविक प्रति नहीं जमा की जाएगी।

### चुनाव की हलचल में भी सूने पड़े होटल, व्यापारी निराश

**नई दिल्ली।** होटल उद्यमियों को चुनाव के दौरान प्रचार के लिए आने वाले नेताओं से कारोबार बढ़ने की उम्मीद इस बार पूरी होती नहीं दिख रही है। दिल्ली होटल व गेस्ट हाउस ऑनर्स एसोसिएशन के चेयरमैन संदीप खंडेलवाल ने बताया कि चुनाव में नकदी पर सख्ती से नकद में भुगतान करने वाले बाहरी राज्यों के कारोबारी नहीं आने से बुकिंग कम होने से उद्यमी नुकसान में हैं। गिरती बुकिंग से उद्यमी किराए में 20 से 25 फीसदी छूट देने को मजबूर हैं। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष भरत मलकानी कहते हैं कि फिलहाल चुनाव की वजह से इंडस्ट्री को कोई बूम नहीं है अगर किसी बड़े नेता के दौरे से अगर 100 कमरे बुक भी हो जाते हैं तो इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। होटल्स ऐंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया के चेयरमैन (मध्य प्रदेश) सुमित सूरी ने बताया कि पिछले सालों से तुलना करें तो इस वर्ष चुनावी मौसम में होटलों की बुकिंग में कोई तेजी नजर नहीं आ रही है।

## डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स पर ट्राई ने सौंपी सिफारिशें

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल को प्रोत्साहित करने पर अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप दी है जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, दूरसंचार में नवाचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने एवं सुविधाजनक बनाने के लिए, इस तरह से, और ऐसी अवधि के लिए एक या अधिक नियामक सैंडबॉक्स बना सकती है।

- दूरसंचार विभाग ने सैंडबॉक्स के संबंध में ट्राई की सिफारिशों का किया था अनुरोध
- आरएस दूरसंचार नेटवर्क और ग्राहक संसाधनों तक वास्तविक समय में पहुंच संभव करता है

सरकार ने 5जी/6जी, मशीन टू मशीन कम्युनिकेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रियलिटी और अन्य में नए तकनीकी विकास को देखते हुए, एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल का लाइव नेटवर्क में परीक्षण किया जा सके, या मौजूदा कार्यों व प्रक्रियाओं को परिष्कृत किया जा सके। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 10 मार्च, 2023 को डिजिटल संचार उद्योग में नई सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और व्यापार मॉडल




के लिए नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के संबंध में ट्राई की सिफारिशों का अनुरोध किया था।

नियामक सैंडबॉक्स (आरएस) दूरसंचार नेटवर्क और ग्राहक संसाधनों तक विनियमित तरीके से लेकिन वास्तविक समय में पहुंच संभव करता है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जो प्रयोगशाला परीक्षण या पारंपरिक प्रयोगिक तरीकों में संभव नहीं है। नियमों में विशिष्ट और सामान्य छूट, केवल आरएस परीक्षण के लिए मान्य, नए विचारों के परीक्षण के लिए दी जाती है। कई देशों में नियामक निकायों ने ऐसे सैंडबॉक्स ढांचे की स्थापना की है। भारत में लाइव परीक्षण के लिए इस तरह की रूपरेखा प्रदान करने से अधिक उद्यमियों को देश के साथ-साथ दुनिया के डिजिटल संचार उद्योग के लिए समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। दूरसंचार विभाग ने उभरती नई रेडियो संचार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, बाह्य परीक्षण/प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए स्पेक्ट्रम नियामक सैंडबॉक्स (एसआरएस) या वाइट ज़ोन (वायरलेस टेस्ट ज़ोन) स्थापित करने और संचालित करने के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। हालांकि, ये दिशानिर्देश परीक्षण-अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के उद्देश्य से पीएसटीएन/सार्वजनिक वाणिज्यिक नेटवर्क/उपग्रह के साथ किसी भी कनेक्टिविटी के लिए प्रदान नहीं करते हैं। अर्थात वाईई क्षेत्रों में परीक्षण उत्पादों को लाइव नेटवर्क वातावरण में एक्सपोजर की अनुमति नहीं देता है। ऑफलाइन/प्रयोगशाला/वाइट जोन परीक्षण से परे, वास्तविक लाइव नेटवर्क वातावरण में उत्पादों के परीक्षण की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, स्पेक्ट्रम से संबंधित छूट के अलावा, कुछ उत्पादों को लाइव नेटवर्क आवश्यकताओं में परीक्षण के लिए अन्य प्रकार की नियामक छूट की आवश्यकता हो सकती है।

दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ हितधारक प्रतिक्रिया के आधार पर, और दूरसंचार अधिनियम 2023 में प्रदान की गई नियामक सैंडबॉक्स की परिभाषा के अनुरूप, जो कुछ नियामक छूट प्राप्त करने के बाद एक निश्चित अवधि के लिए उपयोगकर्ताओं के सीमित सेट पर लाइव परीक्षण वातावरण में नए उत्पादों, सेवाओं, प्रक्रियाओं और व्यावसायिक मॉडल के परीक्षण पर बल देते हैं। इसके आधार पर ट्राई ने अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दे दिया है। सिफारिशें डिजिटल संचार क्षेत्र के लिए सैंडबॉक्स परीक्षण करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं।

## एलन मस्क कर रहे इंजीनियरों, डिजाइनरों व ट्यूटर्स की तलाश


**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। एलन मस्क ने शनिवार को युवा प्रतिभाशाली लोगों से उनके कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उद्यम एक्सएआई में शामिल होने के लिए कहा। उनकी एक्सएआई कंपनी वर्तमान में उत्पाद, डेटा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के अलावा इंजीनियरों और डिजाइनरों की भी नियुक्ति कर रही है। टेक अरबपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, एक्सएआई से जुड़ें। कंपनी, जिसने ग्रोक नामक एआई चैटबॉट का अनावरण किया है, एआई ट्यूटर्स को भी नियुक्त कर रही है। कंपनी के अनुसार हम एआई शोधकर्ताओं और इंजीनियरों की एक टीम हैं, जो एआई सिस्टम बनाने के मिशन पर हैं और मानवता को दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकते हैं।



मस्क का एआई उद्यम अमेरिका और लंदन में सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र और पालो ऑल्टो में नियुक्तियां कर रहा है। एक्सएआई के अनुसार हालांकि हम व्यक्तिगत रूप से काम करना पसंद करते हैं, लेकिन हम असाधारण उम्मीदवारों के लिए दूरस्थ कार्य के अवसर भी प्रदान करते हैं। कंपनी कर्मचारियों को आकर्षक वेतन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्रदान कर रही है।

## घरेलू हवाई यातायात 2023-24 में 15.4 करोड़ तक पहुंचने की संभावना : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में





यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपए के बीच रहने की संभावना है। साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने कहा कि एयरलाइंस की लागत में वृद्धि के मुकाबले राजस्व वृद्धि की क्षमता महत्वपूर्ण है, क्योंकि उससे ही उन्हें मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन खराब होने से जुड़े मुद्दे निकट भविष्य में प्रतिकूल स्थिति पैदा कर सकते हैं। इक्रा ने कहा कि 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 15.4 करोड़ रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात, वित्त वर्ष 2019-20 के कोविड से पहले के स्तर को पार कर गया है। उस समय यह आंकड़ा लगभग 14.2 करोड़ था। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2024 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 13.52 करोड़ होने का अनुमान है, जो फरवरी के लगभग 12.64 करोड़ से 6.9 प्रतिशत अधिक है।

**सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक**

## सरकार ने दी दालों में जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**नई दिल्ली**, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

- खाद्यान्नों की जमाखोरी व बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए सरकार का प्रयास



यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गई। बयान में कहा गया है कि उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों-थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। बयान के अनुसार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी।

बयान में कहा गया है कि यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है।

**दालों के जमाखोरी में लिप्त पाए जाने पर विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा : निधि खरे**

उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की एक श्रृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली संस्थाओं पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# खेल जगत

**पूरन को कुलदीप की डिलीवरी संपूर्ण रत्न थी : टॉम मूडी**

**मुबंई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कुलदीप यादव की तारीफ करते हुये कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ चाईनामैन गेंदबाज का प्रदर्शन असाधारण था और निकोलस पूरन को आउट करने वाली उनकी पहली गेंद वास्तव में एक संपूर्ण रत्न थी। स्टार स्पोर्टस पर बात करते हुये मूडी ने कहा कि आप न केवल मैदान के अंदर, बल्कि खेल के इस प्रारूप में पिछले 12 महीनों में सबसे अधिक जानकारी वाले खिलाड़ियों में से एक के बारे में बात कर रहे हैं। उसे पहली ही गेंद पर आउट करना बिल्कुल शानदार डिलीवरी थी और उसे वापस टीम में देखना बहुत अच्छा है। मुझे लगता है कि यह दिल्ली के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह उनके गेंदबाजी आक्रमण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



## आईपीएल 2024 : आज आमने सामने होंगी ये चार बड़ी टीमें

# जीत की राह पर वापस लौटने की कोशिश करेगी कोलकाता

**कोलकाता,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के 28वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जॉयंट्स की भिड़ंत रविवार को होगी। दोनों ही टीमों को उनके पिछले मैच में हार मिली थी और अब वे जीत की राह पर वापस लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल तीन मैच खेले गए हैं और सभी में लखनऊ को जीत मिली है। इन दोनों टीमों के बीच बहुत लंबा इतिहास तो नहीं रहा है, लेकिन इनके कुछ खिलाड़ी शानदार खेल दिखा रहे हैं। एक नज़र डालते हैं उन आंकड़ों पर जिनका इस मैच पर प्रभाव पड़ सकता है।

**ईडन के जादूगर हैं नारायण :** सुनील नारायण ने कोलकाता के घरेलू मैदान ईडन गार्डंस पर अपनी गेंदबाजी का लोहा लगातार मनवाया है। 2012 में नारायण ने आईपीएल में अपना पहला सीज़न खेला था और उस सीजन ईडन की इकॉनमी 7.66 रही थी, लेकिन नारायण ने केवल 4.45 की इकॉनमी से रन ख़र्च किए थे। ईडन की इकॉनमी हर सीज़न बढ़ती रही है और वर्तमान सीज़न में यह 10 के पार जा चुकी है। दूसरी ओर नारायण की इकॉनमी इस मैदान पर केवल 2019 में ही आठ के पार गई थी। छह सीजन में तो वह 6.5 से भी कम की इकॉनमी से गेंदबाज़ी कर चुके हैं। वर्तमान सीजन में भी उनकी इकॉनमी 4.75 की है।





### नारायण और सॉल्ट की जोड़ी, गेंदबाजों की कमर तोड़ी

नारायण और फ़िल सॉल्ट की ओपनिंग जोड़ी ने चार पारियों में 42.25 की औसत और 12.83 के रन रेट से 169 रन जोड़े हैं। कम से कम चार आईपीएल पारियों में पारी की शुरुआत कर चुकी जोड़ियों में नारायण और सॉल्ट का रन रेट सबसे अधिक है। इससे पहले कोई भी ओपनिंग जोड़ी 11 रन प्रति ओवर भी नहीं बना सकी है। इस सीज़न की बात करें तो नारायण और सॉल्ट के अलावा एक और जोड़ी ने 12 से अधिक के रन रेट से रन बनाए हैं। हैदराबाद के ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने दो पारियों में 12.16 के रन रेट से रन बनाए हैं।

### पुराने अंदाज में लौटेंगे राहुल ?

हालिया वर्षों में केएल राहुल को लगातार धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना का शिकार होना पड़ा है। लखनऊ का कप्तान बनने के बाद राहुल का स्ट्राइक-रेट काफी कम हुआ है, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राहुल ने पहली 10 गेंदों में ही 25 रन बना दिए थे। दिल्ली के खिलाफ राहुल ने पावरप्ले में 14 गेंदों में 30 रन बनाए थे और यह लखनऊ के लिए पावरप्ले में उनका संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर है। हालांकि, 214 की यह स्ट्राइक-रेट उनकी लखनऊ के लिए पावरप्ले में सर्वाधिक है।

### पूरन बनेंगे खतरा या उन्हें खामोश करेगी कोलकाता ?

निकोलस पूरन आईपीएल में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और वह कोलकाता के लिए बड़ा ख़तरा बन सकते हैं। पहली 10 गेंदों में पूरन का स्ट्राइक-रेट 130 का रहता है, लेकिन 11-20 गेंदों में उनका स्ट्राइक-रेट बढ़कर 160.2 हो जाता है। यदि पूरन ने 20 से अधिक गेंद खेल ली तो वह 171.1 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाते हैं। आंद्रे रसल ने टी20 में पूरन को चार बार आउट किया है तो वहीं नारायण ने भी तीन बार उनका विकेट चटकाया है। स्टार्क ने केवल नौ गेंदों में ही पूरन को दो बार अपना शिकार बनाया है। ऐसे में पूरन बनाम कोलकाता गेंदबाजों की जंग काफ़ी रोमांचक हो सकती है।

# मुंबई और चेन्नई होंगे आमने-सामने

**मुंबई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। पांच-पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच रविवार को दिन के दूसरे मैच में महामुकाबला होगा। दोनों ही टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफलतम टीमें रही हैं। दोनों के कप्तान जरूर बदल चुके हैं लेकिन दोनों की जंग के किस्से बहुत पुराने हैं। आइए आंकड़ों के जरिए जानते हैं कि इस बार कौन किस पर भारी पड़ सकता है ।



### वानखेड़े में चेन्नई का हाल बेहाल

चेन्नई और मुंबई आईपीएल इतिहास की दो सफलतम टीमों में से हैं। दोनों ने पांच-पांच बार खिताब हासिल किए हैं। अब ये दोनों 37वीं बार आमने-सामने होंगे। अभी तक मुंबई की टीम चेन्नई पर भारी पड़ी है। वहीं वानखेड़े मैदान में तो मुंबई का दबदबा और भी बढ़ जाता है, जबकि चेन्नई इस मैदान पर अपना सबसे कमजोर प्रदर्शन करती आई है। कुल मिलाकर मुंबई ने 20 मैच जीते हैं तो वहीं चेन्नई को 16 मैचों में जीत मिली है। वहीं वानखेड़े में मुंबई11 में से सात मैच जीतने में क़ामयाब रही है। चेन्नई का यह किसी टीम के खिलाफ एक मैदान पर सबसे ख़राब प्रदर्शन है जहां उनका जीत का प्रतिशत मात्र 36.3 रह जाता है। हालांकि पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं तो मुंबई मात्र एक ही मैच जीतने में क़ामयाब हो पाई है।

### दीपक चाहर बन सकते हैं खतरा

इस टूर्नामेंट में दीपक चाहर को नई गेंद के गेंदबाज़ के तौर पर जाना जाता है। इस बार उन्होंने पावरप्ले में अपने पांच में से चार विकेट लिए हैं और उन्हें वानखेड़े में मज़ा आ सकता है। चाहर का वानखेड़े में अच्छा पावरप्ले रिकॉर्ड है, जहां उन्होंने 10 मैचों में 20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। मुंबई के गेंदबाज़ों को छोड़कर पावरप्ले में 10 विकेट अन्य किसी गेंदबाज़ ने यहां पर नहीं लिए हैं। चाहर का इशान किशन और रोहित शर्मा के खिलाफ भी अच्छा रिकॉर्ड है, जहां रोहित को उन्होंने तीन बार आउट किया है। ऐसे में सूर्यकुमार को जल्दी मैदान पर देखा जा सकता है, जिनका चाहर के खिलाफ़ अच्छा रिकॉर्ड है, जो केवल एक ही बार उन पर आउट हुए हैं।



### स्वीप और स्कूप निकलवाएंगे रन

वानखेड़े में पिछले कुछ वर्षों से स्वीप और स्कूप पर बहुत रन आए हैं, पिछले कुछ वर्षों से ये शॉट इस मैदान पर ख़ासे प्रचलित रहे हैं। इन शॉट पर वानखेड़े से अधिक रन किसी और मैदान पर नहीं बने हैं और मुंबई ऐसी टीम रही है जिसने इन शॉट्स से सबसे अधिक रन निकाले हैं। दूसरी ओर चेन्नई पिछले दो वर्षों में इन शॉट्स पर रन बनाने वाली सबसे कमजोर टीम रही है। आईपीएल 2022 से सूर्यकुमार यादव ने इस शॉट्स पर किसी भी खिलाड़ी से अत्यधिक रन बनाए हैं। इस मैदान पर इन शॉट्स से 391 गेंद में 956 रन बने हैं।

## राहुल ने की बदौनी की तारीफ कहा आप मैच को अच्छी तरह से समाप्त कर सकते हैं

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज आयुष बदौनी ने कप्तान केएल राहुल और मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के समर्थन और मार्गदर्शन को स्वीकार किया, जिससे उन्हें दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 35 गेंदों में शानदार 55 रन बनाने में मदद मिली। लखनऊ सुपर जायंट्स के शुरुआती संघर्ष और चुनौतीपूर्ण स्थिति के दबाव के बावजूद, बदौनी की पारी ने उनके धैर्य और कौशल का प्रदर्शन किया और उनकी टीम के लिए स्थिति बदल दी। अरशद खान के साथ उनकी 73 रनों की साझेदारी ने लखनऊ को दिल्ली के खिलाफ 7 विकेट पर 167 रन बनाने में मदद की। अपने अर्धशतक के बाद प्रेस से बात करते हुए, आयुष बदौनी ने खुलासा किया कि वह सितंबर 2023 में लखनऊ द्वारा आयोजित एक शिविर में जस्टिन लैंगर के तहत प्रशिक्षण लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया गए थे। बदौनी ने कहा कि जस्टिन लैंगर के साथ भी मेरा अच्छा रिश्ता है। मैं पिछले साल ऑस्ट्रेलिया भी गया था, जहां जस्टिन ने मुझे कई चीजें सिखाई और मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की। उन्होंने कहा कि मैं सितंबर में ऑस्ट्रेलिया गया था जहां हमने लखनऊ सुपर जाइंट्स द्वारा प्रायोजित शिविर में जस्टिन लैंगर के साथ ट्रेनिंग की थी।

## हर कोई पृथ्वी शॉ के प्रदर्शन में निरंतरता देखना चाहता है : माइकल क्लार्क

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतर होने की जरूरत है क्योंकि हर कोई चाहता है कि वह शीर्ष क्रम पर टीम के लिए स्थिर रहें।

आईपीएल 2024 की अपनी चार पारियों में, शॉ ने 157.29 की स्ट्राइक-रेट से 151 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 66 रन का उच्चतम स्कोर है। लखनऊ में, शॉ ने 22 गेंदों में 32 रनों की तेज़ पारी खेली, जिससे डीसी को आईपीएल 2024 सीज़न की दूसरी जीत हासिल करने के लिए 168 रनों का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद मिली। मुझे लगता है कि उनके दोबारा टीम में वापस आने से डेव वार्नर को मदद मिलेगी या फ्रेज़र मैकगर्क के टीम में आने से उन्हें मदद मिलेगी। दोनों बॉउंड्री की तलाश में थे। आप जानते हैं, उस प्रतियोगिता का थोड़ा सा भी स्तर। यदि आप चौका मार सकते हैं, तो मैं छक्का मारूंगा। स्टार स्पोर्ट्स पर क्रिकेट लाइव शो में क्लार्क ने कहा कि तो, मुझे लगता है कि पृथ्वी शॉ एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। हर कोई उसे और अधिक सुसंगत देखना चाहता है। मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेलता है वह हमें पसंद है। वह बहुत प्रतिभाशाली है, बहुत प्रतिभावान है। अभी यह निरंतरता है, जितना अधिक वह ऐसा कर सकता है, मुझे लगता है, दिल्ली उतनी ही बेहतर होती रहेगी। शॉ के लिए आईपीएल 2023 में भूलने योग्य समय था और पिछले सीज़न के बीच में भी उन्हें बाहर कर दिया गया था, जहां उन्होंने आठ पारियों में सिर्फ 106 रन बनाए थे। अब, उन्होंने आईपीएल 2024 की चार पारियों में उस आंकड़े को पार कर लिया है, जो डीसी के दृष्टिकोण से बहुत उत्साहजनक है। सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी का मानना है कि शॉ की भूमिका बड़ा स्कोर बनाने के बजाय सिर्फ तेज पारी खेलने की है।

मेरे लिए, अगर वह 15, 25 गेंदों पर 30 या 40 रन बना सकता है, तो उसने अपना काम कर दिया है। खेल इसी तरह चल रहा है. मुझे लगता है कि अक्सर लोग इस खेल को देखते हैं और सोचते हैं, ओह, ठीक है, उसे 50 नहीं मिले या उसे 100 नहीं मिले।



> मुझे लगता है कि पृथ्वी शॉ एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। हर कोई उसे और अधिक सुसंगत देखना चाहता है : माइकल क्लार्क, पूर्व कप्तान (ऑस्ट्रेलिया)

## दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनी और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का फाइनल दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनी टीम और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच खेला जाएगा जबकि पुरुष वर्ग के फाइनल में मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की भिड़ंत श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी टीम से होगी। महिला वर्ग के अंतिम लीग मैच में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 4-0 से हराया। सोनिका, सोनू, सुनीता और विधि ने 1- 1 गोल किये और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनी की सोनिका यादव को मिला। पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच में श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 3-2 से हराया।



## सार संक्षेप

### मनु गंडास ने 66 का कार्ड खेला, एकमात्र बढ़त हासिल की

**नोएडा।** गुरुग्राम के मनु गंडास ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर छह-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 13-अंडर 203 के स्कोर के साथ 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले निसान प्रेजेंट दिल्ली-एनसीआर ओपन 2024 के तीसरे राउंड के बाद एकमात्र बढ़त हासिल कर ली है, जो नोएडा गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। आयोजन के 2022 संस्करण के विजेता मनु गंडास (68-69-66) ने एक त्रुटि-मुक्त दिन का आनंद लिया और वह रातोंरात चौथे स्थान से तीन स्थान ऊपर चले गए। कल शीर्ष पर रहे तीन खिलाड़ियों में से एक, मैसूर के यशस चंद्रा (71-64-69) ने 69 का स्कोर बनाकर दिन का अंत 12-अंडर 204 के साथ दूसरे स्थान पर किया। वीर अहलावत (70) और अंगद चीमा (71), अन्य दो संयुक्त ओवरनाइट लीडर, क्रमशः 11-अंडर 205 के साथ तीसरे स्थान पर और 10-अंडर 206 के साथ चौथे स्थान पर रहे।

### बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी उठा सकेंगे आईपीएल का रोमांच

**मुबंई।** टाटा आईपीएल 2024 के आधिकारिक प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए सांकेतिक भाषा कमेंट्री शुरू की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्टस की इस पहल का स्वागत करते हुये कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि हमने कमेंटरी में वास्तव में प्रतिष्ठित क्षणों को देखा है, विशेष रूप से एमएस धोनी के विश्व कप विजेता छक्के को रवि शास्त्री द्वारा बुलाया गया था। हर कोई खेल का पूरा आनंद लेने का हकदार है, और मुझे लगता है कि यह एक महान नवाचार है, खेल को उसकी पूरी सुंदरता के साथ उन सभी के सामने लाएँ जो सुनने में इतने भाग्यशाली नहीं हैं।

## जय शाह ने 1984 एशिया कप विजेता टीम इंडिया को बधाई दी

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने टीम इंडिया को बधाई दी, जिसने आखिरी लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर 1984 में एशिया कप का पहला संस्करण जीता था। एशिया कप के उद्घाटन संस्करण में पाकिस्तान, भारत और श्रीलंका शामिल थे। भारत ने अपने दोनों मुकाबले जीते जबकि श्रीलंका ने एक मैच जीता और एक हारा। पाकिस्तान ने अपने दोनों मैच गंवाए। भारत ने आखिरी लीग मैच में 188 रनों के स्कोर का बचाव करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री और रोजर बिन्नी के तीन-तीन विकेटों के मैच जिताऊ प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को 54 रनों से हरा दिया। जय शाह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर टीम को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, कि इस दिन 1984 में, टीम इंडिया ने एशिया कप का उद्घाटन संस्करण जीता था, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सुरिंदर खन्ना की 56 रन की पारी शामिल थी। रवि शास्त्री की असाधारण बाएं हाथ की स्पिन और रोजर बिन्नी की शानदार सीम गेंदबाजी ने टीम इंडिया की सफलता को और मजबूत किया। शास्त्री टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे।



## निशांत, अमित दूसरे ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारत की 9 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन अमित पंघाल (51 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सहित नौ मुक्केबाजों का चयन किया है। यह टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाला है। पंघाल, जिन्होंने हाल ही में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था, वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियन हैं और शानदार लय में दिख रहे हैं। दूसरी ओर, निशांत मार्च में इटली में आयोजित पहले ओलंपिक क्वालीफायर के अंतिम चरण में पहुंच गए और ओलंपिक कोटा हासिल करने से एक जीत दूर रह गए। उनके साथ एक अन्य स्ट्रैंड्जा स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियन सचिन (57 किग्रा), 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (प्लस 92 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत कुमार (92 किग्रा) भी होंगे। अभिनाश जामवाल (63.5 किग्रा) और अभिमन्यु लूरा (80 किग्रा) भी उस टीम का हिस्सा हैं जो अपनी-अपनी श्रेणियों में पेरिस 2024 कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), जो वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं, महिला वर्ग में दो और कोटा जोड़ने की कोशिश करेंगी। इटली में हुए पहले ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाली टीम में पांच नए खिलाड़ी शामिल किए गए हैं।



# श्रेष्ठता कायम करने के लिए उतरेगी एफसी गोवा

**फतोर्दा,** 13 अप्रैल (एजेंसियां) आईएसएल 2023-24 सीजन अपने क्लाइमैक्स के नजदीक पहुंच रहा है और एफसी गोवा व चेन्नइयन एफसी रविवार को शाम 7: 30 बजे (भारतीय समयानुसार) फतोर्दा में श्रेष्ठता कायम करने के लिए भिड़ेंगी। दोनों टीमों की नजरें अपने-अपने लक्ष्यों पर हैं, लिहाजा इस मैच बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। एफसी गोवा को दूसरे स्थान की तलाश: गौर्स तालिका में प्रतिष्ठित दूसरे स्थान पर पहुंचने के लिए पूरी एकाग्रता के साथ मैच में उतरेंगे। उनके 21 मैचों में 42 अंक हैं। चेन्नइयन एफसी पर जीत और फिर अंतिम लीग मैच में मोहन बागान सुपर जायंट की हार गौर्स को शीर्ष-दो में पहुंचा सकती है, जिससे उन्हें प्लेऑफ से पीछा छुड़ाकर सीधे सेमीफाइनल में जगह मिल जाएगी। **चेन्नइयन एफसी का लक्ष्य प्लेऑफ के लिए लय :** मरीना मचान्स जीत की फॉर्म के साथ फतोर्दा स्टेडियम में पहुंचेंगे, क्योंकि वे प्रभावशाली प्रदर्शन करके प्लेऑफ की छठी टीम बने हैं। उन्होंने पिछले पांच मैचों में चार जीत हासिल करके लीग के टॉप सिक्स में अपनी स्थिति मजबूत की है। प्लेऑफ करीब है, मरीना मचान्स का लक्ष्य अपनी जीत की लय बरकरार रखना और एफसी गोवा पर दबदबा कायम करना है।



**आईएसएल 2023-24**

### क्या है दांव पर ?

**एफसी गोवा :** गोवा ने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले पांच लीग मैचों में से चार जीते हैं। इनमें से प्रत्येक जीत में उन्होंने क्लीन शीट बरकरार रखी है। उन्होंने मरीना मचान्स के खिलाफ अपने पिछले 13 मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है।

दोनों के बीच आईएसएल में प्रतिद्वंद्विता ऐतिहासिक रही है, जिसमें एफसी गोवा ने चेन्नइयन् एफसी पर 48 गोल किए हैं, जो लीग में किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किसी टीम के सबसे अधिक गोल हैं। वहीं, मरीना मचान्स ने गौर्स पर 39 गोल दागे हैं, जो लीग में एफसी गोवा के खिलाफ किसी टीम के सबसे अधिक गोल हैं। क्या इस महत्वपूर्ण मुकाबले में गोल-वर्षा की देखने को मिलेगी ?

**चेन्नइयन एफसी :** चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले तीन आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में कम से कम दो या अधिक गोल किए हैं। ओवेन कॉयल ने अपनी टीम को बाधाओं पर विजयी होकर प्लेऑफ में पहुंचने के लिए प्रेरित किया है, लेकिन आगामी मुकाबला उनके सामने कड़ी चुनौती होगा।

# मैं अपनी योजना को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हूं : कुलदीप यादव

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच जिताऊ तीन विकेट लेने वाले कुलदीप यादव काफी खुश हैं और उन्होंने अपने प्रदर्शन का श्रेय सहयोगी स्टाफ और फिजियो खासकर पैट्रिक और विवेक की अटूट कड़ी मेहनत को दिया, जिन्होंने उनकी पुनर्वास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुलदीप यादव चोट के कारण कैपिटल्स के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने धमाकेदार वापसी की। कलाई के स्पिनर ने अपनी तीसरी गेंद पर मार्कस स्टोइनिस (8) को आउट किया और उसके बाद एलएसजी के इन-फॉर्म बल्लेबाज निकोलस पूरन को शून्य पर आउट किया। कुलदीप ने न केवल घरेलू टीम की रन गति पर ब्रेक लगाया और भीड़ को शांत किया, बल्कि मेजबान टीम की पारी को भी पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। राहुल 21 गेंदों में 39 रन बनाकर सुंदर बल्लेबाजी कर रहे थे, जब उन्होंने अपने पास से गेंद को कट करने का प्रयास किया और कुलदीप की गेंद पर बैक एज लगा। मैदान पर इसे आउट नहीं दिया गया, लेकिन ऋषभ पंत ने तुरंत इसकी समीक्षा की और राहुल 39 रन बनाकर आउट हो गए। कुलदीप ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन समारोह में कहा कि मैं फिट नहीं था।

